सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 01 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 117, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कच्चे तेल में तेजी से 583 अंक गिरा सेंसेक्स

कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया। } 10

## वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली सीधी ट्रेन जम्मू से कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद पूंछ, राजौरी और उरी जैसे दूरदराज इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने पर ध्यान देने का वादा किया। } 12

## बरगी बांध में पलटा क्रूज, छह की मौत



एजेंसी

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अचानक आई आंधी के कारण करीब 35-40 लोगों को लेकर जा रहा एक क्रूज बरगी नदी में पलट गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अंजुल मिश्रा ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं और 18 को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि 15 से 18 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारी ने बताया कि अचानक आंधी के कारण क्रूज पलटने के समय करीब 35-40 लोग क्रूज पर सवार थे। उन्होंने बताया कि शेष लोगों को बचाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## आईसीएसई व आईएससी परिणाम : लड़कियों ने मारी बाजी

### 10वीं में 99.18 प्रतिशत व 12वीं में 99.13 फीसद परीक्षार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99.18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। छात्राएं दोनों परीक्षाओं में छात्रों से आगे रहीं। आईसीएसई में, 99.46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99.48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए। श्रेणीवार आंकड़ों के अनुसार आईसीएसई में सामान्य श्रेणी के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.26 प्रतिशत रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.24 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 98.07 प्रतिशत और अनुसूचित जाति में 98.76 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, सामान्य श्रेणी के 99.17 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति में 98.77 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति में 98.84 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई में 67 विषयों में जबकि आईएससी में 45 विषयों में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं।

परीक्षा परिणाम सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा परिणाम पर छात्रों और उनके अभिभावकों ने बहुत खुशी जताते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का फल है।

### संक्षेप

## लखनऊ में मिट्टी धंसने से एक मजदूर की मौत

लखनऊ। विभूतिखंड इलाके में एनटीपीसी कार्यालय के सामने गुरुवार सुबह निमार्णाधीन अस्पताल आरोग्यम मेडिकेयर के बेसमेंट में खुदाई के दौरान मिट्टी खिसक गई। मिट्टी में दबने से 35 वर्षीय मजदूर लक्ष्मी शंकर अवस्थी की मौत हो गई जबकि साथी तुलसीराम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार बिना मिट्टी के टीले (दीवार) में बैरीकेडिंग से रुकावट किए खुदाई करा रहा था। घटना की जानकारी पर आला अफसर पहुंचे। दमकल, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मजदूरों को निकाला। एसीएम सचिन वर्मा ने मृतक आश्रित परिवार को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक हादसे में मृत मजदूर लक्ष्मी शंकर बाराबंकी के कीरतपुर के अमौली निवासी था। वहीं, घायल सफदरगंज के भीकम पट्टी गांव के रहने वाले हैं।

## पुलिस चौकी में दरोगा व सिपाही से मारपीट

मिर्जापुर। जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पुलिस चौकी में घुस कर एक दरोगा और सिपाही से मारपीट के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे शहर कोतवाली क्षेत्र में दो ई-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों वाहनों के चालकों तथा उन पर सवार कुछ लोगों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल की पुलिस चौकी लेकर आई तभी उनमें से कुछ दबंग लोगों ने दरोगा मनोज राय और सिपाही कमलेश पासवान से मारपीट की। इस दौरान सिपाही के सिर में कथित तौर पर चोट आई जबकि दरोगा की वर्दी फाड़ दी गई।

# महिला सशक्तीकरण सरकार की प्राथमिकता : योगी

### विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री का सपा पर प्रहार, 33% आरक्षण से बढ़ेगी महिलाओं की निर्णायक भागीदारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष, खासतौर पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन 2029 में ही लागू होना था, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने लोकसभा में इसका विरोध किया। जब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा व परिश्रम से लोहा मनवा रही हैं और बेहतरीन नेतृत्व दे रही हैं, तो आप लोग क्यों बाधक बन रहे हैं? वेलफेयर स्कीम से आगे बढ़कर अब उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नीति-निर्धारण में भागीदारी का अधिकार मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया। प्रस्ताव गिरते ही एक-दूसरे को बधाई दी और नारेबाजी की कि हमने महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने दिया। यह आपका आचरण था, जिससे पूरा सदन और पूरा देश आहत है। इसी श्रृंखला में हम आज इस सदन में चर्चा करने आए हैं।



मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए, ताकि उन कारकों को चिन्हित किया जा सके जो महिला स्वावलंबन और सशक्तीकरण में बाधक हैं। देश के सबसे बड़े विधानमंडल के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए किए गए कार्यों की श्रृंखला का परिणाम है। इसका उद्देश्य महिलाओं को केवल लाभार्थी योजनाओं तक सीमित न रखकर नीति-निर्धारण और कानून-निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में भारतीय संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में यह केवल 11-12 प्रतिशत तक सीमित है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए तो आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल सकेगा और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हो सकेगी। देश प्रधानमंत्री मोदी जी का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विधानमंडल के विशेष सत्र में सड़क से सदन तक हंगामा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले बृहस्पतिवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच महिला आरक्षण के मुद्दे पर टकराव देखने को मिला। समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने विधान भवन परिसर से लेकर सड़कों व सदन तक सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों, विशेषकर महिला सदस्यों ने विपक्ष के खिलाफ जवाबी प्रदर्शन किया।



सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा सदस्य अपनी-अपनी सीट पर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। सपा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कच्चे तेल का भाव 445 रुपये प्रति बैरल बढ़ा

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 445 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड 10,571 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। वहीं, वैश्विक बाजारों में ब्रेंट क्रूड 126 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर विचार करने की रिपोर्ट के बाद से कच्चे तेल के दाम में गिरावट आई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 445 रुपये यानी 4.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 10,571 रुपये प्रति बैरल हो गया। इससे लगातार चौथे सत्र में कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी बनी रही। विश्लेषकों ने कहा कि तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी इन खबरों के बाद आई कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के खिलाफ कार्वाई के विकल्पों पर संभावित जानकारी दी जा सकती है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। वैश्विक स्तर पर, कचचातेल के जून अनुबंध वाले ब्रेंट ऑयल की वायदा कीमत ने लगातार नौवें कारोबारी सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी।

## उत्तराखंड कैबिनेट में कई अहम प्रस्ताव पारित

### परिवहन से लेकर शिक्षा और रोजगार तक कई क्षेत्रों में सुधार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड मंत्रिमंडल बैठक में विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े 18 अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इन फैसलों का प्रभाव आगामी कुंभ 2027 की व्यवस्थाओं के साथ-साथ परिवहन, शिक्षा, उद्योग, वन, राजस्व और रोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ेगा। बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि कुंभ 2027 की तैयारियों को तेज और सुव्यवस्थित बनाने के लिए स्वीकृति प्रक्रिया को सरल किया गया है। अब 1 करोड़ रुपये तक के कार्यों को मेलाधिकारी और 5 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को



गढ़वाल आयुक्त स्तर से मंजूरी मिल सकेगी, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने उत्तराखंड मोटर यान (संशोधन) नियमावली 2026 को हरी झंडी दी है। इसके तहत प्रवर्तन चालकों के लिए पुलिस चालकों के समान वर्दी लागू की जाएगी। साथ ही राज्य में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 250 नई बसों की खरीद को मंजूरी दी गई है। जीएसटी में कमी का लाभ लेते हुए पहले स्वीकृत 100 बसों की संख्या बढ़ाकर 109 कर दी गई है। विधिक प्रणाली को अधिक सशक्त बनाने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 में संशोधन किया गया है। अब जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा, वहीं एसिड अटैक पीड़ितों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने उपखनिज पर रॉयल्टी 7 रुपये से बढ़ाकर 8 रुपये ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत-इटली मजबूत करेंगे रक्षा औद्योगिक ढांचा

### राजनाथ सिंह व इतालवी रक्षामंत्री समकक्ष गुइडो क्रोसेटो ने कई समझौतों पर जतायी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और इटली ने बृहस्पतिवार को सैन्य साजोसामान के सह-उत्पादन के लिए एक रक्षा औद्योगिक ढांचा विकसित करने का संकल्प लिया। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब दोनों देश पश्चिम एशिया संकट सहित एक उभरते सुरक्षा परिदृश्य का सामना कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के बीच नयी दिल्ली में हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय रक्षा और रणनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग से संबंधित द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना (एमसीपी) 2026-



27 का अनावरण किया। सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, हमने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम और इटली की रक्षा सहयोग पहल के तहत पारस्परिक रूप से लाभकारी रक्षा औद्योगिक सहयोग को और प्रगाढ़ करने के तरीकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रक्षा कंपनियों का स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास पर जोर

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने वाले हैं और सरकार ने जिस आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया वह और मजबूत हो रहा है तथा रक्षा क्षेत्र में भारत की निजी संस्थाओं को भी इसी दृष्टिकोण के अनुरूप आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह बात कई रक्षा कंपनियों ने कही।

उन्होंने संचार से संबंधित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों सहित अधिक स्वदेशी प्रणालियां तथा प्रौद्योगिकियां विकसित करने की भी पैरवी की, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- कांग्रेस-सपा जन्मजात महिला विरोधी: सीएम (पृष्ठ-02)
- वाराणसी में बनेगा सोवा रिग्पा का प्रमुख केंद्र (पृष्ठ-02)
- एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत (पृष्ठ-14)
- एनसीएलटी की मंजूरी में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** अब तक खुले 10.32 करोड़ जन-धन खाते, बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने जारी की रिपोर्ट

# जन-धन खातों में 64,000 करोड़ की जमा राशि के साथ शीर्ष पर यूपी

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली। वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खुले खातों और जमा राशि के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है। राज्य में इस साल अप्रैल तक 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं, जो कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बैंक प्रतिनिधि (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) नेटवर्क का संचालन करने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जन-धन खातों में कुल जमा राशि अप्रैल 2026 तक बढ़कर लगभग 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, आठ अप्रैल 2026 तक जन-धन खातों की कुल संख्या बढ़कर 58.06 करोड़ हो गई जो अप्रैल




2025 में 55.28 करोड़ और अप्रैल 2024 में 52.01 करोड़ थी। जमा राशि में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी देखी गई है। अप्रैल 2024 के 2.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर यह अप्रैल 2026 में 3.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत सरकार का एक प्रमुख वित्तीय समावेश कार्यक्रम है। इसके तहत शून्य राशि यानी बिना किसी रकम के बैंक खाते खोले जाते हैं। इसका उद्देश्य हर परिवार को बैंकिंग सेवा से जोड़ना है। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में खोले गए कुल 10.32 करोड़ जन-धन खातों में करीब 64,000 करोड़ रुपये जमा हैं। यह कुल जमा का लगभग 18 प्रतिशत है। उसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का स्थान है, जहां क्रमशः 30,000-30,000 करोड़ रुपये जमा हैं।

अन्य बड़े राज्यों में राजस्थान (24,000 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (22,000 करोड़ रुपये) और मध्य प्रदेश (19,000 करोड़ रुपये) शामिल हैं। कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और गुजरात जैसे राज्यों में भी खातों की सक्रियता में तेजी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जमा में यह बढ़ोतरी बैंक प्रतिनिधि नेटवर्क में तेजी से विस्तार का नतीजा है। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेंटर बैंक का ऐसा सेवा केंद्र होता है जहां बैंक की शाखा न होते हुए भी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके कारण बैंकिंग सेवाओं को गांवों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शाहजहांपुर : सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत

जिला संवाददाता

शाहजहांपुर। जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने बताया कि पहली दुर्घटना में दुल्हन की विदाई के बाद लौट रही एक कार खुटार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहजहांपुर-पलिया मार्ग पर रौतापुर गांव के पास तेज रफ्तार एक टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में तीन महिलाओं और कार चालक की मौत हो गई। परिवार 25 अप्रैल को हुई शादी के बाद दुल्हन की विदाई कराकर लौट रहा था। मृतकों की पहचान कल्पना (25), शैशरी (28), वीना (35) और वाहन चालक निर्देश (29) के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। बृहस्पतिवार सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोर-लेन बाईपास पर तेज रफ्तार एक बोलेरो कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपति और दो बच्चे शामिल हैं। मोटरसाइकिल गलत दिशा में थी कि तभी सामने से आ रहे वाहन से उसकी टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि अरुण (35), दीक्षा (10) और नैतिक (3) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सीमा (32) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# कांग्रेस-सपा जन्मजात महिला विरोधीः सीएम

## मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर बोला तीखा हमला

- सपा शासनकल में महिलाओं की दुर्दशा जगजाहिर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इन दलों को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन रोकने के उनके आचरण की निंदा के लिए यह विशेष सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल जन्मजात महिला-विरोधी हैं। उनकी रग-रग में नारी का अपमान भरा हुआ है। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। हर व्यक्ति जानता है कि सपा सरकार के समय देख सफाई, बिटिया घबराई जैसे स्लोगन बन गए थे। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि जगजाहिर है।

आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर आधी आबादी को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किस नारी गरिमा की बात करते हैं? बदायूं जैसी घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। मैं भौचक्का हूं कि आप अभी भी महिलाओं की बात करते हैं। आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं। कांग्रेस की दुर्गति आप देख ही रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 40 वर्ष से वह लगातार बंजर होती जा रही है। आपने भी उसका अनुसरण कर लिया है, इसलिए आपकी भी यही दशा तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पतन का मुख्य कारण शाहबानो प्रकरण में एक मुस्लिम महिला के साथ किया गया अन्याय और मौलवियों के सामने घुटने टेकने की उसकी मानसिकता थी। तीन तलाक के मुद्दे पर भी आपका महिला-विरोधी चेहरा साफ दिखा, जब प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लाए गए तीन तलाक कानून का आपने पुरजोर विरोध किया। दुनिया के अधिकांश इस्लामिक देश इस प्रथा को मान्यता नहीं देते, लेकिन आप देश को कठमुल्ला व्यवस्था की ओर ले जाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल प्रकरण, स्टेट गेस्ट हाउस कांड, आजम खान, एसटी हसन और अबू आजमी जैसे नेताओं के महिला-विरोधी बयान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि आप जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं, लेकिन महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति आपकी कोई सहानुभूति नहीं है। आप माफिया के सामने नतमस्तक होते हैं, लेकिन नारी गरिमा और न्याय की रक्षा करने में हमेशा विफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नारी गरिमा की बात करते हैं, लेकिन आपके शासनकाल में महिला सुरक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। वर्ष 2014 में बदायूं में दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ हुई अमानवीय घटना, 2016 में बुलंदशहर में सामूहिक बलात्कार, 2013 में चिनहट में 5 वर्षीय बालिका के साथ घटना, सुल्तानपुर बलात्कार व हत्या प्रकरण और हापुड़ में एसिड अटैक जैसी अनेक घटनाएं आपके समय में लगातार होती रहीं। तत्कालीन मंत्री आजम खान ने बुलंदशहर सामूहिक बलात्कार को राजनीतिक साजिश बताया। इन घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार महिला अपराध में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोगों के आचरण को देखकर गिरगिट भी शर्म से पानी-पानी हो जाएगा। संसद में एक रंग और विधानसभा में दूसरा रंग। दिल्ली से लखनऊ पहुंचते ही आप रंग बदल लेते हैं। अनावश्यक मुद्दे उठाकर नैरेटिव बदलने का प्रयास करते रहते हैं, लेकिन पूरा देश आपकी हरकतों को जानता है।

# महिला आरक्षण बिल का विरोध आधी आबादी के अधिकार में बाधाः केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री एवं नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को विधान परिषद में नारी सशक्तिकरण विषय पर अनवरत चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध करना देश और प्रदेश की आधी आबादी के अधिकारों के विरुद्ध खड़ा होना है। यदि यह विधेयक पारित हो गया होता तो वर्ष 2029 से महिलाओं को व्यापक राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता, लेकिन विपक्ष ने इस ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया।

उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र का सम्मान होता है। भारतीय परंपरा और संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उनका अधिकार लौटाना है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नारी की भूमिका को समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी अभियान के अंतर्गत 3 करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो चुका है और अब 6 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मातृशक्ति को उनका पूरा अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने भारतीय इतिहास और परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वह देश है जहां सावित्री ने यमराज से अपने पति को वापस लिया, रानी लक्ष्मीबाई ने अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, तथा माता कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा, यशोदा और देवकी जैसी महान माताओं ने आदर्श चरित्रों को जन्म दिया।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना ऊदा देवी, लोकमाता सावित्रीबाई फुले, महादेवी वर्मा, सुषमा स्वराज और पीवी सिंधु जैसी महान महिलाओं के योगदान को भी याद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# सपा का महिला सशक्तीकरण से नहीं है लेना-देनाः ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में भी सपा पर जमकर हमला किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सदैव ही दलितों और पिछड़ों का शोषण किया है। उनका महिला सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। लोकसभा में हाल में ही कांग्रेस-सपा और उनके सहयोगी दलों की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन को पास न होने देना, उनकी मानसिकता को बताता है। आज की महिला हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। भाजपा सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को विधानसभा में नारी सशक्तीकरण के मुद्दे को लेकर अपना वक्तव्य प्रस्तुत कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण को लेकर तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे सीधे तौर पर महिला शक्ति के उत्थान का कार्य हो रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में बेटियों की सीधी भर्ती की गई। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक अपनी कड़ी मेहनत से झंडा बुलंद किया है।

डिप्टी सीएम ने सदन को पीडीए के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर केवल ढोंग करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। सभी को पक्के मकान दिए हैं। उन्होंने पीडीए का अर्थ बताते हुए कहा कि यह परिक्रमा देत अल्पसंख्यक है। सपा सिर्फ जाति-धर्म के आधार पर समाज को लड़ाने और विद्वेश फैलाने का काम करती है। हम सबका साथ-विकास विकास के मूलमंत्र पर कार्य करते हैं।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष का चेहरा बेनकाब : पंकज चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने देखीं विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को महिला आरक्षण के मुद्दे पर बुलाए गए उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही को राज्यपाल दीर्घा में उपस्थित रहकर देखा। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी ने इस महत्वपूर्ण विषय पर भाजपा की गंभीरता और प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। विधानसभा में महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाले विषय पर चर्चा के बीच भाजपा इसे देश और प्रदेश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।

कार्यवाही के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विपक्ष के रुख पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज सपा के नेता जिस प्रकार अल्पसंख्यक महिलाओं के नाम पर राजनीति कर रहे हैं, उससे उनका वास्तविक चेहरा उजागर हो गया है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब सपा के लोग अल्पसंख्यक महिलाओं की बात कर रहे हैं तो वे स्वयं ही बेनकाब हो गए हैं, क्योंकि देश का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। संविधान की मूल भावना समानता और न्याय पर आधारित है, न कि तुष्टिकरण पर।

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और भागीदारी को सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर आधारित है और इसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को इस बात का डर है कि यदि महिला आरक्षण प्रभावी रूप से लागू हो गया तो उनकी तुष्टिकरण की राजनीति समाप्त हो जाएगी और वास्तविक विकास की राजनीति को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल वर्षों तक महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति करते रहे, लेकिन उन्हें वास्तविक अधिकार देने का साहस नहीं दिखा सके। वहीं भाजपा ने न केवल महिला आरक्षण कानून पारित किया, बल्कि विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य भी किया है। चौधरी ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र और अधिक समावेशी और सशक्त बनेगा। इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और नीतियों में उनकी दृष्टि और अनुभव का समावेश होगा, जो समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे महिला सशक्तिकरण के इस ऐतिहासिक प्रयास का समर्थन करें और एक मजबूत, समावेशी एवं विकसित समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# डबल इंजन सरकार की योजनाओं से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर : मंत्री रजनी तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने गुरुवार को 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 के द्वितीय विशेष सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में महिला सशक्तिकरण पर अनवरत चर्चा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सदन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन के लोकसभा में पारित न हो पाने पर गहरा दुःख और क्षोभ प्रकट किया और कहा कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए राजनीतिक आरक्षण आवश्यक है।



मंत्री तिवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, शौचालय निर्माण तथा आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों से महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है और वे आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनी हैं। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी पहले ही सकारात्मक परिणाम दे रही है और अब समय आ गया है कि संसद एवं विधानसभाओं में भी उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति का मूल आधार है।

# एकेटीयू अपने शिक्षकों को क्वॉन्टम तकनीकी में बनायेगा एक्सपर्ट



- विवि सत्र 2026-27 से बीटेक में क्वॉन्टम तकनीकी में शुरू करने जा रहा माइनर डिग्री प्रोग्राम

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को नई तकनीकी में एक्सपर्ट बनाने की पहल कर रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ ही अन्य जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के तहत कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों को क्वान्टम कम्प्यूटिंग में दक्ष बनाने जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय जानी-मानी कंपनी आईबीएम के साथ मिलकर शिक्षकों को पांच दिवसीय एफडीपी का आयोजन कर रहा है। आइबीएम विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इस नई तकनीकी में प्रशिक्षण देगी।

वर्तमान में क्वॉन्टम तकनीकी काफी तेजी से उभर रही है। इस तकनीकी की वर्तमान और भविष्य में महत्ता को देखते हुए विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 बीटेक में माइनर डिग्री शुरू किया है। छात्रों को क्वॉन्टम तकनीकी में भी दक्ष बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में शिक्षकों को भी इस तकनीकी में जानकार बनाने के लिए 11 से 15 मई तक पांच दिवसीय क्वॉन्टम कम्प्यूटिंग में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है।

डीन यूजी प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने सभी संबद्ध संस्थानों को एफडीपी में शिक्षकों के शामिल होने के लिए पत्र भी जारी किया है। हर संस्थान से कम से कम दो शिक्षकों को एफडीपी में नामित करने को कहा गया है। नॉमिनेशन दो मई तक करना है। एफडीपी आईबीएम के लखनऊ केंद्र पर आयोजित होगी। यह एफडीपी क्वॉन्टम तकनीकी के माइनर डिग्री के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी।

# महिला आरक्षण बिल 2023 को विपक्ष के सभी दलों ने मिलकर पारित कराया था : राजेन्द्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में गुरुवार को नारी वंदन को लेकर आये प्रस्ताव पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र चौधरी ने अपनी असहमति जताते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को जिसने बनाया है उसे संविधान का ज्ञान नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में लिखा है कि इसे नारी वंदन बिल 2023 को एनडीए सरकार ने पारित कराया है जबकि सच्चाई यह है कि इसे संसद ने पारित किया है। इसमें सभी दलों की सर्वसहमति थी। महिला आरक्षण बिल 2023 को विपक्ष के सभी दलों ने मिलकर पारित कराया था। सपा की डॉ. राममनोहर लोहिया से लेकर अखिलेश यादव तक की नर-नारी समानता की नीति है। सपा महिलाओं का सबसे ज्यादा सम्मान करती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम किया लेकिन भाजपा दुष्प्रचार करती है। भाजपा का चरित्र उजागर हो चुका है। समाजवादी आंदोलन में द्रोपदी को आदर्श नारी माना जाता है। द्रोपदी अपने अन्याय के खिलाफ उठ खड़ी हुई। भाजपा सदस्यों की टोका-टोकी पर राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि इन्हें कोई जानकारी नहीं है। ये संविधान को नहीं पढ़ते हैं।

संविधान लागू हुआ था तब बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि संविधान चाहे जितना अच्छा हो लेकिन संविधान लागू करने वाले बुरे होंगे तो संविधान बुरा साबित होगा। अगर संविधान लागू करने वाले अच्छे होंगे तो संविधान अच्छा और हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि 2023 के महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है। यह सभी लोग जानते है लेकिन भाजपा के लोग तानाशाह हिटलर के प्रचारमंत्री गोयबल्स की भूमिका में है। गोयबल्स एक झूठ को बार-बार कहता था उसकी जिम्मेदारी ही झूठ बोलने की थी। भाजपा के लोग उसी तरह से जनता को भ्रमित करने के लिए आज लोकतंत्र में भी झूठ बोल रहे है। जो नारी वंदन संशोधन बिल आया था वह आरक्षण का बिल नहीं परिसीमन बिल था। यह संविधान में संशोधन के लिए परिसीमन बिल था। सपा ने इसका विरोध करके संविधान बचाने का काम किया।

महिला आरक्षण बिल 2023 में ही पास हो गया लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण देकर समानता की ताकत नहीं देना चाहती है। सपा की राय शुरू से आरक्षण के पक्ष में रही है। भाजपा चालाकी कर रही है। भाजपा सपा को लेकर भ्रम फैला रही है। सपा नारी वंदन अधिनियम के पक्ष में रही है। अपना वोट दिया था। आज यहां सदन में जो प्रस्ताव आया है, वह त्रुटिपूर्ण है। भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं के साथ अपराध हो रहा है।

# पीड़ित परिवार से मिलकर अखिलेश ने दी आर्थिक सहायता



- सपा अध्यक्ष ने हरदोई दौरे के दौरान पीड़ित परिवार से मिले
- हत्या कांड की सीबीआई जांच और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को हरदोई की बिलग्राम विधानसभा के ग्राम गढ़ी रसूलपुर जाकर राम रईस कुशवाहा की पुत्री की निर्मम हत्या पर पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। दिवंगत बेटी को श्रद्धांजलि दी और पार्टी की ओर से उन्हें पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता भी दी।

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे आज शिल्पी कुशवाहा के माता-पिता दोनों भाइयों तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मिलने आए है। उन्होंने कहा कि बहुत दुःखद घटना हुई है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इस परिवार के साथ हम सब दुःखी है। इस परिवार का दुःख कम नहीं होगा। जब बेटी की याद आएगी, तो उनको बहुत दुःख होगा। हम सभी इस घटना से दुःखी हैं। भविष्य में कहीं कोई ऐसी घटना न हो, किसी परिवार को ऐसा दुःख सहन न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सपा पीड़ित परिवार की हर संभव कानूनी मदद देने के लिए तैयार है। पार्टी के साथियों ने मिलकर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। पैसा कोई बड़ी चीज नहीं है। इस दुःख में इससे बस कुछ मदद मिलेगी। सपा की सरकार आने पर और मदद की जाएगी। परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी देंगे।

उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में कई बार थाने को बताया गया, बेटी खुद गई, कप्तान को जानकारी दी गई, लेकिन बेटी को न्याय नहीं मिला। दोषी लोगों को और उनके साथ रहे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। दोषी अधिकारियों को नौकरी से टर्मिनेट कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि हत्या कांड की सीबीआई जांच हो, इसके लिए हम पत्र भी लिखेंगे। यही पीड़ित परिवार भी चाहता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार महिलाओं के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन, प्रसूताओं के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा, जनसुनवाई पोर्टल की व्यवस्थाएं थी। भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा राज में महिलाओं-बेटियों के साथ सर्वाधिक घटनाएं हो रही है। एनसीआरबी का डाटा बताता है कि देश में सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ घटनाएं उत्तर प्रदेश में हो रही है, महिला अपराध में उत्तर प्रदेश नम्बर वन है।

सपा प्रतिनिधिमंडल विश्वकर्मा परिवार को जब न्याय दिलाने गाजीपुर गया तो वहां के वर्चस्ववादी और ताकतवर लोग पत्थर लेकर निकल पड़े, दंगा फैलाया। इस बारे में पूरा पुलिस-प्रशासन जानता है। प्रतापगढ़ और फतेहपुर में भी ऐसी घटनाएं हुई। इन घटनाओं में न्याय की बात अधूरी है। पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठें मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

# सीएम के निर्देश पर फील्ड में अफसरों ने किसानों को वितरित की राहत राशि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने खराब मौसम, आंधी, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रशासन को फील्ड में सक्रिय रहते हुए त्वरित आकलन और सहायता वितरण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी प्रभावित किसान सहायता से वंचित न रह जाए।

इस साल 2026-27 में अग्निकांड की घटनाओं से बाराबंकी, बलिया, बांदा, महराजगंज, मथुरा, पीलीभीत, रामपुर और सोनभद्र सहित 8 जनपदों में कुल 111.134 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष 668 प्रभावित किसानों में से 51 किसानों को अब तक 1,81,963 रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं ओलावृष्टि से मथुरा, जालौन, हरदोई, बुलंदशहर, औरैया, संभल, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, कन्नौज, ललितपुर, सहारनपुर और उन्नाव सहित 13 जनपदों में 38,369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। इस आपदा से प्रभावित 1,07,104 किसानों में से 23,983 किसानों को 14,92,60,448 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण कानपुर देहात, शाहजहांपुर, रामपुर, जालौन, बुलंदशहर, गोंडा, मथुरा, पीलीभीत और सहारनपुर सहित 9 जनपदों में 1,358.678 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है।

यहां 3,920 प्रभावित किसानों में से 1,849 किसानों को 1,09,87,132 रुपये की राहत राशि वितरित की गई है। राज्य सरकार की ओर से फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और शेष प्रभावित किसानों को भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

# वाराणसी में बनेगा सोवा रिग्पा का प्रमुख केंद्र

- जटिल बीमारियों का हो सकेगा इलाज
- 2500 साल पुरानी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को नयी पहचान देगी सरकार
- आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी संग अमची चिकित्सा को भी मिलेगा स्थान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने और वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के आयुष कॉलेजों में 2500 वर्ष पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली ह्यसोवा रिग्पाह्न (अमची चिकित्सा) और सिद्ध पद्धति की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे न सिर्फ पारंपरिक चिकित्सा को नई पहचान मिलेगी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा भी व्यापक होगा।

सरकार का लक्ष्य है कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के साथ-साथ सोवा रिग्पा पद्धति को भी मुख्यधारा में लाया जाए। यह पहल खासतौर पर उन बीमारियों के इलाज में कारगर साबित होगी, जिनमें आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ पूरक उपचार की जरूरत होती है, जैसे कैंसर, जोड़ों का दर्द, मानसिक रोग और दीर्घकालिक बीमारियां आदि। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि सोवा रिग्पा और सिद्ध पद्धति के डिग्री कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इन कोर्सों के लिए जरूरी मानकों, पाठ्यक्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा रहा है।

योगी सरकार ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है और जल्द ही प्रदेश के चयनित आयुष कॉलेजों में इनकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इन कोर्सों की शुरूआत के साथ ही डिग्री लेने वाले चिकित्सकों का पंजीकरण भी किया जाएगा, जिससे वे अधिकृत रूप से अपने उपचार केंद्र खोल सकेंगे। इससे प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा और मरीजों को वैकल्पिक उपचार के अधिक विकल्प मिलेंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि वाराणसी में सोवा रिग्पा का एक प्रमुख केंद्र विकसित किया जाएगा। यह केंद्र शोध, प्रशिक्षण और उपचार का हब बनेगा, जहां जटिल बीमारियों के इलाज पर विशेष फोकस रहेगा।

वाराणसी को इस परियोजना के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि यह पहले से ही आयुर्वेद और आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र रहा है। सोवा रिग्पा और सिद्ध पद्धति के कोर्स शुरू होने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रशिक्षित चिकित्सक अपने क्लीनिक खोल सकेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा सकेंगे। इसके अलावा, इन पद्धतियों पर शोध को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे इनके वैज्ञानिक आधार को और मजबूत किया जा सकेगा।

सोवा रिग्पा हिमालयी क्षेत्रों में प्रचलित एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसकी उत्पत्ति तिब्बत में मानी जाती है। यह पद्धति शरीर, मन और पर्यावरण के संतुलन पर आधारित है। इसमें जड़ी-बूटियों, खनिजों और प्राकृतिक तत्वों का उपयोग कर रोगों का उपचार किया जाता है। यह प्रणाली विशेष रूप से गठिया, पाचन विकार, मानसिक तनाव, त्वचा रोग और कैंसर जैसी बीमारियों के उपचार में उपयोगी मानी जाती है। सिद्ध चिकित्सा प्रणाली मुख्य रूप से दक्षिण भारत में प्रचलित है और इसे भी आयुष ढांचे में मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सिद्ध पद्धति शरीर के तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर आधारित है। इसमें औषधियों के साथ-साथ जीवनशैली और आहार पर विशेष जोर दिया जाता है।

संक्षेप

## सिद्धार्थनगर में 3 नायब तहसीलदारों का तबादला

सिद्धार्थनगर। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए तीन नायब तहसीलदारों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया। माधुर्य यादव को बांसी से सीलिंग कार्यालय, विष्णु प्रसाद सिंह को डुमरियागंज से इटवा और राघवेन्द्र कुमार पांडेय को इटवा से डुमरियागंज भेजा गया है। प्रशासन के अनुसार, यह कदम राजस्व मामलों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, पारदर्शिता और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## कार्यकर्ताओं से आज मुलाकात करेंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को निर्वाचन क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वह दिन में ढ़ाई बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। इसके बाद विधायक मोना यहां पार्टी कार्यकताओं के साथ संगठनात्मक बैठक में शामिल होंगी। वह दिन में बारह बजे क्षेत्र के हरिहरपुर, चकिया, बहादुरपुर, पूरे शंकर, पूरे हृदय आदि स्थानों पर लोगों से मुलाकात भी करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## डेढ़ दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने रंजिशन मारपीट व तोडफोड की घटना में डेढ़ दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के खानीपुर सूरजपुर निवासी धर्मदीप सिंह की पत्नी ममता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस अप्रैल को विपक्षी गांव के श्रवण पुत्र रग्घू सरोज, रोहित पुत्र संजय, जितेन्द्र पुत्र शर्जन तथा सुजीत पुत्र अज्ञात व सूरज पुत्र रामचंद्र एवं दिलीप पुत्र अज्ञात तथा दस अन्य अज्ञात आरोपियों ने घर पर आकर गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसके देवर राजदीप पुत्र धर्मराज सिंह, विनोद सिंह पुत्र हरिश्चंद्र, ओमप्रकाश पुत्र जगन्नाथ पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा पीड़िता के घर मे लगे बिजली के तार केबिल व खम्भा व मोबाइल फोन को नुकसान पहुंचाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने श्रवण समेत डेढ़ दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मादामई पठान का पुरवा गांव निवासी मो0 युनुस पुत्र जब्बार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस अप्रैल को दिन में तीन बजे वह अपने भाई मो0 लल्लन के घर गया था। इसी बीच गांव के आरोपी रौफ व बुद्धू पुत्रगण घिसन्न तथा दो महिलाओं ने गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। बीचबचाव के लिए उसका भाई दौड़ा तो उसे भी मारपीट कर आरोपियों द्वारा घायल कर दिया गया। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा जानलेवा धमकी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रौफ समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पत्नी के जेवर बेचकर किसान ने दी रिश्वत

## नायब तहसीलदार पर कार्रवाई की संस्तुति



सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील के खेसरहा क्षेत्र में वरासत प्रकरण के निस्तारण के नाम पर रिश्वतखोरी का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम टीकुर निवासी एक किसान ने आरोप लगाया है कि उससे कुल 30 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई, जिसके लिए उसे मजबूरी में अपनी पत्नी के जेवर और घर का गेहूं तक बेचना पड़ा। पीड़ित के अनुसार, राशि तीन किस्तों में एक कथित मुंशी के माध्यम से ली गई, लेकिन इसके बावजूद उसका काम लंबित रखा गया और बाद में 15 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग भी की गई। शिकायत के बाद किसान ने लेन-देन से जुड़े साक्ष्य प्रशासन को सौंपे। मामले की जांच उपजिलाधिकारी इटवा को सौंपी गई, जिसमें कॉल डिटेल्स और बयानों के आधार पर लेन-देन की पुष्टि हुई। जांच में यह भी सामने आया कि प्रकरण में कथित मुंशी की भूमिका संदिग्ध और अनधिकृत थी। जांच रिपोर्ट में नायब तहसीलदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। जिलाधिकारी ने पुष्टि करते हुए कहा कि रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## नौगढ़ में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज व छात्रावास का निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर डीएम सख्त



सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नौगढ़ स्थित निमार्णाधीन नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सीएनडीएस ने बताया कि छात्रावास की क्षमता 140 विद्यार्थियों की है तथा परिसर में 4 लेक्चर हॉल भी बनाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की तकनीकी जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चरित्र निर्माण के बूते युवा लोकतंत्र की मजबूती में दें योगदान : प्रो. ओझा




प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को सहभागी लोकतंत्र-चुनौतियां एवं सम्भावनाएं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा एवं समाजसेवी चंद्रशेखर प्राण ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ0 संदीप कुमार मिश्र ने विषय का प्रतिपादन रखा। राजनीति शास्त्र के प्रो0 अमित सिंह ने कार्यशाला के उददेश्य पर प्रकाश डाला। छात्रा अनुष्का के मनमोहक सरस्वती वंदना व प्रभात तिवारी के स्वागत गान पर अतिथि मंत्रमुग्ध दिखे। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने कहा कि देश के परिपक्व लोकतंत्र में हमें हर संभावनाओं व चुनौतियों से सावधान रहना होगा। प्रो0 ओझा ने भारतीय लोकतंत्र की खूबियों का वर्णन करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सशक्त सहभागिता का आहवान किया। विशिष्ट वक्ता डॉ0 गंगाधर ने मूल कर्तव्य व मूल अधिकार की विशद व्याख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने किया। संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 आशुतोष शुक्ल, डॉ0 दुर्गेशचंद्र, डॉ0 अनीता त्रिपाठी, डॉ0 रोहिणी त्रिपाठी, मनोज पाल, अजय मिश्र, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, डॉ0 रविकांत कौशल, संतोष प्रजापति आदि रहे।

## श्रावस्ती पुलिस लाइन में एएसपी मुकेश उत्तम को भावभीनी विदाई



श्रावस्ती । पुलिस लाइन श्रावस्ती के सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने की। इस अवसर पर नवागत अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह, क्षेत्राधिकारी, शाखा प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने श्री मुकेश चंद्र उत्तम के कार्यों की सराहना की। अपने कार्यकाल में उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। कई अभियानों और अपराध नियंत्रण में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। समारोह में उन्हें स्मृति चिन्ह और फूल माला पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंत में श्री मुकेश चंद्र उत्तम ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनपदवासियों का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## हीटवेव और डूबने से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान शुरू



श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर जनपद में हीटवेव और डूबने से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आपदा मित्र स्कूलों और गांवों में जाकर लोगों और बच्चों को पंपलेट के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालयों में गर्मी से बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका और नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने और पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं, सिंचाई विभाग और पंचायत विभाग को तालाबों में पानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने आम लोगों से अपील की है कि तेज धूप से बचें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें, नियमित रूप से पानी पीते रहें और दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। साथ ही बच्चों और जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सावधानी और जागरूकता से हीटवेव जैसी आपदा से बचा जा सकता है, इसलिए सभी लोग खुद भी सावधानी बरतें और दूसरों को भी जागरूक करें।

## युवक की मौत, चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के धरनिहवा-कुल्हुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल संदीप यादव की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने शव को लोटन चौराहे पर रखकर प्रदर्शन किया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा और लंबा जाम लग गया। 24 अप्रैल को हुई घटना में संदीप गंभीर रूप से घायल हुए थे। मौत की सूचना पर आक्रोशित भीड़ ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समझाने के बाद जाम समाप्त कराया गया। मामले में लापरवाही के आरोप में लोटन थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है। परिजनों के मानने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष से गूंज उठा पंडाल

## श्रीमद्भागवत कथा का सातवां में भव्य झांकी के साथ हुआ ऐतिहासिक समापन






पटखौली श्रावस्ती। ग्राम पटखौली खुर्द में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का सातवां एवं अंतिम दिन अत्यंत भव्य, अलौकिक और भावुक वातावरण में सम्पन्न हुआ। सप्ताह भर चले इस धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रही और पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास से सराबोर नजर आया। अंतिम दिवस पर कथा वाचिका पूज्या साध्वी आचार्या दिव्या रामायणी मथुरा वृंदावन धाम ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े उद्धव-गोपी संवाद, सुदामा चरित्र एवं अंतिम उपदेशों का अत्यंत मार्मिक, हृदयस्पर्शी और प्रेरणादायक वर्णन किया। उनकी ओजस्वी वाणी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष से गूंज उठा। समापन अवसर की विशेष आकर्षण भव्य झांकी रही, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं–कंस वध, कालिया नाग दमन, गोवर्धन धारण एवं रासलीला–का सजीव एवं आकर्षक चित्रण प्रस्तुत किया गया। सुसज्जित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और गांव का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तुलसीपुर प्रवीण सिंह, शुभम सिंह (जिला पंचायत प्रत्याशी, बलरामपुर), राजेश कुमार पाण्डेय (पत्रकार) तथा सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में धार्मिक जागरूकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला बताया। समापन के अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति सम्पन्न कराई गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण करेंगे आयोजन प्रमुख मुन्ना सिंह परिहार एसपी सिंह, राजेश सिंह, राकेश, सिंह, राहुल सिंह, आदर्श सिंह, सचिन सिंह, अंश सिंह छोटू सिंह –ग्राम क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं–का विशेष योगदान रहा। सभी के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजकों ने कथा वाचिका, अतिथियों एवं सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस वर्ष आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण हेतु पौधों का वितरण तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जोर देंगे।

## सेवानिवृत्त वरिष्ठ केंद्र प्रभारी को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई



प्रतापगढ़। स्थानीय रोडवेज परिवहन निगम डिपो परिसर में गुरूवार को सेवानिवृत्त वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी सुनील कुमार सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। निगम के कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथी को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्रारम्भ में बसन्त कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यशाला प्रभारी कमलेश कुमार यादव मुख्य अतिथि व वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजाराम सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता डिपो प्रभारी अविनाशचंद्र पाण्डेय व संचालन कनिष्ठ सहायक प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। सेवानिवृत्त वरिष्ठ केंद्र प्रभारी सुनील सिंह ने अपने कार्यकाल में स्थानीय लोगों व डिपो कर्मचारियों के सहयोग के प्रति आभार जताया। वक्ताओं ने सुनील सिंह की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना भी की। संयोजन कर्मचारी संघ के कोषाध्यक्ष मो0 आसिफ खान ने किया। आभार प्रदर्शन अखिलेश सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर राजकुमार सिंह, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, चिंतामणि त्रिपाठी, रवि मिश्रा, सुमन देवी, अरविंद पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, सुनील दुबे, मो0 हनीफ, प्रदीप सिंह, लाल बहादुर यादव, मो0 अजहर, संदीप तिवारी, मनोज सिंह, राजभान तिवारी आदि रहे।

# स्मार्ट मीटर व अघोषित कटौती को लेकर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़।** स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी से नाराज कांग्रेसियों ने गुरूवार को यहां भारी विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के निर्देश पर जुटे कांग्रेसियों ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की व्यवस्था वापस लिये जाने की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी तथा सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में कैम्प कार्यालय से भारी तादात में कांग्रेसियो का जत्था स्मार्ट मीटर के जरिए अवैध वसूली तथा अघोषित बिजली कटौती के विरोध में नारेबाजी करते रायबरेली प्रतापगढ़ नेशनल हाइवे के इन्दिरा चौक पर पहुंचा। यहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को माल्यार्पण करने के बाद कांग्रेसियों ने पार्क में धरना देकर स्मार्ट मीटर के जरिए बिलों में अनियमित उछाल को लेकर जमकर आक्रोश जताया। यहां प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना से उपभोक्ताओं की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व कमजोर तबके के उपभोक्ताओं को भी सरकार जबरिया स्मार्ट मीटर थोप रही है। सभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। जोरदार हुए विरोध प्रदर्शन का संयोजन ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। सभा में पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, अशोकधर द्विवेदी, रविभूषण सिन्हा, आरपी वर्मा, मासूम हैदर ने भी स्मार्ट मीटर के जरिए बिलों में अचानक बढ़ोत्तरी पर जमकर आक्रोश जताया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों का जत्था चौक से कालाकांकर रोड होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। यहां सभागार पोर्टिको मे प्रदर्शनकारियों का तेवर देखकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा पहुंचे। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को शान्त कराते हुए ज्ञापन शासन को भेजे जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सिंटू मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, फूलचंद्र पाण्डेय, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, देशराज यादव, कमलेश मिश्र, संजय पाल, चंदन पाण्डेय, श्रीराम पटेल, प्रीतेन्द्र ओझा, शैलेन्द्र चौबे, अर्जुन जायसवाल, पन्नेलाल पाल, जावेद खान, शबनम बानो, मो0 इसरार, मो0 मोकीम, श्रवण कुमार, मुरलीधर तिवारी, रवि सिंह आदि रहे।

## मानव तस्करी से बचायी गयीं दो लड़कियां

श्रावस्ती। जिले में भारत-नेपाल सीमा के निकट पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और एक गैर-सरकारी संगठन के संयुक्त अभियान में नेपाल की दो नाबालिग लड़कियों को बचा लिया गया। दोनों लड़कियों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के माध्यम से बुधवार को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, गैर-सरकारी संगठन देहात इंडिया के प्रतिनिधि मोहम्मद यूसुफ से मिली सूचना के आधार पर 28 अप्रैल को अभियान चलाया गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी निरोधक (एएचटी) इकाई ने स्थानीय पुलिस, एसएसबी कर्मियों और एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ सिरसिया थाना क्षेत्र के सुईया इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया, जहां भारत-नेपाल सीमा के पास संदिग्ध परिस्थिति में दो नाबालिग लड़कियां मिलीं। बयान के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पता चला कि एक लड़की नेपाल के बर्दिया जिले और दूसरी कैलाली जिले की निवासी है। बयान में बताया गया कि महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में दोनों लड़कियों को सुरक्षित निकालकर वन स्टॉप सेंटर लाया गया।

## संग्रामगढ़ में एलएलबी कोर्स की मिली मान्यता, खुशी

प्रतापगढ़। कानून की पढ़ाई के लिए मेधावियों को संग्रामगढ़ स्थित पं0 सरयू प्रसाद तिवारी कालेज ऑफ लॉ में एलएलबी के पठन पाठन की सुविधा मुहैया हुई है। गुरूवार को इसकी जानकारी होने पर कालेज परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के विशेष प्रयास से लॉ कालेज में बार काउन्सिल आफ इण्डिया ने इन्द्रा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स के प्रस्ताव पर कालेज को त्रिवर्षीय एलएलबी पाठयक्रम की मान्यता प्रदान की है। सरयू इन्द्रा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रवीन सागर शुक्ल ने बताया कि इसी सत्र 2026-27 से प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संग्रामगढ़ के लॉ कालेज में विधि स्नातक की कक्षाओं का संचालन शुरू होगा। वहीं एलएलबी की मान्यता को लेकर कालेज परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। भारतीय विधिज्ञ परिषद के सहायक सचिव नलिन राज चतुर्वेदी ने बारह अप्रैल को जारी अधिसूचना में लॉ कालेज में कक्षाओं के संचालन किये जाने के निर्देश दिये हैं। एलएलबी कक्षाओं के शीघ्र संचालन को लेकर पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी, जिपंस रघुनाथ सरोज, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद तिवारी आदि ने विधायक आराधना मिश्रा मोना व सांसद प्रमोद तिवारी के इस प्रयास को विधिक शिक्षा के क्षेत्र में उच्चस्तरीय उपलब्धि कहा है।

# 8 मई को श्रावस्ती में संध्या संवाद

## आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल करेंगी समीक्षा

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जानकारी दी है कि देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल 8 मई (शुक्रवार) को जनपद श्रावस्ती में संध्या संवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इस दौरान दिनभर विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान, विकास कार्यों का निरीक्षण और योजनाओं के लाभ का वितरण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई आयोजित होगी, जिसमें नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं पेंशनरों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निमार्णाधीन एवं पूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच और प्रगति का स्थलीय सत्यापन किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे से 7 बजे तक चयनित ग्राम पंचायत में ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व के तहत ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में विशेष शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा तथा मौके पर ही प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ मौके पर उपस्थित रहें। यह कार्यक्रम शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# एसएसपी ने सुनीं 14 शिकायतें



**सिद्धार्थनगर** । सिद्धार्थनगर में बीते दिवस को डॉ. अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की गई। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्राप्त शिकायतों में 4 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जबकि 3 शिकायतें मारपीट से जुड़ी थीं। इसके अलावा 7 अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं भी सामने आईं। एसएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के इस आयोजन से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा मिला है।

## बेटे को यमुना नदी में फेंककर खुद भी लगायी छलांग, बच्चे की मौत

फिरोजाबाद । वसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में पत्नी से हुए विवाद से नाराज एक व्यक्ति ने अपने चार साल के बेटे को यमुना नदी में फेंक दिया और उसके बाद खुद भी छलांग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, वसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी त्रिलोकी नामक व्यक्ति ने बुधवार की शाम अपनी पत्नी से हुए विवाद के बाद शंकरपुर घाट पहुंचकर पहले अपने चार साल के बेटे आनंद को यमुना में फेंक दिया और उसके बाद खुद भी छलांग लगा दी। खेतों में काम कर रहे लोगों ने इस दृश्य को देखा तो शोर मच गया।

## 5 पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने दी भावभीनी विदाई, सेवाओं को सराहा



सिद्धार्थनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त हुए 5 पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी। अपने पूरे सेवाकाल में इन कर्मियों ने निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन किया। विदाई समारोह के दौरान एसएसपी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों से संवाद कर उनके अनुभव सुने और उन्हें माला, शॉल व धार्मिक ग्रंथ भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली और हर स्थिति में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर जंग बहादुर यादव, आलोक राय, अविनाश चन्द्र, पाटेश्वरी प्रसाद और रामसूरत यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# गांव से हटाने की मांग पर तोड़फोड़

भरथना, इटावा ! कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समसपुर में शराबियों के उपद्रव से परेशान महिलाओं ने गांव के बीच संचालित देशी शराब के ठेके पर धावा बोलकर शराब की बोतलें सड़क पर फेंक दीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। महिलाएं गांव के बीच से ठेका हटाने की मांग पर अड़ी थी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे फ्लैट नं.- 301 गोल्फ लिंक अपार्टमेंट, 98 पार्क रोड, लखनऊ की रजिस्ट्री एवं सेलडीड के पेपर वास्तव में कहीं खो गये हैं। दीपमाला सिंह पत्नी अजीत सिंह सोलांकी नि.- 301 गोल्फ लिंक अपार्टमेंट, 98 पार्क रोड, लखनऊ। FIR No. 20260000388480

**सूचना**

सूचित हो कि शपथी का सही नाम मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SHAKEEL) है, तथा उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड पर भी उसका सही नाम अंकित है। शपथी के पासपोर्ट में त्रुटिवश (MOHAMMAD SHAKIL) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। शपथी के पासपोर्ट में उसका सही नाम मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SHAKEEL) दर्ज किया जाये। उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद शकील पुत्र शरीफ निवासी-हरदोई रोड, प्रगति आश्रम के पीछे चौक, लखनऊ, उ.प्र.**

# किसान की बेटी का सपना डाक्टर बनकर समाज सेवा करना



चरगांवा, गोरखपुर। लिटिल फ्लावर स्कूल राप्तीनगर चरगांवा की आई सी एस ई की 10 वीं की छात्रा गरिमा यादव 97.4 फीसद अंक परीक्षा में लाकर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। गरिमा के पिता किसान है, जबकि माता गृहणी है। पादरी बाजार के पवनपुरम के रहने वाले गिरधारी यादव के बेटी गरिमा शुरू से पढ़ने में मेधावी व प्रतिभाशाली रही है। पढाई में चाचा सुधीर यादव का सहयोग रहता है जिससे पढाई बाधित नहीं हुआ। गरिमा का सपना है डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना। गरिमा के दोनों भाई सौरव व गौरव एन आईटी भोपाल व गुवाहाटी से पढाई कर रहे हैं।

# नारी शक्ति का अपमान अब नहीं सहेगा हिन्दुस्तान




गगहा, गोरखपुर। गगहा मण्डल के हाटा बाजार में गुरूवार को आयोजित जन आक्रोश महिला पदयात्रा में भारी संख्या में मातृशक्ति, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लेकर ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न के समर्थन में एकजुटता का परिचय दिया। पदयात्रा के दौरान महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के समर्थन में जोरदार नारों के साथ पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि देश की नारी आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों एवं इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा महिलाओं के प्रति की जा रही अमर्यादित और आपत्तिजनक बयानबाजी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी मानसिकता के खिलाफ अब देश की महिलाएं चुप बैठने वाली नहीं हैं। नारी सम्मान के मुद्दे पर अब सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष और आवाज दोनों और अधिक मजबूत होगी।

पदयात्रा के दौरान ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न को महिलाओं के राजनीतिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक अधिकारों को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक कदम बताते हुए केंद्र सरकार के इस निर्णय की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता देने की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं, जिससे देश की आधी आबादी को नई पहचान और नया आत्मविश्वास मिला है। यह पदयात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वाभिमान, आत्मसम्मान और अधिकारों की रक्षा का एक सशक्त संकल्प थी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि अब किसी भी प्रकार का अपमान, अन्याय या अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नारी शक्ति जाग चुकी है और अब हर अपमान का लोकतांत्रिक एवं मजबूती से जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विभ्राट चन्द कौशिक, जिला उपाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष गगहा अजीत कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख गगहा एवं प्रमुख संघ अध्यक्ष गोरखपुर शिवा जी चन्द, श्री संतोष चंद, श्री पंकज सिंह, सुरेंद्र सिंह, निरंकार साहनी, जनार्दन मौर्य, लाला गौर, शैलेंद्र द्विवेदी, आनंद जायसवाल, बसंती देवी, माया देवी, कौशल दुबे, अमन जी, श्रीमती सरोज सिंह (मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा) सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# संयुक्त प्रेस क्लब इटावा की कार्यकारिणी हुई घोषित




इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा (उत्तर प्रदेश) के जिला कार्यकारिणी की बैठक संस्था के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान ब्रिटिश इंस्टीट्यूट के सभाकक्ष में हुई जिसमें जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में पत्रकारों की मांगों और समस्याओं के समाधान के प्रति शासन एवं प्रशासन की उदासीनता को लेकर गंभीर चिंता भी जताई गई। बैठक में नव गठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का सबसे पहले माल्यार्पण से स्वागत कर बधाई दी गई। नव गठित कार्यकारिणी में गणेश ज्ञानार्थी, रणवीर सिंह भदौरिया, धर्मलाल चतुर्वेदी व राजेन्द्र यादव संरक्षक, राजेन्द्र भसीन अध्यक्ष, सुधीर मिश्र महामंत्री, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष अन्नू चैरसिया, संजय कुमार सिंह चैहान, मसूद तैमूरी, ओमरतन कश्यप उपाध्यक्ष, अतुल गुप्ता कोषाध्यक्ष, रघुवीर सिंह यादव, कमल मिश्रा संगठन मंत्री, नितेश प्रताप सिंह प्रचार मंत्री के अलावा संजीव शर्मा, राहुल तिवारी, मुनव्वर अली ष्अर्शी फोटोग्राफरष,वहाज अली ष्निहालष सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा शाकिर अली को भरथना तथा संजीव राजपूत को इकदिल नगर का अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में आगामी तीस मई हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक गणेश ज्ञानार्थी ने समस्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए इस बात पर गंभीर चिंता भी व्यक्त की कि सारे समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ठीक ठीक रखने की चिंता करने वाले पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के प्रति शासन और प्रशासन की संवेदनहीनता बहुत गंभीर और चिंतित करने वाली है। संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन ने कहा कि समस्त पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल गत 25 फरवरी को आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में आए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, 19 मार्च को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को जिलाधिकारी कार्यालय, 27 मार्च को सदर विधायक सरिता भदौरिया को उनके आवास तथ 14 अप्रैल को सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे को उनके आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपे थे।

# बहादुर बिटिया को परशुराम सेवा समिति ने किया सम्मानित



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला में विगत दिनों हुए सर्राफ लूटकांड में जिस बहादुरी से अमृता वर्मा ने लड़ाई लड़ी। उसके उस वीरता एवं साहस को लेकर श्री परशुराम सेवा समिति ने उसे स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व नगद पुरस्कार देकर रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही अन्य संगठनों ने बिटिया की बहादुरी को लेकर सम्मानित किया है। गुरूवार को श्री परशुराम सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बहादुर बिटिया अमृता वर्मा पुत्री राकेश वर्मा के उपनगर गोला स्थित आवास पर पहुंचा। जहां समिति की तरफ से पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ विजयानंद तिवारी व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल तिवारी तथा परशुराम सेवा समिति के प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार त्रिपाठी व युवा नेता साहिल विक्रम तिवारी ने बिटिया की बहादुरी को लेकर रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार के रूप में नारी शक्ति एवं वीरता की प्रतीक रानी लक्ष्मीबाई का चित्र, प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर उसे भविष्य की शुभकामनाएं दी। परशुराम सेवा समिति के संरक्षक शार्दूल विक्रम तिवारी ने बिटिया के शौर्य, वीरता व साहस को सलाम किया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश सचिव युवा नेता साहिल विक्रम तिवारी व भाजपा नेता श्री नवनीत राय ने बिटिया के अदम्य साहस और वीरता पर तारीफ करते हुए कहा कि समाज के लोगों को इस बिटिया से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर पत्रकार घनश्याम कसौधन, सुशील तिवारी, रणजीत तिवारी भोले बाबा, युवा नेता गौतम वर्मा, रविन्द्र पाण्डेय व राकेश वर्मा आदि लोगो की उपस्थिति रही। वीएसएवी इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा अमृता वर्मा को कॉलेज के प्रबंधक व पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ विजयानंद तिवारी व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल तिवारी ने भी सम्मानित किया।

## व्यापार मंडल ने बहादुर बिटिया एवं गोला पुलिस को किया सम्मानित

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला में दिनदहाड़े हुए सर्राफ लूटकांड के बाद व्यापार मंडल ने पुलिस को जल्द से जल्द घटना के खुलासे का अल्टीमेटम दिया था। थानाध्यक्ष गोला राकेश रोशन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 48 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ में घटना में शामिल दोनो बदमाशों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया था। घटना के खुलासे को लेकर नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यशैली की सराहना की। साथ ही व्यापार मंडल ने बहादुर बिटिया अमृता कोभी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कमलेश जायसवाल, राजकुमार प्रजापति, गौतम वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# अधीक्षण अभियंता विद्युत स्मार्ट मीटर की शिकायतों को सुनने पहुंचे मोहल्ला कोठी कैस्त



जसवंतनगर, इटावा। बीते दिन पिछले कई दिनों से स्मार्ट मीटर को लेकर आक्रोशित चल रही नगर की महिलाओं ने बिजली घर पहुंच कर अपना विरोध प्रदर्शन किया था। नगर के विभिन्न मोहल्लओ से विरोध जताने पहुंची आक्रोशित महिलाओं ने अपने-अपने शिकायती प्रार्थना पत्र बिजली विभाग को दिए थे। मोहल्ला कोठी कैस्त की महिला श्याम किशोरी की अगवाई में कॉलोनी की समस्त महिलाओं ने भी एक संयुक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसको सुनने और समस्या के निदान के लिए बुधवार शाम को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव, अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार, एसडीओ जसवंतनगर आनंदपाल और जेई कौशल पाण्डेय अपनी टीम के साथ नगर के मोव कोठी कैस्त पहुंचे ।यहां बड़ी संख्या में महिला उपभोक्ताओं सहित अन्य लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं ।लेकिन मौके पर किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका ।अंत में अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव ने बताया कि समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार तीन दिनों तक कैंप आयोजित किया जाएगा। जब तक सभी उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक कैंप जारी रहेगा ।पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कैंप केवल एक मोहल्ले तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे नगर में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समस्या पूरे जसवंतनगर की है, इसलिए नगर के विभिन्न मोहल्लों में कुल 22 कैंप आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। आश्वासन दिया गया कि जब तक आपकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाएगा तब तक इस प्रकार के कैम्प लगातार लगते रहेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसिनाखास विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मसिनाखास विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 07.05.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मसिनाखास के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 07.05.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मसिनाखास के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मसिनाखास कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मसिनाखास के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आयशा खातून, प्रधान, ग्राम पंचायत मसिनाखास, सिद्धार्थनगर।
श्री अनुपम पांडेय, सचिव, ग्राम पंचायत मसिनाखास, सिद्धार्थनगर।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में 125 छात्राओं ने प्रतिभाग किया



उन्नाव। श्याम कुमारी सेठ बाल निकुंज नेहरू बालिका इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, उन्नाव में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 125 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा, सहायक सेवायोजन अधिकारी आस्था सिन्हा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के प्रवक्ता अनुपम सिंह, कौशल विकास मिशन से सुजीत ठाकुर, तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा कनौजिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सहायक सेवायोजन अधिकारी द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि प्रत्येक छात्रा को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करियर का चयन करना चाहिए तथा उसी दिशा में अपनी तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि छात्राएं बैंकिंग, विधि (कानून), चिकित्सा (मेडिकल), तथा अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपने लिए बेहतर अवसर चुन सकती हैं। इस अवसर पर जिला प्रबंधक, उत्तर प्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग सुजीत सिंह द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विस्तृत परिचय दिया गया तथा छात्राओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को यह भी अवगत कराया गया कि मुख्य परीक्षाओं के लिए विषयों का चयन कैसे करें तथा उनकी तैयारी के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत उपयोगी होता है। साथ ही यह भी बताया गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राएं सिविल सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकती हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं स्काउट भवन (डायट), जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उन्नाव स्थित अभ्युदय केंद्र पर जाकर निःशुल्क कोचिंग हेतु पंजीकरण कर सकती हैं तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं। अंत में, अधिक जानकारी हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, उन्नाव से संपर्क करने की अपील की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवायोजन कार्यालय के रमेश कुमार कुरील एवं श्रीकांत का विशेष योगदान रहा।

# ट्रक से गिरी लकड़ी से कार क्षतिग्रस्त, युवक की मौत

फतेहपुरचौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक की मौत हो गई। ट्रक में लदी लकड़ी की बल्ली अचानक कार पर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव अब्दुल्लापुर नरीगाड़ा निवासी सोनू उर्फ अंजनी विश्वकर्मा बुधवार को औरास क्षेत्र में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से वापस लौटते समय रास्ते में पास से गुजर रहे एक ट्रक से लकड़ी का भारी बोटा अचानक उनकी कार पर गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अंजनी को तत्काल ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## विचार गोष्ठी का आयोजन आज

उन्नाव। श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला सर्वोदय मंडल उन्नाव एवं उसके सहयोगी साथियों द्वारा 1 मई को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। गोष्ठी का विषय वर्तमान समय में मेहनतकश समाज की चुनौतियां और समाधान रखा गया है। यह कार्यक्रम स्थानीय महात्मा गांधी पुस्तकालय, कमला भवन, उन्नाव में प्रातः 10रू00 बजे से आयोजित होगा। आयोजकों ने बताया कि गोष्ठी में श्रमिक वर्ग से जुड़ी वर्तमान समस्याओं, उनके समाधान एवं सामाजिक सरोकारों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1, निविदा सं: वमंविइ-लजं०-02-2026, कार्य का विवरण: एसटीपी-एसपीसी, बीवीएन-बीयूडब्ल्यू के बीच शेष विविध कार्यो को पूरा करने के लिये विद्युत कार्य, एसएसई/एसटीपी खंड में दोहरीकरण परियोजना, एलजेएन-डिवीजन के ऊपर बीवीएन, एलजेएन-डिवीजन के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मो पर 30 और 70 प्रतिशत प्रकाश का पृथक्करण, बीयूडब्ल्यू स्टेशन पर विद्युत डिपो कार्यालय का प्रावधान, सिदौली और आटरिया में यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार यात्री सुविधाओं में सुधार और एमबीपी पर स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान, स्टेशन भवन का अग्रभाग कार्य और एलएमपी स्टेशन पर परिसंचार क्षेत्र में अन्य संबंधित विविध कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,74,61,309.86, बयाना राशि: ₹ 3,49,200/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह। क्रम सं.-2, निविदा सं: वमंविइ-लजं०-01-2026, कार्य का विवरण: एमबीपी में स्टेबलिंग लाइन की व्यवस्था, एएसएच में मनोरंजन केन्द्र का सुधार, एलजेएन-एसटीपी में इटौंजा हॉल्ट को तीन लाइन क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करना, बी.बाग ऑफिसर्स कॉलोनी का सुधार, एलजेएन डिवीजन पर जल आपूर्ति प्रणाली का सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,36,62,018.93, बयाना राशि: ₹ 2,73,300/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 06 माह।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय: 25-05-2026 को 15:00 बजे।

नोट: इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-26 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# फंदे पर मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप



मौरावां, उन्नाव। मौरावा थाना क्षेत्र के अमिलिहाखेड़ा गांव में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला ।सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान अमिलिहाखेड़ा निवासी अजय कुमार की पत्नी अंशिका लगभग 20 वर्ष के रूप में हुई है अजय रोजगार के सिलसिले में वर्तमान में कोलकाता में रहते हैं जो पर्व होली में 3 दिनों के लिए घर आए थे अंशिका का विवाह 17 नवंबर 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से थाना क्षेत्र के ही बैसनखेड़ा गांव निवासी राजेश की बेटी अंशिका के साथ हुआ था। गुरुवार को अंशिका का शव घर के कमरे में पंखे के हुक के सहारे साड़ी के फंदे से लटका पाया गया परिजनों ने तत्काल पुलिस और मायके पक्ष को घटना की सूचना दी दिवंगत की मां बिटल्ला ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर आरोप लगाया कि ससुरालियों ने दहेज में मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या कर शव लटका दिया। वहीं, मृतका की सास सुदेवी ने बताया कि चार दिन पहले बेटे अजय और बहू अंशिका के बीच फोन पर विवाद हुआ था। अंशिका कोलकाता में रह रहे अपने पति अजय के पास जाने की जिद पर अड़ी थी सुदेवी के अनुसार, बुधवार को वह बहू को उसके मायके लेकर गई थीं वहां से लौटने के बाद बहू ने खाना बनाया और अपने कमरे में सोने चली गई सुबह उठने पर उसका शव लटका मिला। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मृतका के पति कोलकाता में और पिता हरियाणा में हैं जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है उन्होंने यह भी बताया कि मायके पक्ष ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 07.05.2026 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय करही मस्जिदियां के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 07.05.2026 को 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

नियम व शर्तें:-

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

इलियाश अहमद, प्रधान, ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां, सिद्धार्थनगर।
श्री अनुपम पांडेय, सचिव, ग्राम पंचायत करही मस्जिदियां, सिद्धार्थनगर।

# चोरी के कई दिनों बाद पुलिस के हाथ खाली

## दो घरों से 70 लाख के आभूषण व 1 लाख रुपये की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

इटावा। भरथना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के नगला डरू में बीती 24 अप्रैल की रात्रि छत के रास्ते दो घरों में अलग अलग घुसकर 480 ग्राम बिजनी सोने के और करीब डेढ़ किलो चांदी के आभूषण समेत 1 लाख 20 हजार की नगदी के अलावा अन्य सामान चोरी की घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू तो करदी लेकिन घटना के 7 दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली बने हुए हैं। आपको बतादें बीते दिनों क्षेत्र के ग्राम नगला डरू निवासी किशोर कुमार पुत्र स्व.वीरेंद्र सिंह और पड़ोसी चचेरे भाई आर्य बंधु पुत्र मुलायम सिंह के दोनों घरों में रात के अंधेरे में अज्ञात बदमाशों ने छत के रास्ते से प्रवेश कर लिया और अलमारी बक्सों में रखे करीब 70 लाख रूपए कीमती सोने-चांदी के आभूषण और 1 लाख 20 हजार की नगदी समेत घर का अन्य सामान चोरी करके चम्पत हो गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मुख्यालय से बुलाई गई पुलिस की फॉरेंसिक फिंगर एक्सपर्ट टीम ने साक्ष्य भी जुटाए बाबजूद इसके घटना के 7 दिनों बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिसको लेकर दुखी होकर पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंच कर समय रहते कार्रवाई की गुहार लगाई है। चोरी के सम्बन्ध में पीड़ित किशोर कुमार ने बताया कि अज्ञात बदमाश उसके घर से 1 सीतारामी, 1 गले का हार, कानों का सेट सहित, 7 जोड़ी कानों के झाले, झुमके, कुंडल आदि 2 जंजीर, 1 मदार्ना अंगूठी, 7 महिला अंगूठी, 6 चूड़ियां, 1 बड़ी जंजीर, चांदी की 1 कमर करधनी, 7 जोड़ी पायलें और 90 हजार नगदी सहित अन्य सामान चोरी हुआ है। वहीं आर्य बंधु के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उनके घर से सोने की 4 चूड़ियां, 1 मंगलसूत्र, 1लक्ष्मी जंजीर, 6 अंगूठियां, 1 सदा जंजीर, 6 जोड़ी कानों के झाले, झुमके, कुंडल आदि, 1 हार, चांदी की 2 जोड़ी पायलें, 2 सिक्के और 12 हजार की नगदी सहित घर का कीमती अन्य सामान चोर उड़ा ले गए।



घटना के दौरान घर के बुजुर्ग और महिलाएं बाहर कमरे में सो रहे थे जबकि अन्य सभी पुरुष खेतों पर गेहूं फसल की कटाई में लगे हुए थे। चोरी की इस बड़ी घटना के बाद से पूरे गांव क्षेत्र के ग्रामीणों में बदमाशों की दहशत बनी हुई है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.05.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00412026 दिनांक 29.04.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 08-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता-मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता-कार्य/आलमबाग/पश्चिम/लखनऊ के अंतर्गत आईआरआईटीएम/लखनऊ के स्विमिंग पूल की भारी मरम्मत का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 72,93,222.28 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 1,45,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 07.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.05.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1450/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## बाइक भिड़ी, तीन घायल एक की इलाज के दौरान मौत



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे के बेदराम 60 अपने भतीजे की बाइक से लखीमपुर बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे जा रहे थे, तभी शारदा नगर थाना क्षेत्र के जटपुरवा मोड़ पर ढखेरवा चौराहे की ओर से आ रही बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक सवार लल्ला (22) बेदराम (60) निवासी धौरहरा व अनुज (24) व पंकज (25) निवासी बंगलहाकुटी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी फूलबेहड़ भेजा, जहां इलाज के दौरान बेदराम की मौत हो गई। जब कि शेष तीन युवकों का इलाज चल रहा है।

## रुकी हुई किसान सम्मान निधि पाने के लिए डाटा करायें अपडेट

लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद खीरी में निम्न प्रकार के सस्पेक्टेड डाटा को संबंधित कृषकों द्वारा सही कराया जाना है। जनपद में 5,347 ऐसे कृषक हैं जिन्हें विरासत के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भूमि प्राप्त हुई है। जनपद में 5,458 ऐसे प्रकरण हैं जिनमें पहले के भूस्वामी और वर्तमान भूस्वामी एक ही खसरा पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे थे। इस सन्दर्भ में उप कर्षि निदेशक गिरीश चंद्र ने बताया कि ऐसे कृषकों को योजना के लाभ हेतु भारत सरकार द्वारा रोक दिया गया है। 26,349 ऐसे प्रकरण है जिनमें पंजीकरण के समय पूर्व भू स्वामी का विवरण भरा नहीं गया है। उपरोक्त तीनों प्रकार के कृषक से आग्रह है कि पीएम किसान सम्मान निधि उपरोक्त कारणों से रुकी है, तत्काल जन सेवा केंद्र के माध्यम से वांछित दस्तावेजों के साथ अपडेट करा लें जिससे उन्हें योजना का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके।

## एसपी ने पांच पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र में दिनांक 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होमगार्ड परीक्षा की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए तैनात पाँच पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित पाए गए। उक्त कर्मी अपनी ड्यूटी छोड़कर लखीमपुर स्थित जूडियो मॉल में शॉपिंग करने चले गए थे। अनुशासनहीनता के पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही को मानते हुए पांचो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। होमगार्ड परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील ड्यूटी है। इस घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक, खीरी ने तत्काल प्रभाव से पाँचों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। उक्त कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हे0का0 प्रमोद कुमार वर्मा, हे0का0 राशिद चौधरी, का० विक्रांत चौधरी, का० रचित राजपूत, का० लोकेश पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है।

# जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## डीएम-एसपी ने बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता



लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए गुरुवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों व बंदियों का गहन निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। डीएम-एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।

उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। इसके बाद गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, भोजराज सिंह, प्रतिभा सिंह सेंगर मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री अभियान पर जोर एसडीएम ने गांवों में किया निरीक्षण



धौरहरा खीरी। किसानों की भूमि का संपूर्ण विवरण दर्ज करने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। एसडीएम शशिकांत मणि ने गुरुवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने धौरहरा, सरसवा और सरगड़ा गांव पहुंचकर किसानों के गाटा संख्या के साथ फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान की सभी भूमि का सही और पूर्ण विवरण दर्ज होना जरूरी है, जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। एसडीएम ने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी किसान की रजिस्ट्री अधूरी न रहे और कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपने भूमि अभिलेखों के साथ कैंप में पहुंचकर रजिस्ट्री कार्य में सहयोग करें। एसडीएम शशिकांत मणि ने स्पष्ट किया कि अभियान में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर किसान को इस योजना से जोड़ना प्राथमिकता है।

# चलाया गया विशेष सफाई अभियान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषि महाविद्यालय जखनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मंगलवार को घास हटाने के लिए विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में प्रशासनिक भवन के सामने किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर, प्रक्षेत्र, छात्रावासों के आसपास, संकाय भवनों के पास, आंतरिक सड़कों के किनारे और खुले स्थानों पर उगी घास को हटाया गया। साथ ही प्रतिभागियों को इसके दुष्प्रभाव, एलर्जी और पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जागरूक भी किया गया। सामूहिक प्रयास से परिसर के विभिन्न हिस्सों को घास से मुक्त करने में सफलता मिली। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी अधिष्ठाता ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी परिसर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार, डॉ. आनंद कुमार पांडेय, डॉ. राजकुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी, डॉ. रणधीर, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बैठक को हल्के में लेना पड़ा भारी

जिला संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सरकारी बैठकों को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। ह्यजिला उद्योग बंधु की महत्वपूर्ण बैठक से गैरहाजिर रहने वाले 11 जिला स्तरीय अधिकारियों और कार्मिकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। बीती 28 अप्रैल 2026 को जिला उद्योग बंधु, एमओयू कार्यान्वयन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जब डीएम सभागार पहुंचे, तो कई जिम्मेदार अफसरों की कुर्सियां खाली मिलीं। उद्यमियों की समस्याओं पर सार्थक चर्चा न हो पाने और अधिकारियों की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। डीएम ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों की अनुपस्थिति के

- 11 अफसरों का डीएम अंजनी कुमार सिंह ने रोका वेतन
- 3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण लापरवाही पर सख्त चेतावनी

कारण महत्वपूर्ण प्रकरणों पर चर्चा नहीं हो सकी, जो कि अक्षम्य है। उन्होंने 'नो वर्क-नो पे' के सिद्धांत का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तीन कार्य दिवसों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि उक्त तिथि का उनका वेतन क्यों न काट लिया जाए। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि शासन स्तर पर इन बैठकों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि अधिकारी ही नदारद रहेंगे, तो उद्यमियों और जनता की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा ?₹ डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी आदेश की प्रति भेजकर निर्देशित किया है कि अगले आदेश तक इन अधिकारियों का संबंधित तिथि का वेतन आहरित न किया जाए।

इन अधिकारियों पर गिरी गाज डीसी-एनआरएलएम, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम (नोडल), ?वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक बांट माप विभाग, सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा विभाग, पर्यटन अधिकारी, प्रबंधक-आरसेटी, उप संभागीय विपणन अधिकारी, परियोजना अधिकारी (डूडा), जिला प्रोबेशन अधिकारी शामिल हैं।

# महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

## विपक्ष के नेताओं के खिलाफ की नारेबाजी



महोली/ सीतापुर जन आक्रोश महिला पर्व के दिवस पर महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा राम प्रसाद जूनियर हाई स्कूल बड़ागांव रोड से निकाली। महिलाओं ने नारे लगाते हुए कहा कि ₹नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹। गुरुवार को राम प्रसाद जूनियर हाई स्कूल में जन आक्रोश महिला पर्व के दिवस पर महिलाओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। कार्यक्रम के अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेई के चित्र सम्मुख दीप पर प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष तरुण शुक्ला के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 33% अधिकार महिलाओं को दिए हैं। प्रधानमंत्री जी देश के महिलाओं को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं परंतु ईडी गठबंधन के नेता माताएं व बहनों को आगे बढ़ने नहीं दे रही है। हमारे देश में नारी शक्ति ने अपनी वीरता के चलते कुर्बानियां दी है। इस कानून का उद्देश्य है कि राजनीति में लैंगिक समानता लाना और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं की आवाज को मजबूत करना। प्रधानमंत्री जी की मंशा थी कि लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 850 कर दी जाए वहीं संसद के निचले सदन में राज्य की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाए। महिलाओं के बारे में कांग्रेस, सपा सहित ईडी गठबंधन के नेताओं की असलियत देश के सामने ला दी है। चुनाव मे लड़की हूं लड़ सकती हूं₹ का नारा देने वाली प्रियंका वाड्रा हो या समाजवाद की बात करने वाली समाजवादी पार्टी हो जब महिलाओं के अधिकार की बात आई तो यह सारे महिलाओं के हक के खिलाफ खड़े हो गए सच्चाई यही है कि उनके लिए देश की महिलाएं सिर्फ वोट बैंक हैं। इनको महिलाओं के हक से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन याद रखिए महिलाओं के हक के लिए मोदी जी आपके साथ खड़े हैं और उनका उनका हक दिलवा के रहेंगे। इसके पूर्व मंडल उपाध्यक्ष डॉ रेनू वर्मा, कल्पना मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, सचिन मिश्रा, आशा बाजपेई, कोमल, अर्चना बाजपेई, पूनम, पूर्णिमा, रोली, रेनू गुप्ता, रंजन, शर्मिला सहित महिलाएं मौजूद रही।

# इंस्पायर मानक पुरस्कार में चिल्ड्रेन्स एकेडमी के दो विद्यार्थियों का चयन

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। चिल्ड्रेन्स एकेडमी, गोला के दो विद्यार्थियों अपराजिता सिंह एवं इसरार अब्बासी का चयन प्रतिष्ठित इंस्पायर मानक पुरस्कार के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अपराजिता सिंह ने नेविगेशन स्टिक तथा इसरार अब्बासी ने स्मार्ट वाइल्ड सेंस परियोजना प्रस्तुत की। दोनों परियोजनाओं में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच स्पष्ट रूप से देखने को मिली। दोनों छात्रों का चयन राज्य स्तर के लिए भी किया गया है। बताया गया कि यह सफलता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में हासिल हुई है। विद्यालय ने इसे अपनी शैक्षिक गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया है। इंस्पायर मानक (प्रेरित अनुसंधान हेतु विज्ञान में नवाचार) भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें नए विचार विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। चयनित विद्यार्थियों को अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्रबंधक सतीश गुप्ता ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों को नवाचार और वैज्ञानिक सोच के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे वे भविष्य में देश का नाम रोशन कर सकें। विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गम्भीरता से किया गया विचार विमर्श



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चैराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी सड़कों की पटरी सुधार हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पटरियों की व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुये साफ-सफाई भी करायी जाये। सड़क के किनारे की झाड़ियों की भी सफाई करायी जाये, जिससे पर्याप्त दृश्यता बनी रहे। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्रीय राज्यमार्गों एवं अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे का अतिक्रमण चिन्हित करते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जाये। प्रस्तावित चैराहों पर सिग्नल स्थापना संबंधी कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ?एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि डेथ ऑडिट के कार्यों निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए और सभी विभागों के अधिकारी डेथ ऑडिट के समय उपस्थित रहे। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, मिथलेश वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सड़क सुरक्षा के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिनी स्टेडियम का शिलान्यास

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव की एक ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ने ग्रामीणों में बच्चों युवाओं में प्रतिभा निखार हेतु पूजन अर्चन के साथ विधिवत मिनी स्टेडियम का शिलान्यास किया। जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड हरगांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुद्रासन में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने पूजन-अर्चन के साथ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। मंत्री ने नारियल फोड़कर एवं भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि मिनी स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ सकें और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता परक निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। मिनी स्टेडियम बनने से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही अभ्यास और प्रतियोगिताओं की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, अवर अभियंता शैलेश वर्मा, परमजीत सिंह, जसविंदर सिंह, अब्बास अली, कन्हैया जोशी, प्रदीप मिश्र, करनैल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।



## दुधवा में राजकीय हाथी विनायक के हमले से चारा काट रहे रामविलास की मौत

पलियाकलां खीरी। रामविलास चाराकटर की राजकीय हांथी विनायक के उग्र होकर किए गए हमले के कारण हुआ आकस्मिक निधन दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी में वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा एवं मानव वन्य जीव संघर्ष तथा अन्य रेस्क्यू आपरेशन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाले राजकीय हांथियों के रख-रखाव हेतु प्रत्येक राजकीय हांथी पर चाराकटर एवं महावतों की तैनाती है। आज दिनांक 29.04.2026 को मध्याहन में विगत दिनों की भॉति अन्य हांथियों के साथ-साथ विनायक हांथी चरने के लिए गया हुआ था। चरते समय उसको वापस करने गए न्यूनतम वेतनकर्मी के रुप में तैनात चाराकटर रामविलास पुत्र इंदल, निवासी ग्राम-कोठिया, थाना-मझगई, जिला-लखीमपुर-खीरी पर विनायक राजकीय हांथी उग्र हो गया। उसके द्वारा किए गए हमले के कारण रामविलास गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल प्रभाव से प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पलिया लाया गया, जहां चिकित्सों द्वारा परीक्षणोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। रामविलास चाराकटर का आकस्मिक निधन दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी परिवार के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है।

## हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परिणाम में विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पब्लिक इंटर कॉलेज का यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में कुल 220 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, जिनमें से 211 उपस्थित हुए और 150 छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 71.09 प्रतिशत रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 65.30 रहा, जबकि बालिकाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 84.37 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 316 छात्र-छात्राएं पंजीकृत रहे, जिनमें से 311 ने परीक्षा दी और 241 सफल घोषित हुए। इस प्रकार इंटरमीडिएट का कुल परिणाम 77.49 प्रतिशत रहा। विभिन्न वर्गों में भी छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों में अली फातिमा (82.60 प्रतिशत), अनमोल सिंह (80.40 प्रतिशत), अरुण कुमार (79.20 प्रतिशत), गुंजनलता (75.80 प्रतिशत) सहित अन्य छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने परीक्षा परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन और नियमित अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्रों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

## विद्यालय की बदहाल व्यवस्था पर डीआईओएस का एक्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में पेयजल समस्या और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर सामने आई शिकायतों पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति को छात्रहित से जुड़े सभी कार्य तत्काल प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने अपने आदेश में कहा कि दिसंबर 2025 से मोटर खराब होने और हैंडपंप से पीने योग्य पानी न मिलने जैसी शिकायतें अत्यंत गंभीर हैं। ऐसी लापरवाही से न केवल विद्यालय की छवि प्रभावित होती है बल्कि छात्रों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और कक्षाओं में पर्याप्त वेंटिलेशन जैसी मूलभूत सुविधाओं को तुरंत दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य के बीच चल रहे मतभेदों पर भी डीआईओएस ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और वित्तीय कार्य केवल प्रधानाचार्य के माध्यम से ही संचालित होंगे। सामान्य प्रभार में कार्य कर रहे किसी शिक्षक को यह अधिकार नहीं है, जब तक कि उसे विधिवत पूर्ण प्रभार न सौंपा गया हो। डीआईओएस ने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य संस्था के आंतरिक प्रबंधन, अनुशासन और छात्रहित से जुड़े सभी कार्यों के लिए पूर्णतः जिम्मेदार हैं। वहीं प्रबंध समिति को निर्देशित किया गया है कि वह पारित प्रस्तावों का अनुपालन सुनिश्चित कर विद्यालय की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आपसी विवाद के कारण किसी भी स्थिति में शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## आरक्षण बिल को लेकर भाजपा का विपक्ष पर हमला




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में बुधवार को आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला मंत्री गणेश शंकर विनय और नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि मातृशक्ति को सम्मान और सहभागिता देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला बिल लाया गया, लेकिन कांग्रेस, सपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिला विरोधी रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा महिला आरक्षण बिल का विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट होती है। सामाजिक कार्यकर्ता रीना सिंह ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब महिलाओं के हित में कदम उठाया गया तो उसका विरोध किया गया, जो निंदनीय है। कार्यक्रम की संयोजिका और महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में रेखा मिश्रा, सीमा सक्सेना, सीमा वर्मा, गीता दुबे, दुर्गा गुप्ता, खुशी गुप्ता, रेनू गुप्ता, राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, एसपी चैहान, कैलाश गुप्ता, राजेश जोशी, सुमित शाह, ऋषि गुप्ता, सुमित सक्सेना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## एसडीएम ने किया लेखपाल के क्षेत्रों में बदलाव

महोली/ सीतापुर उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने बुधवार को लेखपाल की स्थानांतरण सूची जारी की है। कई वर्षों से तैनात लेखपालों के क्षेत्र को बदल गया है वहीं कुछ नये लेखपाल को तैनाती मिली है। जानकारी अनुसार लेखपाल उमेश कुमार को महेवा व पिपरांवा से हटकर कोटारा व देवकली भेजा गया है। बिनोद कुमार को कोटरा व देवकली से हटाकर महेवा व पिपरांवा भेजा गया है। सुशील कुमार गौड को चितहला व इनायतनगर ग्रंट से हटकर महोली व अमिलिया तैनाती दी गई है। पवन वर्मा को महोली व अमिलिया से हटाकर चडरा व फखरपुर भेजा गया है। संत कुमार तिवारी को नेरी से हटाकर बरगावां व पेंदारी भेजा गया है। अभिषेक श्रीवास्तव को चडरा व फखरपुर से हटाकर चितहला व इनायत नगर ग्रंट भेजा गया है। विनीत चंद्र अवस्थी को नादन के अलावा नेरी का क्षेत्र दिया गया है।

संक्षेप

## आग से जलीं झोपड़ियां राजेश मसाला ने बढ़ाया मदद का हाथ

**अमेठी।** ग्राम सराय हीरमती, ग्राम सभा मोचवा में हाल ही में आग लगने की एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें कई गरीब परिवारों की झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इस हादसे में प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर राहत कार्य शुरू किए गए। इसी क्रम में श्री राजेश अग्रहरी जी ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राजेश मसाला की ओर से पीड़ित परिवारों को राशन किट वितरित कीं, ताकि उन्हें इस कठिन समय में राहत मिल सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन लोगों को सहायता प्रदान की गई, उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं: रामसेवक कोरी, रामप्रकाश कोरी, रामकिशोर कोरी, देवीदीन, बंसी लाल, मवीलाल, अमृत लाल, राजेश, सुभाष कुमार, बुद्धिलाल, रामप्रकाश, रामदुलारे, संजीव एवं कन्हैयालाल। राहत सामग्री मिलने के बाद पीड़ित परिवारों ने राजेश मसाला एवं श्री राजेश अग्रहरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सहायता उनके लिए इस कठिन समय में बेहद सहायक साबित हो रही है।

## मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत गुरुवार को बंधुआ कला पुलिस द्वारा चैपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पम्फलेट बाँट ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की भी अपील की गई। बताया गया की साइबर ठग खुद को पुलिस बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करते हैं। इसलिए जागरूक होना बेहद जरूरी है। फेसबुक पर अन्जान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें. साथ ही सोशल साइड अकाउंट को भी लॉक रखें। वूमेन हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन समेत अन्य टोल फ्री नंबर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक विपिन कुमार पाठक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रही।

## पक्षियों के लिए कटका क्लब की पहल, लगाये दर्जनों जलपात्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कटका क्लब सामाजिक संस्था ने पक्षियों के संरक्षण के लिए सराहनीय पहल की है। संस्था के सदस्यों ने हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर परिसर, ग्रामभारती परतोष और धम्मौर बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर तीन दर्जन से अधिक जलपात्र लगाए, ताकि गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता अशोक सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी और सूखते जल स्रोतों के कारण पक्षियों के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यह छोटा प्रयास उनके जीवन को बचाने में मददगार साबित होगा। हनुमत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय व ग्रामभारती परतोष के प्रधानाचार्य संतोष मिश्र ने इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे समाज में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलेगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ण ने बताया कि गर्मी में पानी की कमी से बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत हो जाती है, इसलिए यह अभियान चलाया गया है। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तूफान-बारिश से चरमरायी क्षेत्र की बिजली व्यवस्था

## करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप



**महराजगंज, रायबरेली।** बुधवार शाम आये तेज तूफान और बारिश ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा दी। ग्रामीण इलाके के दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी।

तेज हवाओं और बारिश के चलते करीब बीस बिजली पोल टूट गए, जबकि कई स्थानों पर पेड़ गिरने से विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। चंदापुर फीडर के अंतर्गत सिकंदरपुर, मऊ, चंदापुर, दौतरा और डोमापुर गांवों में छह पोल और दो ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं हलोर फीडर के थरि, कंसीपुर, बेलवा और हलोर गांवों में पेड़ गिरने से ग्यारह पोल टूट गए। इसके अलावा डेपारमऊ फीडर के मोन, कुशमहुरा, कैर आदि गांवों में 33 केवीए लाइन के दो पोल धराशायी हो गए। तूफान के बाद पूरी रात रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका और ग्रामीणों को अंधेरे में ही रात बितानी पड़ी। गुरुवार सुबह होते ही बिजली विभाग के कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लाइनों को दुरुस्त करने में जुट गए। स्थानीय उपभोक्ताओं अमरेंद्र सिंह, बजाज मौर्य, बृजेंद्र सिंह, विक्रमा सिंह और सुरेश ने बताया कि तेज तूफान के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गए हैं, जिससे पूरी व्यवस्था ठप हो गई है और बुधवार से ही बिजली गुल है। वहीं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) संदीप कुमार ने बताया कि सभी फीडरों पर मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों के भीतर टूटे पोलों को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## कोर्ट के आदेश पर छः के खिलाफ केस दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना के परशदेपुर चौकी क्षेत्र के पूरे काजी में एक माह पहले हुई मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पूरे काजी में बीते 13 मार्च को मकान बनाने के लिए मौरंग गिराने को लेकर जमकर लाठी डंडे चले जिसमे दो लोग गम्भीर रूप से घायल हुए थे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की मकान बनाने के लिए मौरंग गिरवाया था, इसी बात को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडे से हमला कर दिए जिसमे मेरे बेटे अशोक कुमार व मुकेश कुमार को गम्भीर चोटें आई थी जिससे वह बेहोश हो गया था। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित सुरेश कुमार ने थाने से लेकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई पर कोई सुनवाई न होने पर थक हारकर आखिर में पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

## हादसे में दो युवकों की मौत

**सुलतानपुर।** बंधुआ कला थाना इलाके के लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर खोखीपुर बाईपास के पास गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में टाटा वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें कटर से काटकर बाहर निकाला गया निकाला गया। मृतकों की पहचान शिवनाथ पुत्र राम मनोहर निवासी नारायणपुर थाना भाले सुल्तान, जनपद अमेठी और शाह प्रसाद पुत्र शिव बहादुर निवासी पूरे भरोसे का पुरवा थाना बाजार शुक्ला, जनपद अमेठी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों दिल्ली से इलाहाबाद प्रदर्शनी का सामान लेकर जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू किया गया। मृतकों के परिजन भी दूसरी गाड़ी से आगे जा रहे थे, जो सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया की फिलहाल दुर्घटना किस वाहन से हुई, इसका स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सीसीटीवी फुटेज व आसपास के लोगो से जानकारी हासिल कर आरोपी वाहन चालक तक पहुँचने का प्रयास किया जा रहा है. फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।

## युधिष्ठिर का जीवन सत्य, धर्म व नैतिकता का आदर्श उदाहरण : पं. स्वतंत्र मिश्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नारायनपुर के दुगार्पुर मोहल्ला (लक्ष्मणपुर कॉलोनी) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य पं. स्वतंत्र मिश्र (अयोध्या धाम) ने युधिष्ठिर-नारद संवाद का मार्मिक वर्णन करते हुए युवाओं को सदाचार अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युधिष्ठिर का जीवन सत्य, धर्म और नैतिकता का आदर्श उदाहरण है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, सुदामा चरित्र और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया इस अवसर पर कुलगुरु पंडित विशेश्वरपति त्रिपाठी के आगमन की भी जानकारी दी गई। मुख्य यजमान सुमित्रा मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। डॉ. संतोष सिंह ने भी उपस्थित होकर आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में स्थानीय लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। हवन, महाप्रसाद व भंडारे के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## आंधी-तूफान में दीवार पर गिरा सफेदा का पेड़, मलबे में दबकर किसान की मौत



**मुंशीगंज, अमेठी।** मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के खाखरदेई गांव में मंगलवार को तेज आंधी-तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। अचानक बदले मौसम के बीच सफेदा (यूकेलिप्टस) का भारी पेड़ कच्ची दीवार पर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर किसान अंबिका प्रसाद पांडेय की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान गांव में स्थित एक पुराना सफेदा का पेड़ तेज हवा के दबाव को झेल नहीं सका और पास की कच्ची दीवार पर जा गिरा। दीवार के समीप बने छप्पर के नीचे बैठे अंबिका प्रसाद मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मलबा हटाने का काम शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद किसान को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस घटना के बाद गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। विशेषज्ञों के अनुसार, आंधी-तूफान के दौरान कमजोर पेड़ और कच्चे निर्माण सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## मजदूरी न मिलने पर आर्थिक संकट से जूझ रहा परिवार, डीएम से न्याय की गुहार

**अमेठी।** जनपद के एक श्रमिक ने अपनी बकाया मजदूरी दिलाए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव में कराए गए कार्य के एवज में मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं किया गया, जबकि इस संबंध में पूर्व में न्यायालय का आदेश भी प्राप्त हो चुका है। पीड़ित विनोद कुमार निवासी ग्राम कुसुमपुर, पोस्ट पखरौली ने बताया कि उन्होंने अमेठी शहर में मजदूरी का कार्य किया था। आरोप है कि संबंधित पक्ष द्वारा भुगतान न किए जाने पर मामला न्यायालय में गया, जहां से 31 अगस्त 2024 को श्रमिक के पक्ष में आदेश पारित हुआ। इसके बावजूद मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। शिकायत के अनुसार, न्यायालय के निर्देश पर सहायक श्रम आयुक्त के माध्यम से वसूली की कार्रवाई के लिए 14 सितंबर 2025 को नोटिस जारी किया गया था, जिसे 17 अक्टूबर 2025 को तामील भी कराया गया। हालांकि, इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी का कहना है कि विरोधी पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया, फिर भी भुगतान लंबित है। पीड़ित ने बताया कि लंबे समय से मजदूरी न मिलने के कारण आर्थिक संकट गहराता जा रहा है और परिवार का भरण-पोषण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर बकाया मजदूरी दिलाने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना के परशदेपुर चौकी क्षेत्र में बुधवार देर रात परशदेपुर जायस मार्ग पर त्रिलोकपुर मोड़ के पास तेज रफ़्तार बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों बाइक पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि एक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पर पहुचे चैकी इंचार्ज ने 108 एम्बुलेंस के मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक की हालत ज्यादा गम्भीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। चौकी क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी प्रधान रामसजीवन का 25 वर्षीय पुत्र अमित कुमार अपने साले अभिषेक कुमार निवासी विजयी का पुरवा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहा था, जैसे ही परशदेपुर जायस रोड पर त्रिलोकपुर मोड़ के पास पहुंचा कि सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी जिसमे दोनों बाइक पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। इसमे अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक पर सवार श्रीलाल निवासी ग्राम कुड़वारा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व मुकेश कुमार निवासी शुक्लपुर, रामपुर बावली थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतपगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुचे चौकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मुकेश कुमार , अभिषेक कुमार व श्रीलाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मुकेश कुमार की हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने लखनऊ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। हाजीपुर प्रधान पुत्र अमित कुमार की मौत की खबर गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी सुनीता पति की मौत की खबर से दहाड़े मार मार को रोने लगी। मुंह से सिर्फ यही निकल रहा है कि अब केहके सहारे जियब और फिर रोने लगती है। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया की सड़क हादसे में चार लोग घायल हुए थे इसमे अमित कुमार की मौत हुई है बाकी अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनी बुद्ध पूर्णिमा




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक/ शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के साथ भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि बुद्ध के उपदेश आज के समय में भी प्रासंगिक हैं।

इसी क्रम में विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। अभियान के तहत बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए गए। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से टीकाकरण किया तथा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूक रहें, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

कार्यक्रम में मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अभिषेक अवस्थी, रमीज सिद्दीकी, अभिषेक श्रीवास्तव, अग्रहीत सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मनी बुद्ध की जयंती

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों को अपने सम्बोधन में भगवान बुद्ध के प्रमुख सन्देशों और सिद्धान्तों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म बैशाख पूर्णिमा के दिन लुम्बिनी में हुआ था, इसी कारण इस तिथि को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। बौद्ध धर्म में आस्था रखने वालों का यह एक प्रमुख त्योहार है। कहते हैं कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और उनका महानिर्वाण हुआ था।

## मलिकपुर में जमीन को लेकर विवाद, दो पक्षों में मारपीट, 4 घायल, 12 पर केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के मलिकपुर गांव में जमीन की कब्जेदारी और रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट, पत्थर, लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने दी तहरीर में बताया है कि बुधवार को सूचना पर पीआरबी मलिकपुर पहुंची थी, जहां जमीन और रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने थे। एक पक्ष में रामकृष्ण यादव, आशीष यादव, देव शरण यादव, सत्यम यादव, शिवम यादव, अनामिका यादव व अखिलेश यादव शामिल थे, जबकि दूसरे पक्ष में राम चन्दर यादव, राम भवन यादव, विकास यादव, संजू यादव और प्रतिमा यादव शामिल थे। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। पुलिस की जांच में सामने आया उक्त विवाद पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद दोनों पक्षों ने सड़क पर ही आपसी रंजिश में हिंसा किया, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे नहीं माने और एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी देते रहे। उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया दोनों पक्षो की ओर से चार लोग घायल हुए थे। उच्चाधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# अवैध वसूली या अवैध स्टैंड संचालित होने पर फर्म होगी ब्लैक लिस्ट



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** नगर पालिका क्षेत्र में कहीं पर अवैध स्टैण्ड संचालित न हो, अधिकृत स्टैण्डों पर निर्धारित शुल्क ही लिया जायें, निर्धारित शुल्क की रेट लिस्ट प्रत्येक स्टैण्ड पर डिस्प्ले की जायें, यदि कही पर भी अवैध वसूली या अवैध स्टैण्ड संचालित होने की शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कराकर संबंधित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी जाये व फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जायें।

यह निर्देश डीएम ने सख्त लहजे में नगर पालिका के अधिषासी अधिकारी को दिये। डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने व्यापार बंधु द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की सफाई, जल निकासी, सफाई, जाम, अतिक्रमण, विद्युत कार्य को दुरुस्त कराने आदि के संज्ञान में लाए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई, पार्किंग, सामुदायिक शौचालय की समस्या आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए, जो बड़े कार्य है, उनके लिए प्रयास कर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाए जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त राज्यकर परमहंस लाल श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान राजमार्गों पर अवैध रूप से बनाए गए कटों को बंद कराने, राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रवर्तन कार्यवाहियों को और अधिक सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों को समय से अद्यतन करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गंगा एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रारंभ हो चुका है, अतः वहां भी सघन पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेसवे पर किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी अथवा अराजक गतिविधिया न हो यह सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीवन में सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी




**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में स्नातक व परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महाराणा प्रताप के चित्रों पर पुष्प अर्पण से हुआ। प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने कहा कि राजनीति विज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्वपूर्ण विषय है और जीवन में सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है। प्रो. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने लक्ष्य के प्रति समर्पण पर जोर दिया। डॉ. आलोक पाण्डेय ने अनुभव से सीखने और डॉ. मंजू ठाकुर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। शिवानी, अर्जुन, दीपांशु व नैना वर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। संचालन नंदिनी व शिखा ने किया। समारोह में शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तीर्थ स्थानों की पैदल यात्रा के बाद लौटे सुजल जायसवाल का व्यापार मंडल ने किया भव्य स्वागत



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज से खाटू श्याम जी सालासर बालाजी और सवालियां सेठ चित्तौड़गढ़ राजस्थान की 1400 किलोमीटर की तीर्थयात्रा पैदल पूर्ण कर लौटे सुजल जायसवाल का युवा नेता पुष्कर गुप्ता के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पेपर प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और पुष्कर गुप्ता ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ऋषि महात्मा लोग तीर्थ स्थानों की पदयात्रा करते थे, जिसका उल्लेख शास्त्रों में भी मिलता है। कलियुग में तीर्थ स्थानों की पदयात्रा निश्चित रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है और इससे सनातन धर्म भी मजबूत होता है। सभी लोगों ने सुजल जायसवाल की तीर्थ स्थान पदयात्रा की जोरदार सराहना भी की। इस मौके पर उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी , नगर उपाध्यक्ष महेश सोनी , नगर युवा उपाध्यक्ष पुष्कर गुप्ता (कृष्णा), नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन व मां पार्वती सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बालक वर्ग में एमसीएफ रायबरेली बना चैंपियन

- केन्द्रीय विद्यालय एमसीएफ लालगंज में 55वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन




**रायबरेली।** केन्द्रीय विद्यालय आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज के तत्वावधान में आयोजित 55वीं केवीएस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन मुख्य अतिथि आरेडिका महाप्रबंधक रामन कृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। महाप्रबंधक ने सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएँ 22 से 24 अप्रैल तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। इसमें में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केन्द्रीय विद्यालय फतेहगढ़ की सोनांक्षी रंजन रहीं एवं अंडर-17 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केन्द्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर की आराध्या तिवारी रहीं तथा अंडर-19 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केन्द्रीय विद्यालय एम.सी.एफ. रायबरेली की दिव्या कुमारी बनी।

बालिका वर्ग में ओवर- ऑल चैंपियनशिप में केन्द्रीय विद्यालय एम.सी.एफ. रायबरेली ने 69 पॉइन्ट के साथ प्रथम तथा केन्द्रीय विद्यालय फतेहगढ़ ने 60 पॉइन्ट के साथ द्वितीय एवं केन्द्रीय विद्यालय आई.आई.टी. कानपुर ने 34 पॉइन्ट के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय चरण (28 से 30 अप्रैल 2026) टेबल टेनिस और एथलेटिक्स बालक वर्ग की प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर अंडर-14 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केंद्रीय विद्यालय चकेरी कानपुर के आरव रहे तथा अंडर-17 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केन्द्रीय विद्यालय उन्नाव के आर्यन राजपूत रहे एवं अंडर-19 में सर्वश्रेष्ठ एथलीट केन्द्रीय विद्यालय एमसीएफ रायबरेली के संस्कार बने।

बालक वर्ग में ओवर- ऑल चैंपियनशिप में केंद्रीय विद्यालय एमसीएफ रायबरेली ने 77 पॉइन्ट के साथ प्रथम व केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ ने 65 पॉइन्ट के साथ द्वितीय एवं केन्द्रीय विद्यालय उन्नाव ने 60 पॉइन्ट के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आरेडिका रायबरेली के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव अरविन्द कुमार, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके वर्मा सहित अन्य विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## आंधी का कहर: 80 से अधिक पोल टूटे, छह फीडर ठप, 100 से अधिक गांव अंधेरे में

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को आई तेज आंधी-तूफान ने भटमई उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त कर दी। आंधी की चपेट में आकर 80 से अधिक बिजली पोल टूट गए, जिससे उपकेंद्र से जुड़े छह फीडर बंद हो गए और 100 से अधिक गांवों में 24 घंटे बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली न होने से ग्रामीण अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर हैं, वहीं समरसेबल, मोबाइल चार्जिंग और इनवर्टर भी पूरी तरह ठप हो गए हैं। उपकेंद्र प्रभारी जेई अजय यादव ने बताया कि कई स्थानों पर पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, लेकिन अभी नए पोल उपलब्ध नहीं हो सके हैं, जिससे मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा है। जब तक पोल नहीं मिलते, तब तक छह फीडरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल होना संभव नहीं है। विभाग की टीमें क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी हैं। आंधी-तूफान का असर केवल बिजली व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा। कई गांवों में पेड़ उखड़ गए, आवासीय छप्पर उड़ गए और एलवेस्टर शीटें बिखर गईं। तेज हवाओं और बारिश से ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बिजली बाधित होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है और लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली बाधित रहने से 100 से अधिक गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

संक्षेप

## प्रधानों की आवाज दबाने की कोशिशः राजेश

अयोध्या। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष अयोध्या, राजेश प्रताप सिंह ने प्रशासन पर लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रस्तावित जिला अध्यक्षों की बैठक से पहले ही उन्हें समेत प्रदेश के कई जिलों के अध्यक्षों को भारी पुलिस बल के साथ हाउस अरेस्ट कर दिया गया, जिससे वे बैठक में शामिल नहीं हो सके ।उन्होंने बताया कि यह बैठक पूरी तरह शांतिपूर्ण थी, जिसमें प्रदेश के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने वाले थे।

साथ ही, वे अपनी प्रमुख मांगकृसमय पर पंचायत चुनाव कराने और यदि समय पर चुनाव संभव न हो तो प्रधानों का कार्यकाल बढ़ानेकृको सरकार तक पहुंचाने की योजना बना रहे थे।

राजेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि बैठक में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन का कोई कार्यक्रम नहीं था।

# जन चौपाल से गांवों में 107 राजस्व वादों का निस्तारण






**देवरिया।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद के ग्राम गौरा बंगार, रायपुरा चकलाल, लवरछी व बरहज बांगर में ह्नन्यायालय आपके द्वारह्न कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों में कुल 107 राजस्व वादों का मौके पर ही निस्तारण कर वादकारियों को राहत प्रदान की गई।

इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में ग्राम गौरा टोला, कटइलवा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कैंपों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। इस दौरान राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नाविकों को लाइफ जैकेट, बच्चों को पाठ्य पुस्तकें तथा जैविक दवाओं सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही छूटे हुए लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने चौपाल स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली वितरित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

चौपाल में बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी जिलाधिकारी ने सराहना की। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को बैग वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि ह्नशासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। ह्नन्यायालय आपके द्वारह्न और जन चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।ह्न उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे तथा छूटे हुए लोगों को चिन्हित कर शीघ्र आच्छादित किया जाए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से संपर्क करें।

इस अवसर पर एडीएम बरहज हरिशंकर लाल, तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), सीडीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा ह्नगांव की समस्या, गांव में समाधानह्न के संकल्प के साथ जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## 73 का चालान 2 वाहन सीज

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, गोरखपुर ओवर ब्रिज एवं कसया ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो व ई-रिक्शा तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस/बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई-रिक्शा वाहनों, बस स्टैंड पर अभियान चला कर नो हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालों के विरुद्ध एम0 वी0 एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। साथ ही राघव नगर एवं कसया रोड पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों का एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही किया गया । इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 73 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करनेदुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है ।वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

## आंधी व चमक के बीच पड़ी बौछार से गर्मी से राहत

**देवरिया।** बुधवार की सायं आयी धूलभरी आँधी के बाद चमक गरज के बीच पड़ी बौछारों ने भीषण गर्मी से जूझ रहे जनमानस को राहत पहुचे है ।पिछले कई हप्तों से पड़ रही भीषण गर्मी से आज लोगो को उस समय राहत मिली जब सायँ काल धूलभरी अन्धड़ के बीच गरज चमक के बीच बौछारे पड़ी ।इस सप्ताह के शुरू से चल रही पुरवा हवा चलने गर्मी व उमस के बीच भारी विद्युत कटौती से नागरिक परेशान है जिला मुख्यालय के रेलवे लाइन के उत्तर के मुहल्लों में विद्युत आपूर्ति करने वाले पुरवा सब स्टेशन से जुड़े हजारों उपभोक्ता अघोषित कटौती ,लाइनों की खराबी, ट्रिपिंग से बेहाल हैं ।अनियमित विद्युत आपूर्ति से इस गर्मी में जले पर नमक साबित हो रही है ।मंगलवार की रात से बाधित आपूर्ति बुधवार के सायंकाल तक बहाल न होने लोग परेशान हैं । सब स्टेशन का मोबाइल बन्द होने से उपभोक्ताओं को सही जानकारी तक नही मिल पा रही है ।

## बुद्ध जयंती समारोह में आज शामिल होंगे दो डिप्टी सीएम



**कुशीनगर।** त्रिविधि पावनी बुद्ध जयंती समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जबकि म्यांमार के राजदूत ऊ जो ऊ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे ।उक्त जानकारी सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग उप्र/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र एवं लखमीपुर जिला प्रभारी बासुदेव मौर्य ने बुद्ध स्थली स्थित म्यांमार मंदिर में एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कही। श्री मौर्य ने कहा कि हम सब भ्रमण कर लोगों को समारोह में भाग लेंगे के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध जयंती बौद्ध धमार्नुयायों के लिए पवित्र पर्व है। यह दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और निर्वाण से जुड़ा है। कहा कि विश्व के देश अहंकार में एक दूसरे से लड़ रहे हैं और विध्वंसक हथियार बना रहे हैं। उसी से लड़ रहे हैं और बेंच रहे हैं। दुनिया में इस पुण्य भूमि से बुद्ध की शांति, करुणा, मैत्री का संदेश जाय। युद्ध में उपयोग होने वाले अस्त्र नष्ट हों। क्योंकि विनाश से न मंदिर बेचेंगे और न पुजारी। ना ही लोग बचेंगे। दुनिया में जब शांति होगी तभी विकास होगा। खुशहाली होगी। बुद्ध ने जो सनातन परम्परा को शुरू किया उसकी रक्षा होगी। और प्रकृति सुरक्षित होगी। भंते डॉ नन्द रतन ने बताया कि जयंती में धम्म ध्वज दिखाकर जिलाधिकारी शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान भिक्षु संघ के कोषाध्यक्ष भंते अशोक, भंते उपाली, राम नगीना, टीके राय आदि मौजूद थे।

# लक्ष्मीपुर प्रकरण को लेकर सपा का विरोध जिलाध्यक्ष व्यास यादव हाउस अरेस्ट

जिला संवाददाता

**देवरिया।** लक्ष्मीपुर प्रकरण में ग्राम प्रधान व अन्य लोगों पर दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को विरोध जताया। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव

**● पुलिस ने सपाइयों को रोकने के लिए खेतों में दौड़ाया, सपाइयों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बरहज तहसील जाने की तैयारी में थे, तभी पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया ।बताया गया कि प्रशासन द्वारा आंदोलन की अनुमति नहीं दी गई थी, जिसके चलते पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कई सपा कार्यकर्ता पैदल ही आगे बढ़ने लगे, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को खेतों तक दौड़ना पड़ा ।इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनके आवास के पास ही जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम लक्ष्मीपुर (थाना बरहज) में मुख्य सड़क से पटेल बस्ती तक कोई चक मार्ग दर्ज नहीं था। वर्ष 2021 में चक नाली पर पाइप डालकर रास्ता बनाया गया था और वर्तमान में उसी मार्ग को सीसी रोड में बदला जा रहा था। इसी दौरान गांव के अधिवक्ता विजेंद्र सिंह ने आपत्ति जताई, जिसके समाधान के लिए उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्य रुकवा दिया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद अधिवक्ता की मृत्यु हो गई और मामला अचानक गंभीर रूप ले बैठा।

सपा ने आरोप लगाया कि इसके बाद दबाव में निर्दोष लोगों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर



ग्राम प्रधान व अन्य को आरोपी बना दिया गया और जांच पूरी होने से पहले ही गिरफ्तारी व उत्पीड़न शुरू कर दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। ज्ञापन के माध्यम से सपा ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय या सीबीआई/न्यायिक जांच कराने, प्रशासन द्वारा अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए ग्राम प्रधान व अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या का मुकदमा वापस लेने और उत्पीड़न बंद करने के साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिवार को मानवीय आधार पर सहायता प्रदान करने की मांग की ।इस दौरान सपा नेता अशोक यादव, हृदय नारायण जायसवाल, रामनाथ चौहान, सुनैना सिंह, अर्जुन यादव, सत्यपाल यादव, मेराज खान, अजहरुद्दीन खान, राजेश यादव, डॉ. रामनाथ चौहान, बांकेलाल यादव, राधेश्याम सिंह यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शादियां अन्न बर्बादी का महोत्सव बन गई हैं



**बरहज,देवरिया।** बारातघर और बैंक्वेट हॉल में इन दिनों सजावट, संगीत और मेहमानों की भीड़ तो है, पर इसी चकाचौंध के पीछे ऐसी कड़वी सच्चाई भी छिपी है, जिसका वास्ता सीधे भूख से है। शादी-ब्याह में इतना भोजन बर्बाद हो रहा है, जिससे सैकड़ों लोगों का पेट भर जाए। शादियां अन्न बबार्दी का महोत्सव बन गई हैं ।शादी समारोहो में अन्न की खूब बबार्दी हो रही है। थाली से लेकर अगली सुबह सड़क और मैरेज हालों के आगे पीछे अन्न ही दिखते है। यह दृश्य प्रत्येक शादी कार्यक्रम के बाद दिखता है। ज्यादा डस्टबिन आधे खाए व्यंजनों से भरते जाते हैं। कहीं ठंडी बिरयानी पड़ी है, कहीं अधखाया गुलाब जामुन और सूखती पूरियां, पुलाव। खुशियों की इन रातों के पीछे हर आयोजन में यही सच्चाई दोहराई जा रही है।

सफाई विभाग के मुताबिक इन महीनों में गीले कचरे की मात्रा सामान्य दिनों से 25 प्रतिशत अधिक हो जाती है। यानी, कूड़े के ढेर में सिर्फ फूल-माला या टेंट का सामान नहीं, बल्कि ऐसा भोजन भी शामिल होता है जो कई गरीबों के पेट भर सकता था। अनुमान है एक औसत शादी में करीब 50 से सौ किलो तक खाना बच जाता है, जो लगभग 250 लोगों का पेट भर सकता है। हमारी संस्कृति में भोजन को ह्यअन्न देवताह्ण कहा गया है, लेकिन आज यही अन्न सम्मान की जगह कूड़ेदानों में फेंका जा रहा है। ऐसा ही दृश्य बरहज में मुख्य सड़क पर बस स्टेशन के समीप दिखा।

## बुद्ध जयंती की सफलता को लेकर एडीएम और एसडीएम ने किया निरीक्षण

कुशीनगर। त्रिविधि पावनी बुद्ध जयंती की सफलता को लेकर कुशीनगर में चल रही तैयारियों का जायजा डीएम ने लिया ।गुरुवार को बुद्ध स्थली पहुंचे अधिकारियों ने म्यांमार मंदिर स्थित बन रहे सभा पंडाल का निरीक्षण किया और अतिथियों के आवागमन, वाहन पड़ाव, अतिथियों के ठहरने और व्यवस्था के बारे में भिक्षु संघ कुशीनगर के मंत्री भंते डॉ नन्द रतन और आयोजक मंडल से जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने नगरपालिका कुशीनगर की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला और स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी से बुद्ध मार्ग, मंदिर मार्ग और सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई के निर्देश दिए। बुद्ध जयंती को लेकर कुशीनगर को पंचशील के झंडो से सजाया जा रहा है। बुद्ध जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर पंचशील का ध्वज दिखाकर करेंगे। इस दौरान एडीएम कुशीनगर वैभव कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल, पिछड़ा आयोग सदस्य बासुदेव मौर्य, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार, थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह, राम नगीना आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ से निपटने के लिए स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी श्री महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों बाढ़ से पूर्व कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में 11 निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 जून तक प्रत्येक दशा में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि सभी अवर अभियंता को सक्रिय करें तथा उनके द्वारा प्रत्येक दिन निर्माण कार्यों की निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं चलकर सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करूंगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ चौकियों का निरीक्षण करें एवं फोन नंबर को सक्रिय कर दिया जाए ।जिलाधिकारी में निर्देश दिया ड्रेन सफाई कार्यों को चिन्हित कर विभाग वार सूची तैयार करें तथा उसकी सूची एवं रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड सिंचाई द्वारा राजस्व विभाग, जिला पूर्ति विभाग, चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग ,पंचायती राज, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा शिक्षा विभाग के द्वारा बाढ़ के दौरान किए जाने वाले संपूर्ण कार्यों एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी से जिला अधिकारी महोदय को अवगत कराया। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, बाढ खंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीसी मनरेगा, जिला गन्ना अधिकारी, कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




## देवरिया की बेटी शाम्भवी ने आईसीएसई में 94 प्रतिशत अंक किया हासिल

देवरिया। जिले की होनहार बेटी शाम्भवी त्रिपाठी ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से देवरिया और लखनऊ दोनों जगह खुशी का माहौल है। शहर के रामनाथ देवरिया निवासी स्वामी कार्तिकेय तिवारी की नातिन एवं शिवेंद्र त्रिपाठी की पुत्री शाम्भवी ने सिटी मोंटेसरी स्कूल, महानगर लखनऊ से परीक्षा उत्तीर्ण की। परिणाम घोषित होते ही देवरिया स्थित आवास और रुद्रपुर में बधाई देने वालों का तांता लग गया। शाम्भवी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा देवरिया के एक कॉन्वेंट स्कूल से छठी तक प्राप्त की, जिसके बाद उच्च शिक्षा के लिए लखनऊ चली गईं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने नियमित स्वाध्याय को दिया। उन्होंने बताया कि स्कूल के अलावा प्रतिदिन 5 से 6 घंटे तक सेल्फ स्टडी की और किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया।भविष्य की योजनाओं के बारे में शाम्भवी ने बताया कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना चाहती हैं। उनके पिता शिवेंद्र त्रिपाठी ब्लॉक में एपीओ के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता बबीता त्रिपाठी गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। शाम्भवी ने कहा कि वह आगे भी और बेहतर प्रदर्शन कर परिवार के सपनों को साकार करना चाहती हैं। उनकी दादी विमला त्रिपाठी जूनियर हाईस्कूल की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं, जिनका मार्गदर्शन भी उन्हें लगातार मिलता रहा है। इस उपलब्धि पर पूर्व शिक्षिका प्रभावती देवी, इंद्रसेन त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, उमेश शाही, डॉ. बबलू कुशवाहा, डॉ. अनुज श्रीवास्तव, आनंद वर्मा, नित्यानंद पांडेय, डॉ. ए.के. वर्मा, डॉ. त्रिगुण नारायण पांडेय, संदीप त्रिपाठी, अंशु मिश्रा, अरुण मद्धेशिया, बबलू मद्धेशिया सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने फोन कर बधाई दी।

## थाना राधानगर में मिट्टी माफिया बेलगाम



**फतेहपुर।** जनपद के राधानगर थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का खेल अपने चरम पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बडनपुर गांव से संचालित एक संगठित गिरोह, जिसे क्षेत्र में पाल मिट्टी माफिया के नाम से जाना जा रहा है खुलेआम प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए जेसीबी मशीनों से बड़े पैमाने पर खुदाई करा रहा है ।ग्रामीणों के अनुसार, यह अवैध कारोबार अब छिपा हुआ नहीं बल्कि सिस्टमेटिक नेटवर्कह्व के रूप में संचालित हो रहा है। दिन हो या रात जेसीबी की गर्जना और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही आम बात बन चुकी है। खेतों, चरागाहों और खाली पड़ी जमीनों को निशानाबनाकर गहरे गड्ढे खोदे जा रहे हैं, जिससे न सिर्फ भू संतुलन बिगड़ रहा है बल्कि आसपास के इलाकों में हादसों का खतरा भी कई गुना बढ़ गया है। मिट्टी काटे जाने की बात सामने आ रही हैजो बरसात के मौसम में बड़े सबसे गंभीर आरोप स्थानीय स्तर पर मिलीभगत को लेकर लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खनन कार्य से पहले संकेत दिए जाते हैं और फिर रात के अंधेरे में तेजी से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए मिट्टी को विभिन्न प्लॉटों और निर्माण स्थलों पर डंप कर दिया जाता है। आरोप यह भी है कि थाने से कथित ह्लसेटिंगह्व के चलते यह अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होना लोगों के संदेह को और गहरा कर रहा है ।ध्यान देने वाली बात यह है कि हाल ही में जिला प्रशासन ने अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने इसके बावजूद जमीनी हकीकत इन आदेशों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रशासनिक सख्ती केवल कागजों तक सीमित है, या फिर स्थानीय स्तर पर कहीं न कहीं लापरवाही या मिलीभगत इस पूरे खेल को संरक्षण दे रही है। इस तरह का अनियंत्रित मिट्टी खनन दीर्घकालिक रूप से बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इससे भूमि की उर्वरता घटती है, जलस्तर प्रभावित होता है और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है। वहीं, खुले गड्ढे बच्चों और पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं ।ग्रामीणों में अब इस पूरे मामले को लेकर गहराआक्रोश है। कई लोगों का कहना है कि लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन में शामिल लोगों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की जाए संबंधितअधिकारियों की भूमिका की जांच हो और क्षेत्र में सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाए ।अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कितनी तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करता है क्योंकि फिलहाल तोराधानगर थाना क्षेत्र में मिट्टी माफिया का बेखौफ राज चर्चा का विषय बना हुआ है ।वही मौके में थाना प्रभारी से बात की गई उन्होंने कहा कार्यवाही अवश्य की जाएगी

## महिला किसान रीता देवी ने लिखी सशक्तीकरण की कहानी

**कसया, कुशीनगर।** कसया तहसील के बकनहां में महिला किसान श्रीमती रीता देवी पत्नी नरेन्द्र कुशवाहा ने मुर्गी पालन करके आत्मनिर्भर बन महिला सशक्तिकरण की मिशाल बन गई हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। मुगीर्पालक महिला किसान की सफलता की कहानी जानने के लिए गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र - पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, गन्ना विकास सलाहकार ओम प्रकाश गुप्ता ने बकनहां में मुर्गी पालन फार्म देखा। रीता देवी ने बताया कि इस मुगीर्पालन में हमारे पति का विशेष योगदान है। फार्म 54 सौ वर्ग फीट में बना है, 45 सौ चूजा पालने की क्षमता है। सगुना कम्पनी चूजा, दाना देती है। जाड़े में 35 दिनों में व गर्मी में 40 दिनों में एक चूजा का वजन दो किलो का हो जाता है, सबसे कम दिनों में आमदनी का साधन है। श्री गुप्ता ने पूछने पर श्रीमती देवी एवं उनके पति ने बताया दो किलो का मुर्गा होने के लिए 3 किलो दाना खाती है, 6 लीटर पानी पीती है, यह 35 दिनों का आंकड़ा है। गन्ने की खेती भी करती हूँ, उसमें लागत बहुत है, मजदूर नहीं मिल रहे, साल भर बाद पैसा मिलता है। मुर्गी पालन में 35 से 40 दिन में हमको 90 हजार से एक लाख रूपया बचता है प्रति बैच साल में 6 बैच निकलता है, औसतन 45 से 50 हजार रूपया प्रति माह की मिल रहा है। इस उद्यम में मेरा लड़का युवराज सहयोग करता है। मुझे सगुना कम्पनी द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व सहायक निदेशक गुप्ता लोगों को पशुपालन, मुगीर्पालन, मछली पालन, बकरी पालन गन्ने के साथ सहफसली खेती एवं सब्जी की खेती के प्रति जागरूक करते रहते हैं। रीता देवी ने बताया कि अपने खेत में मुर्गी की खाद डालती हूँ तो गन्ना, गेहूँ, धान आदि की फसल की उपज बढ़ जाती है। मुर्गी की खाद दूसरे किसान खरीद कर भी ले जाते हैं, इससे भी आय होती है। गाय भी पालन कराऊँगी। श्री गुप्त ने कहा कि ।पोल्ट्री व्यवसाय से युवा आत्म निर्भर होंगे। कृषि वैज्ञानिक भारत सरकार डॉ॰ आलोक गुप्ता की माँ श्रीमती कमला गुप्ता को धन्यवाद देती हूँ।

## लखपति महिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ल

ाखपति महिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम की प्रगति की विभागवार एवं बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जनपद में चिन्हित की गई महिलाओं को आजीविका के विभिन्न आयामों जैसे–कृषि आधारित गतिविधियां, पशुपालन, लघु उद्यम, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चयनित महिला को उसकी रुचि एवं स्थानीय संसाधनों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन हेतु स्थानीय बाजारों, मेलों, हाट-बाजार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एवं सरकारी आयोजनों में स्टॉल उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सके। बैठक में निर्देशित किया गया कि लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का चयन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाए तथा उनकी प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, सफल महिलाओं के उदाहरणों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने पर बल दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, उपायुक्त (स्वयं सहायता समूह), जिला मिशन प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं मिशन से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहे।

## तेज आंधी व तूफान से हुई हानि की हो भरपाईः घनश्याम वर्मा

अयोध्या। 29 अप्रैल 2026 को तेज आंधी एवं तूफान और बरसात से जनपद में काफी गरीबों के आशियाना उजड़ गए, वृक्ष टूट गए, बिजली के खंभे तार टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, फसलों को नुकसान हुआ जनपद में दर्जनों लोगों की मृत्यु हो गई तथा कई लोग घायल हो गए हैं जिनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है धन, जनहानि की क्षतिपूर्ति कराया जाना चाहिए। उक्त मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि तेज आंधी और तूफान से गरीबों के छप्पर, टीन सेट उड़ गए तमाम वृक्षों, पेड़ों के गिरने से मकान ढह गए तथा लोगों की जाने चली गई तेज तूफान के कारण बिजली के खंभे व तार टूट गए जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित चल रही है बीकापुर तहसील में बरसात होने के कारण गेहूं की मढाई से वंचित किसानों का गेहूं बर्बाद हो गया। घनश्याम वर्मा ने कहा कि मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपए तथा घायलों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिया जाए और मकानों ,वृक्षों तथा फसलों की क्षतिपूर्ति बाजार भाव से तत्काल की जानी चाहिए।

# ओपेक में बिखराव

वैश्विक तेल कीमतों में स्थिरता के लिहाज से यह शुभ संकेत है कि अब ओपेक में बिखराव हो रहा है। ओपेक ने एक लंबे समय तक तेल कीमतों पर नियंत्रण किया है, लेकिन अब उसके हाथ से सब कुछ निकल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तेल निर्यात करने वाले देशों के 12 सदस्यीय समूह ओपेक से अलग होने का फैसला किया है। यह तेल उत्पादक देशों का ऐसा समूह है जिसने दशकों से तेल बाजार को प्रभावित किया है। ओपेक में तीसरे सबसे बड़े तेल उत्पादक यूएई ने 22 सदस्यीय ओपेक प्लस गठजोड़ से भी अलग होने का निर्णय लिया है। उसके इस निर्णय के लिए आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह की वजहों का हवाला दिया जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर इससे यूएई को समय के साथ अपनी क्षमता और उत्पादन बढ़ाने का और अधिक अवसर मिलेगा। स्पष्ट रूप से ध्यान कीमत पर नहीं बल्कि मात्रा पर अधिक है। अनुमानों के अनुसार, यूएई के पास प्रतिदिन लगभग 50 लाख बैरल उत्पादन की क्षमता है, लेकिन वर्तमान ओपेक कोटा के तहत उसे केवल लगभग 34 लाख बैरल प्रतिदिन पंप करने की अनुमति दी गई, जिसे वह अनुचित मानता है। इस प्रकार, वह वैश्विक आपूर्ति को जल्दी बढ़ा सकता है, जिससे कीमतें कम करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक मोर्चे पर, यूएई कथित रूप से इस बात से असंतुष्ट है कि क्षेत्र के देश ईरान मामले से कैसे निपटे। हालिया युद्ध के दौरान उसे काफी अधिक हमलों का सामना करना पड़ा। अधिक तेल मात्रा से होने वाली अधिक राजस्व आय पिछले दो महीनों में हुए नुकसान की भरपाई करने में मदद करेगी। यूएई के बाहर निकलने से ओपेक के भविष्य और वैश्विक तेल कीमतों को प्रभावित करने की उसकी क्षमता पर सवाल उठे हैं।




किसी भी स्थिति में, हाल के वर्षों में वैश्विक कच्चे तेल बाजार में उसका प्रभाव घटा है। इसके लिए आंशिक रूप से अमेरिका में बढ़ा हुआ तेल उत्पादन भी योगदान करता है। कई मौकों पर ओपेक सदस्यों ने अधिक तेल पंप किया ताकि कीमतें अपेक्षाकृत कम स्तर पर बनी रहें और अमेरिकी शेल तेल उत्पादन में निवेश को अव्यवहार्य बनाया जा सके। फिर भी, अमेरिका में तेल उत्पादन लगातार बढ़ता रहा है। अब यूएई के बाहर निकलने के साथ, संभव है कि कुछ अन्य ओपेक सदस्य भी निवेश और उत्पादन से संबंधित निर्णय लेने में अधिक स्वतंत्रता पाने के लिए बाहर निकलना चाहें। इससे मध्यम अवधि में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। किसी भी स्थिति में, अतीत में ऐसे उदाहरण रहे हैं जहां ओपेक सदस्य अपने दिए गये कोटे का पालन नहीं कर पाये, जिससे कीमतों को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित हुई। हालांकि यूएई के बाहर निकलने का प्रभाव तभी दिखाई देगा जब होर्मुज स्ट्रेट में दोहरी नाकाबंदी को हटाया जायेगा। वर्तमान स्थिति में, इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध कितने समय तक जारी रहेगा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ईरान द्वारा दिए गये प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को स्वीकार्य नहीं हैं। स्ट्रेट पर अमेरिकी नाकाबंदी के साथ, ट्रंप ईरान पर आर्थिक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं, जो फिलहाल कारगर नहीं दिख रहा है। इस क्षेत्र से जब तेल आपूर्ति का दोबारा शुरू होना अल्पावधि में अनिश्चित बना हुआ है, ओपेक की कमजोरी मध्यम अवधि में स्थायी रूप से तेल की कीमतें कम करने में मदद कर सकती है। भारत अपनी कच्चे तेल की खपत के 85 फीसदी से अधिक के लिए आयात पर निर्भर करता है। इसलिए उसे कम कीमतों से लाभ होगा। यूएई भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। दोनों देश अधिक मात्रा में तेल व्यापार के लिए दीर्घकालिक अनुबंध कर सकते हैं, जिससे अधिक स्थिरता और पूवार्नुमान सुनिश्चित होगा। इसलिए ओपेक का बिखरना भारत के लिए शुभ है। भारत को यूएई से लंबी अवधि का तेल खरीद समझौता कर कीमतों में स्थिरता बनाये रखना चाहिए।

### विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता से बड़ा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता है।

–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

# श्रमिकों के साथ अपनायें मानवीय दृष्टिकोण



अरविन्द जयतिलक

आज विश्व श्रमिक दिवस है। यह दिवस श्रम के अधिकारों के बारे में जागरुकता प्रसारित करने और उपलब्धियों को संदर्भित करने के लिए मनाया जाता है। श्रमिक दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में सामाजिक-आर्थिक अधिकारों को प्राप्त करना है जिससे विश्व समाज मानवीय बन सके। लेकिन यह चिंताजनक है कि तमाम वैश्विक प्रयासों के बावजूद भी श्रमिक वर्ग बदहाली के दलदल से बाहर नहीं आ सका है। वह आर्थिक बदहाली का दंश झेलने के साथ ही अपने अधिकारों से भी वंचित है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक आज की तारीख में विकासशील देशों में 70 करोड़ से अधिक श्रमिक गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। यह वर्ग प्रतिदिन 3.50 डॉलर प्रति व्यक्ति की आय से खुद को उपर नहीं उठा पा रहा है। विकास और प्रगति की दर बेहद धीमी और निराशाजनक है। सच कहें तो विकासशील देश बढ़ते श्रम बल के साथ श्रमिकों को बेहतर जीवन देने में नाकाम हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 65 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से प्राप्त होता है। इनमें भी असंगठित क्षेत्र का लगभग 48 प्रतिशत के आसपास महिला कामगारों का है। विचार करें तो महिलाओं पर उत्पादन कार्य और प्रजनन का दोहरा बोझ है। इन महिला श्रमिकों का जीवन बदतर और बदहाल है। जबकि आजादी के बाद से ही देश की सरकारें कल्याणकारी योजनाओं और सुधारवादी कानूनों के जरिए कृषि श्रमिकों, बाल श्रमिकों, महिला श्रमिकों एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने में जुटी हैं। कृषि-श्रमिकों की बात करें तो यह वर्ग भारतीय समाज का सबसे दुर्बल अंग बन चुका है। यह वर्ग आर्थिक दृष्टि से अति निर्धन तथा सामाजिक दृष्टि से अत्यंत शोषित है। इस वर्ग की आय बहुत कम है। यह वर्ग गरीबी

> अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए पहले ही रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल की जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं।




रेखा के नीचे जीवन गुजारने को अभिशप्त हैं। अधिकांश कृषि-श्रमिक भूमिहीन तथा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों से हैं। इनके बिखरे हुए एवं असंगठित होने के कारण किसी भी राज्य में इनके सशक्त संगठन नहीं है जो इनके अधिकारों की रक्षा कर सके। नतीजा उनकी समस्याएं दिनों दिन सघन हो रही हैं। देश में कृषि मजदूरों की संख्या में हर वर्ष इजाफा हो रहा है। यह स्थिति तब है जब कृषि-श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार अनेक कार्यक्रम शुरू किये हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि कृषि करने वाले किसान ही कृषि-श्रमिक बन रहे हैं। दरअसल प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ ने किसानों को दयनीय बना दिया है। हां यह सही है कि सरकार ने कृषि-श्रमिकों आर्थिक एवं सामाजिक दशाओं में सुधार के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम गढ़ा है। लेकिन इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन न होने से श्रमिकों की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बेहतर होगा कि सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे तथा साथ ही श्रमिकों के कार्यो के घंटों का नियमन करे। यह भी सुनिश्चित करें कि अगर कृषि-श्रमिकों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो उन्हें उसका उचित भुगतान हो। साथ ही भूमिहीन कृषि-श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए उन्हें भूमि दी जाये। जोतों की अधिकतम सीमा के निर्धारण द्वारा प्राप्त अतिरिक्त भूमि का उनके बीच वितरण किया जाए। भू आंदोलन के अंतर्गत प्राप्त भूमि का वितरण करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जाए। गौर करें तो महिला श्रमिकों की हालत पुरुष श्रमिकों से ज्यादा त्रासदी और चुनौतीपूर्ण है। एक आंकड़े के मुताबिक विश्व के कुल काम के घंटों में से महिलाएं दो तिहाई काम करती हैं। लेकिन इसके बदले में उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत ही आय प्राप्त होता है। भारतीय संदर्भ में महिला श्रमिकों की बात करें तो पिछले दो दशक के दौरान श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

भारत में अधिकतर महिलाएं विशेष रूप से गामीण महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं। पर चिंता की बात यह है कि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि एक श्रमिक के रुप में महिला श्रमिकों की पुरुष श्रमिकों से अलग समस्याएं होती हैं। लेकिन इसका श्रम कानूनों में कोई उल्लेख नहीं हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। उचित होगा कि देश की सरकारें इस दिशा में सुधारवादी कदम उठाएं। यहां जानना आवश्यक है कि संगठित क्षेत्र में हजारों श्रमिक संगठन हैं। ये संगठन अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हैं और सरकार से अपनी मांग पूरा कराने में भी कामयाब होते हैं। लेकिन असंगठित क्षेत्र को यह लाभ नहीं मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि छोटे व सीमांत किसान, भूमिहीन खेतिहर मजदूर, हिस्सा साझा करने वाले, मछुवारे, पशुपालक, बीड़ी रोलिंग करने वाले, भठ्ठे पर काम करने वाले, पत्थर खदानों में लेबलिंग एवं पैकिंग करने वाले, निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं में कार्यरत श्रमिक, चमड़े के कारीगर इत्यादि असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। अच्छी बात है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में आने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम को अधिनियमित किया है। लेकिन जब तक सरकार सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को कड़ाई से क्रियान्वयन नहीं कराएगी तब तक उसका समुचित लाभ श्रमिक वर्ग को नहीं मिलेगा। यह सच्चाई है कि सख्त कानून के बावजूद भी कल-कारखाने, कंपनियां और उद्योग समूह अपने कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। कोरोना महामारी के समय तो हालात और भी अधिक बदतर हो गए थे। ऐसे में आवश्यक कि सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ऐसी कंपनियों और उद्योगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। चिंता की बात यह भी है कि बाल श्रमिक से जुड़े नए-नए कानूनी प्रावधानों के गढ़ने के बावजूद भी बालश्रम मिटाने की चुनौती बरकरार है। विश्व स्तर पर दुनिया भर में 15.20 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं।

भारत की बात करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार तकरीबन एक करोड़ बाल श्रमिक हैं। इनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल श्रमिकों की दुर्दशा को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए सरकार को ताकीद किया था कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो। लेकिन इस सख्त आदेश के बावजूद भी बाल श्रमिकों की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 व 24 में स्पष्ट प्रावधान है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। लेकिन दुखद पहलू यह भी कि बाल श्रम से जुड़े बच्चों का इस्तेमाल वेश्यावृत्ति, पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में हो रहा है। एक जिम्मेदार राष्ट्र व संवेदनशील समाज के लिए यह स्थिति माथे पर कलंक जैसा है। वैश्विक आंकडों से उद्घाटित हो चुका है कि आज भारत 14 साल से कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिकों वाला देश बन चुका है।

### सोशल मीडिया

अविनाशी काशी में बेहतर कनेक्टिविटी, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधुनिक इन्फ्रा से जुड़ी ये परियोजनाएं काशी एवं उत्तर प्रदेश के विकास को ऊंचाई पर ले जायेंगी। जेपी नड्डा.



भाजपा ने परिसीमन के नाम पर षड़यंत्र का जाल बिछाकर पहले महिला आरक्षण को आने से रोका, महिला आरक्षण को अब सशक्तीकरण का नाम देकर टाल रहे हैं। अखिलेश यादव.



मणिपुर में बीएसएफ जवान के घर सोते दो नन्हें बच्चों की हत्या की खबर दिल को चीर देने वाली है। राज्य में हिंसा के तीन साल बाद भी शांति के संकेत नजर नहीं आते। राहुल गांधी.



# कृत्रिम रक्त के विकास का बढ़ता इंतजार



अनुसंधान

दुनियाभर के सैकड़ों वैज्ञानिक आज से नहीं 19वीं शताब्दी के आखिरी सालों से ही एक ऐसे कृत्रिम खून का सपना देख रहे हैं, जो किसी मरीज को बिना ब्लड ग्रुप मैच करने की चिंता और इंफेक्शन के डर के चढ़ाया जा सके। हीमोग्लोबिन के इर्दगिर्द बनाये गये कई विकल्प अब तक तैयार भी हुए हैं और कई बार ऐसा भी लगा है कि खोज पूरी हो गई। लेकिन अंततः ये सारे विकल्प नाकाम साबित हुए, क्योंकि इनके इस्तेमाल से हार्ट अटैक और मौत का काफी ज्यादा जोखिम बढ़ गया। हालांकि इन दिनों वैज्ञानिक कृत्रिम खून के एक बिल्कुल ठोस विकल्प स्टेम सेल के जरिये यह खून बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन अभी भी इसे क्लीनिकल ट्रायल को पूरा करना है और उसके पहले ही कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो गई हैं। बावजूद इसके स्कॉटलैंड स्थित एडिनबरा यूनिवर्सिटी के अनुसंधान में लगे वैज्ञानिक उम्मीद से हैं कि जल्द ही वयस्कों के बोन मेरो में बढ़ने वाले स्टेम सेल से यह कृत्रिम रक्त बना लिया जायेगा, जो ओ नेगेटिव कैटेगिरी का होगा और दुनिया के करीब 98 फीसदी जरूरतमंदों के काम आयेगा।

दरअसल कृत्रिम रक्त एक ऐसा उत्पाद है जिसे लाल रक्त कोशिकाओं को प्रतिस्थापित करने के लिए डिजाइन किया जाना है, जिनका काम पूरे शरीर में ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड का परिवहन करना होता है। इसीलिए वैज्ञानिक हीमोग्लोबिन आधारित ऑक्सीजन वाहक या पेरफ्लोरो कार्बन की खोज में हैं। हालांकि शेफील्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वह एक कृत्रिम 'प्लास्टिक रक्त' विकसित कर रहे हैं, जो आपात स्थिति में पलभर में इस्तेमाल किया जा सकता है। वैसे वैज्ञानिकों की खोज का यह सफर 19वीं शताब्दी के आखिरी दशकों में (साल 1883 में) रिंगर घोल के निर्माण के साथ ही न सिर्फ शुरू हो गया था बल्कि लगने लगा था कि कृत्रिम खून का विकास अब कुछ ही कदम दूर है। क्योंकि रिंगर के घोल ने वैज्ञानिकों को रक्त की शरीर में भूमिका को अच्छी तरह से उजागर कर दिया था, वैज्ञानिक समझ गये थे कि वास्तव में रक्त शरीर में पावर ऑफ हाइड्रोजन को संतुलित करता है और यह काम वह अपने आइसोटोनिक दबाव से करता है। रिंगर घोल पानी में घुले कई लवणों का मिश्रण होता है। यह किसी जानवर के शरीर के तरल पदार्थ के सापेक्ष एक आईसोटोनिक घोल बनाने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। इसमें सोडियम क्लोराइड, पौटेशियम क्लोराइड, कैल्शियम क्लोराइड और सोडियम बाई कार्बोनेट होता है। इस घोल का इस्तेमाल पीएच को संतुलित करने के लिए किया जाता है।

पीएच दरअसल पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी की हाइड्रोजन की शक्ति होती है। रिंग का घोल दरअसल किसी को लगे आघात, सर्जरी या जलने के मामले में हुए रक्त नुकसान की भरपायी के लिए होता है। यह घोल गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति में हुए रक्त के नुकसान की भरपायी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि इसमें रक्त के समान दबाव या वजन होता है। कुछ साल पहले अमेरिका में डॉक्टरों ने एक 20 वर्षीय महिला बेस लिन, जो कि एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी (टीबीआई) से गुजरी थी और चूंकि उसे बचाने के लिए तुरंत सर्जरी की जरूरत थी, इसलिए डॉक्टरों ने उसकी मां से अमेरिका के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से गैर मान्यता प्राप्त एक दवाई इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी, जो उनके मुताबिक सर्जरी के समय बेस लिन के दिमाग को ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकती थी। लिन की मां द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी के लिए इस दवा यानी कृत्रिम रक्त 'ऑक्सीसाइट' का इस्तेमाल किया। यह वही कृत्रिम रक्त था, जिसके तत्वों को वर्जिनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ने जानवरों पर किए गए परीक्षण के दौरान, दिमाग की क्षति से संबंधित करीबन आधे प्रभावों को नाकाम करने में सफलता पायी थी। तब तक कृत्रिम रक्त के परिवार में ऑक्सीसाइट सबसे नया उत्पाद था। ऑक्सीसाइट से फेज 2 में इलाज किए गए आठ मरीजों में से मात्र एक की मृत्यु हुई थी और जीवित रोगियों में ठीक होने की क्षमता बेहतर रही। बेस लिन के मामले में भी इसका इस्तेमाल सफल रहा था, क्योंकि भयानक रूप से दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी दो हफ्तों बाद उसके अंदर पुनः चेतना आ गई थी और उसने अपने लकवाग्रस्त दाहिने हिस्से को भी बेहतर पाया था। **अपराजिता.**

# विराट ब्रह्म की अनुभूति

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

# रोटी के पड़ जायेंगे लाले...

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।



पूरन सरमा

## आपकी बात

### पहलगाम के एक वर्ष

आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को देश की संप्रभुता को चुनौती दी थी। उन्होंने भारत की प्रभुता, अर्थव्यवस्था पर प्रहार किया था। देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेगुनाहों का कत्लेआम किया। ऐसे में यह समय की मांग है कि इन आतंकी शैतानों को मिट्टी में मिलाया जाये। कश्मीर में आतंकी बार-बार दुस्साहस कर रहे हैं। इसलिए इनका खात्मा जरूरी हो गया है। दरअसल ये आतंकी जो भारत में रक्तपात करते हैं, सही मायने में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के दुमछल्ले हैं। पाक सेना की रोटी पर पलते हैं और उसके इशारों पर काम करते हैं। इनकी इतनी हिम्मत नहीं है कि सेना के आदेश के बिना इतनी बड़ी आतंकी हरकत को अंजाम दे पायें। अगर इस हमले के समय की परिस्थितियों को देखें तो बात स्पष्ट है कि पहलगाम में जिस टीआरएफ ने खूनखराबा किया और देश-विदेश के 27 बेगुनाह नागरिकों को मौत के घाट उतारा, उसके पीछे पाकिस्तानी सेना की साजिश थी। इसका संकेत जनरल आसिफ मुनीर ने घटना से पहले ओवरसीज पाकिस्तानी कॉन्फ्रेंस में दिया था। मुनीर ने हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था और कश्मीर को पाकिस्तान का बताया था। आतंकियों ने वही किया जो मुनीर ने कहा था। उन्होंने चुन-चुन कर हिन्दुओं को मारा और कश्मीर को तब सुर्खियों में लाने की कोशिश की जब देश में अमरीकी उपराष्ट्रपति मौजूद थे। कश्मीर में धारा 370 को खत्म किये जाने के बाद सुरक्षा के माहौल में जो व्यापक सुधार हुआ था।

कश्मीर में पर्यटन और कारोबार फिर से लौटा था। यह सब पाकिस्तानी सेना के खिलाफ जा रहा था। सेना दरअसल पाकिस्तान में कश्मीर का चूरन बेंचकर ही बीते छह-सात दशकों से राज कर रही है। ऐसे में जनरल मुनीर ने कश्मीर में टीआरएफ के जरिए खून-खराबा कराकर जहां कश्मीर का अंतर्राष्ट्रीय करण करने की कोशिश की थी, वहीं ब्लूचिस्तान में सेना की विफलता से ध्यान भटकाने की मंशा भी इसमें शामिल रही। बहरहाल यहां मुद्दा यह नहीं है कि पाकिस्तान ने पहलगाम नरसंहार को किस मंशा से अंजाम दिया था। असली मुद्दा यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत आगे क्या करेगा? यही वह सवाल है जो देशवासियों को पहलगाम नरसंहार के बाद झकझोर रहा है। पाकिस्तान को जवाब देने के लिए फिलहाल भारत के पास बहुत विकल्प हैं। इसलिए पाकिस्तान के खिलाफ एक लंबी कूटनीतिक और आर्थिक जंग छेड़ कर न सिर्फ पहलगाम का बदला लिया जा सकता है बल्कि पाकिस्तान को कम से कम दो-तीन टुकड़ों में बांटा भी जा सकता है। फिलहाल कश्मीर में पाकिस्तान आतंकवाद कराता रहेगा। जब भी कश्मीर समस्या हल होते दिखेगी तो पाकिस्तान आग लगाकर सुलगा देगा। इसलिए अब सिर्फ आतंकियों को मारने से या सैन्य आपरेशन से ही बात नहीं बनेगी। ट्रंप युग में पाकिस्तान अमरीका का दुलारा हो गया है। ऐसे में भारत को दुनिया की परवाह किये बिना पाकिस्तान विद्रोह भड़काना चाहिए। सिंध, ब्लोचिस्तान और खैबर में पाकिस्तान विरोधी गुटों की मदद कर पाकिस्तान को कमजोर करना चाहिए और उसे आतंरिक मामलों उलझाकर कमजोर करना चाहिए। यही पाकिस्तान के खिलाफ भारत का उचित बदला होगा।

**ब्रजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### औद्योगिक पिछड़ापन

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी थी।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## तेज आवाज में बज रहे डीजे को जीप समेत किया सीज

**ललितपुर।** शहर में ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तेज आवाज में बज रहे डीजे को जीप समेत सीज कर दिया। यह कार्रवाई सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस चैकी इंचार्ज अनिल कुमार के नेतृत्व में चेतक 04 पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा देर रात की गई। बीती देर रात करीब 11 बजे सदनशाह बुढ़वार रोड स्थित शहनाई गार्डन के बाहर एक डीजे तेज ध्वनि में बज रहा था। बारात पहुंचने के बाद भी अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने से आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए डीजे को कोतवाली ले जाकर सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, डीजे में प्रयुक्त महिंद्रा मार्शल जीप के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। वाहन को अजय नामक चालक चला रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि जीप की फिटनेस वर्ष 2019 में और बीमा वर्ष 2018 में ही समाप्त हो चुका था। इन अनियमितताओं और ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का उल्लंघन कर तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवैध शराब के कारोबार से गांवों में दहशत

**ललितपुर।** महरौनी तहसील अंतर्गत थाना सौजना क्षेत्र के गांवों में अवैध शराब की बेधड़क बिक्री ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं का जीना मुहाल कर दिया है। इस गंभीर समस्या को लेकर सामाजिक संगठन न्याय दूत ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक मार्मिक अपील जिला प्रशासन के माध्यम से भेजी है। पत्र में संगठन के संस्थापक रामबाबू चैबे ने आरोप लगाया है कि शासन द्वारा निर्धारित सरकारी शराब के ठेकों के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सौजना थाना क्षेत्र के लगभग हर गांव में सरकारी दुकान के अलावा 5 से 6 अन्य अवैध ठिकानों पर शराब बेची जा रही है। शिकायती पत्र के अनुसार इन अवैध ठिकानों के कारण गांवों में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। नशे में धुत व्यक्ति राह चलती महिलाओं और छोटी बच्चियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति इतनी भयावह है कि किसी भी समय कोई गंभीर अप्रिय घटना घट सकती है। न्याय दूत संगठन ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए अवैध शराब के इस काले कारोबार को तत्काल बंद कराये जाने, पूरे मामले की गोपनीय स्तर पर जांच हो ताकि दोषियों और इसमें संलिप्त लोगों का पदार्फाश हो सके, शराब की बिक्री केवल अधिकृत सरकारी दुकानों तक ही सीमित रखी जाए। पत्र के अंत में अपील की गई है कि जनहित और महिला सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन जल्द से जल्द कदम उठाए, ताकि गांव की बेटियां और महिलाएं निर्भीक होकर अपने घरों से बाहर निकल सकें।

## पथ विक्रेताओं को मिलेगा 50 हजार तक ऋण

**ललितपुर।** शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के दूसरे चरण (फेज-2) का संचालन जारी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों से आवेदन करने की अपील की है, जो अब तक योजना का लाभ नहीं ले सके हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि इच्छुक पथ विक्रेता नगर पालिका सभागार में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, दो फोटो, वेंडिंग सर्टिफिकेट, बैंक पासबुक और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। इसके अलावा, जो लाभार्थी द्वितीय ऋण का पूरा भुगतान कर चुके हैं, उन्हें 30 हजार रुपये तक की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। द्वितीय चरण में योजना का विस्तार करते हुए जनपद के विकास खंड तालबेहट के वनगुवांकलां तथा महरौनी क्षेत्र के किसरदा, कुआंघोषी और महरौनी ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, जिससे अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को लाभ मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को जिलाधिकारी ने की बैठक



**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलक्टेªट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित किये गये कॉरीडोर में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने को एक सप्ताह में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कालूकुआं चैराहे एवं

● **कालूकुआं चौराहा, महाराणा प्रताप चैक में लगेगा ट्रैफिक सिगनल**

महाराणा प्रताप चैक पर टैªफिक सिगनल लगाये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सडक दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने को बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट एवं ओवरलोड वाहनों, डिंªक एवं ड्राइव के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। हिट एंड रन के मांमलों में तत्काल कार्यवाही, दावा जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने राहगीर योजना के अन्तर्गत जो व्यक्ति सडक दुर्घटना में मृतक को दो लाख, घायल को 50 हजार की धनराशि दिये जाने का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग ने फिटनेश समाप्त वाहनों को संचालित न करने के निर्देश दिये। निर्देशित किया कि विद्यालय संचालक अपने विद्यालय में संचालित वाहनों का फिटनेस अवश्य करायें। सडक सुरक्षा जागरूकता के अन्तर्गत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। श्रीनाथ विहार के पास ढीले विद्युत तारों को ठीक कराये जाने के संबंध में अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये। सडक मार्गो पर ट्रक न खडे किये जाने के निर्देश दिये। निर्देशित किया कि ऐसे वाहनों को होल्डिग एरिया में खडा किया जाए। चिन्हित होल्डिंग एरिया के स्थान को समतल किये जाने एवं होल्डिग एरिया का बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में हेलमेट एवं सीटबेल्ट चेक किये जाने का अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। रोडवेज की बसों के कारण जाम लगने की समस्या के लिए शहर के बाहर रोडवेज बस स्टैंड हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। तेज स्पीड वाहन चालकों एवं स्टंट करने वालों के विरूद्ध भी कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। ब्लैक स्पाट स्थानों पर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने को आवश्यक व्यवस्थायें एवं साइनेज लगाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं ज्वाइंट मजिस्टेªट सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बोरों की की कमी, सर्वर की समस्या से किसान परेशान बारिश से भींगा गेहूं

जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले में खाद्य विभाग की लचर व्यवस्था के चलते किसानों के गेहूं की खरीद नहीं हो पा रही है। बोरों की कमी और सर्वर की समस्या के कारण सैकड़ों किसान परेशानहाल सत्यापन को लेकर लेखपालों के चक्कर लगा रहे हैं। लेखपाल यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि सर्वर नहीं चल रहा है।

सदर तहसील सहित पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां गांव स्थित गेहूं खरीद केंद्र में हजारों क्विंटल गेहूं पिछले एक महीने से पड़ा है। बीते दिवस हुई बारिश से किसानों का गेहूं भींग गया। समय से तौल न हो पाने की वजह से क्षेत्र का किसान अपने अनाज की रखवाली करने को विवश है। खराब मौसम के चलते क्षेत्र का किसान अनाज को बचाने के लिए पन्नियां डाले हुए रखवाली कर रहा है। एक महीने की अवधि गुजर जाने के बाद किसानों के अनाज की अभी तक तौल नहीं हो सकी है। इसकी वजह से क्षेत्र का ज्यादातर किसान महंगे दाम का गेहूं कौड़ियों के भाव गल्ला व्यापारियों को बेचने के लिए विवश है। कस्बे के किसान राजेंद्र यादव, अंकित सिंह तोमर, ज्ञानेंद्र मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, संत खेंगर आदि ने बताया है कि गेहूं खरीद केंद्र में पिछले एक महीने से हमारा गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। कई बार बरसात में भीग भी चुका है परंतु उसकी तौल देर से शुरू होने एवं बोरियों की कमी के चलते समय से गेहूं की तौल नही हो रही। क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है। खरीद केंद्र प्रभारी सुनील सिंह लाला ने बताया कि खरीद केंद्र में बोरियों की मात्रा कम होने की वजह से कुछ समस्या उत्पन्न हुई थी अब पीसीएफ से 2000 बोरियों का डिमांड बन गया है जिसे लोडर के माध्यम से गेहूं खरीद केंद्र भेजा जा रहा है। अब किसानों के समस्याएं दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में कांटा, थंब मशीन, लेबर की समस्या होने से कुछ परेशानियां हुई थी अब कोई समस्या नहीं है गेहूं की तौल बराबर जारी है लेकिन वास्तविकता यह है कि जिले का किसान सरकारी खरीद केंद्रों में गेहूं बेचने के लिए लगातार परेशानी का सामना कर रहा है।

## एमपी बॉर्डर पर बनेगा एक करोड़ 88 लाख की लागत से सीमा द्वार




**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुड गवर्नेंस और सीमावर्ती क्षेत्रों के कायाकल्प की नीति अब धरातल पर उतरने जा रही है। जिले में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाले दुरेडी-इटवा-लोहरा व परमपुरवा मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होने जा रहा है। जिससे न केवल जिले की कनेक्टिविटी मजबूत होगी बल्कि सीमावर्ती इलाकों की सूरत भी बदल जाएगी और इस पर एक करोड़ 88 लाख रुपये खर्च होंगे। क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए योगी सरकार ने एक करोड़ 88 लाख रुपये का भारी-भरकम बजट स्वीकृत किया है। इस भव्य प्रवेश द्वार के माध्यम से बांदा जनपद की सीमा पर आने वाले आगंतुकों का स्वागत शाही अंदाज में होगा। जिससे इस क्षेत्र का यातायात तो सुगम होगा ही साथ ही साथ उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन ने इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए 13 जनवरी 2027 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। लोक निर्माण विभाग को तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार की यह योजना इस क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात मानी जा रही है।

## प्रधान संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बांदा।** ग्राम प्रधान संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। संघ ने ग्राम पंचायतों में समय पर चुनाव कराने की मांग की है। संघ ने बताया कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण हो चुके कार्यों के भुगतान लंबित हैं इसके अतिरिक्त, मनरेगा के तहत लगभग दो वित्तीय वर्ष पुराने भुगतान अभी तक लंबित हैं। संघ ने चिंता व्यक्त की कि दिहाड़ी मजदूरों को समय पर मजदूरी न मिलने से उनके और उनके परिवारों के जीवन-यापन में कठिनाई आ रही है, खासकर मौजूदा महंगाई के दौर में मजदूर बेहद परेशान है। मुख्यमंत्री से पुराने और नए मनरेगा सामग्री व श्रम भुगतान को शीघ्र करवाने की मांग की गई है। प्रधान संघ ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने और उन्हें प्रशासक के रूप में नियुक्त करने की मांग की है।

# सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी संपन्न




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गोष्ठी में यक्ष एआई आधारित एप्लीकेशन के उपयोग पर बल देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी, विश्लेषण एवं अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सहायता प्राप्त होगी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष टीमों के गठन के निर्देश दिए गए। जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित विवेचनाओं का अभियान चलाकर शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। निर्देशित किया गया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाये, महिला अपराधों की रोकथाम एवं गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी, शातिर व आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर सतत निगरानी, जुआ अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं गुंडा एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, आर आई शिवकुमार सहित जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# गर्मी के मौसम में जलसेवा की पहल अत्यंत सराहनीयः जिला जज

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कचहरी परिसर में युवा अधिवक्ता संघ के सौजन्य से निशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल,

● **जिला कचहरी में निःशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिराम राजपूत एड. एवं महासचिव संतोष सिंह यादव एड. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के जनसेवा से जुड़े कार्य निरंतर होते रहने चाहिए।

उन्होंने जीवन में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस तरह की पहल अत्यंत सराहनीय है। युवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी एड. ने कहा कि जल सेवा मानवहित का महत्वपूर्ण कार्य है और संघ आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम करता रहेगा।

संचालन संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता विजय कुमार सिंह एड. ने किया, जबकि अंत में महासचिव वेदप्रकाश राय एड. ने आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार रिछारिया, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष, उत्तमचन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्याऊ शुरू होने से अब कचहरी आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

## परिजनों को डीएम ने सौंपा पांच लाख का चेक



**बांदा।** बबेरू कोतवाली में सरार्फा व्यापारी तेज प्रकाश उर्फ पप्पू सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बबेरू विधानसभा की घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया। पीड़ित परिवार माता, पिता, पत्नी, दोनों बेटों को जिलाधिकारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की उपस्थिति में पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद कर पुलिस प्रशासन से उनके परिवार की सुरक्षा का समुचित प्रबंध करने को कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पलास बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, महेश सोनी, स्वर्णकार सरार्फा एसोसिएशन बबेरू के महामंत्री उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का औचक निरीक्षण

फतेहपुर। जिले की कारागार व्यवस्था को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बृहस्पतिवार को जिला कारागार का संयुक्त औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर सुविधाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले कंट्रोल रूम का दौरा किया, जहां सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील पाए गए। इसके बाद पाकशाला एवं रसोईघर पहुंचे, जहां मेन्यू के अनुसार स्वच्छता पूर्ण व पौष्टिक भोजन तैयार होते देखा। रसोईघर में भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुए जिलाधिकारी ने कहा बंदियों को मिलने वाला भोजन पौष्टिक स्वच्छ एवं निर्धारित मात्रा में होना चाहिए। किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद पुरुष एवं महिला बंदीगृह, आंगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सालय तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान एनआईओएस का भी अवलोकन किया गया चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि सभी आवश्यक जांचें, दवाइयां एवं चिकित्सा सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा, ₹बंदियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कोई भी शिकायत सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जेल अधीक्षक को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निरुद्ध बंदियों को आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने अधिकारों से वंचित न रहें। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा, जेल में सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण रूप से पालन हो, ताकि कोई असामान्य घटना न घटे। इस निरीक्षण से जेल प्रशासन में सतर्कता बढ़ गई है तथा बंदियों की कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने पर बल दिया गया। अवसर पर जेलर फतेहपुर सहित जेल प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा लगा रहा युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को मोबाइल फोन के जरिए क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से स्मार्टफोन और नगदी भी बरामद की गई है। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर चैकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अंकित कौशिक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुढ़वार स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम बुढ़वार निवासी आकाश यादव पुत्र स्व. विजय यादव बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक कम्पनी का स्मार्टफोन तथा 150 रुपये नगद बरामद हुए। मोबाइल की जांच में पता चला कि आरोपी 1डॉट247 नामक वेबसाइट के जरिए क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहा था। उसने पुलिस को बताया कि वह अधिक पैसा कमाने के लालच में इस अवैध गतिविधि में शामिल हुआ था और उसे सट्टेबाजी के लिए आईडी व पासवर्ड अन्य व्यक्तियों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामले की जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज आंधी में टीनशेड से कटी पांच वर्षीय बच्ची की गर्दन, मौत



**अयोध्या।** जनपद के गोसाइंगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बैंती कला में विजय प्रताप सिंह के बेटी का विवाह खुशी खुशी संपन्न हुआ लेकिन अगले ही दिन 29 अप्रैल को बेटी की विदाई के बाद जहां परिवार एक तरफ राहत की सांस लेने का प्रयास कर ही रहा था कि शाम आई आंधी नें घर की खुशियों में ग्रहण लगा दिया। तेज आंधी से टीन शेड उड़ने से 5 वर्षीय विजय सिंह की नातिन की गर्दन ही कट गई और लखनऊ में उसका निधन हो गया जिससे घर की खुशियाँ मातम में बदल गई ! वहीं विजय सिंह की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल है जिनको सिर में 32 टाँके लगे हैं। दूसरी तरफ इसी गाँव के एक व्यक्ति की भी टीन शेड उड़ने से गंभीर चोटें आई हैं जिनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीईओ तालबेहट को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध- अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) तालबेहट के ब्लॉक अध्यक्ष राममिलन के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि भारत की जनगणना 2027 में लगे हुए शिक्षकों की ड्यूटी में विसंगतियां व्याप्त हैं। उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर एवं प्रगणक के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उनमें विभिन्न विसंगतियां है। जिसमें 4200 ग्रेड पे पर कार्यरत कनिष्ठ अध्यापक को सुपरवाइजर बना दिया गया वहीं 4600 से 4800 ग्रेड पे पर कार्यरत वरिष्ठ शिक्षकों को प्रगणक के रूप में ड्यूटी लगा दी गई।

जिससे यह वरिष्ठ अध्यापक के साथ न्यायोचित स्थिति नहीं है। प्रदेश के अन्य जनपदों में प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक को सुचारू रूप से विद्यालय संचालन हेतु जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा गया है। संगठन के माध्यम से उन्होंने मांग रखते हुए कहा कि जनपद ललितपुर में भी प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक को भी जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए, जिससे विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से होता रहे और विद्यालय का कोई भी कार्य प्रभावित न हो। ब्लॉक मंत्री संजय बिजरौनिया ने कहा शिक्षकों की ड्यूटी जिस ग्राम में वह पदस्थ हैं उसी ग्राम पंचायत में ही लगाई जाए जिससे जनगणना का कार्य आसानी से सुव्यवस्थित सही आंकड़ों की जानकारी के साथ किया जा सके। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष राममिलन, ब्लॉक मंत्री संजय बिजरौनिया, ब्लॉक कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अपूर्व जैन, भुवनेंद्र कुमार सेन, एआरपी अमित खरे, शैलेंद्र कुमार वर्मा, हरिओम निरंजन, अखिलेश शर्मा मौजूद रहे।

# विधायक ने ली जल जीवन मिशन के तहत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह की पेयजल योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं, की प्रगति एवं रोट

● **14 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण**

रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में पी०डब्लू० डी० के गेस्ट हाऊस में समीक्षा बैठक की गयी। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर से जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) ने विधायक को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाए क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें से वर्तमान में 14 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है एवं योजनाएं ओ एंड एम में संचालित हो रही है, शेष 1 नग बिल्ला मौगान ग्राम समूह पेयजल योजना ज्तपंस - की जा रही है एवं 12 ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य ग्रामों के सापेक्ष 540 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित सभी 23 ग्रामों में जलापूर्ति प्रगति पर है। इन 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कुल 551 जाखलौन बिरथा ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम शिवनी खुर्द एमईएस के अधीन होने के कारण पाइप लाइन बिछाने की अनुमति डमै के अधिकारियों द्वारा नहीं दिये जाने के कारण पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं किया गया है। विधायक द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि ग्राम शिवनी खुर्द में पाइप लाइन विछाने की अनुमति से सम्बन्धित किये गये पत्राचार की प्रतिलिपि उपलब्ध करायें, जिससे विधायक के द्वारा आगरा स्थित एमईएस के उच्च अधिकारियों से इस सम्बन्ध में चर्चा की जायेगी।



विधायक को अवगत कराया गया कि मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रा०लि० हैदराबाद, द्वारा 5 ग्राम समूह पेयजल योजनाए क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 251 ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में सभी योजनाए ओ एंड एम में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 251 के सापेक्ष 240 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है।

ग्राम राम नगर शहरी क्षेत्र के अनार्गत है, परन्तु जल जीवन मिशन योजना के पोर्टल पर प्रदर्शित है जिसको पोर्टल से हटाने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जायेगी एवं ग्राम शिवनी खुर्द एमईएस के अधीन होने के कारण पाइप लाइन बिछाने की अनुमति एमईएस के अधिकारियों द्वारा नहीं दिये जाने के कारण पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं किया गया है। विधायक द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि ग्राम शिवनी खुर्द में पाइप लाइन विछाने की अनुमति से सम्बन्धित किये गये पत्राचार की प्रतिलिपि उपलब्ध करायें, जिससे विधायक के द्वारा आगरा स्थित एमईएस के उच्च अधिकारियों से इस सम्बन्ध में चर्चा की जायेगी। विधायक रामरतन द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि योजनाओं के सभी ग्रामों में गीष्म काल में शतप्रतिशत नियमित जलापूर्ति करना, क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत एवं गृह संयोजनों में जीआई स्टेण्ड पाइप एवं टोंटी लगाना सुनिश्चित करें।

जिस पर विधायक को अवगत कराया गया है कि जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं में धनराशि के अभाव में भुगतान ना होने के कारण सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य धीमी गति से किया जा रहा है जिसके कारण रेट्रोफिटिंग योजनाओं के ग्रामों में जलापूर्ति बाधित हो रही है। इस सम्बन्ध में विधायक जल निगम (ग्रामीण) को पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, नमामिगंगे, अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नर्सिंग छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

अयोध्या। जनपद में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के द्वितीय चरण के अंतर्गत कार्यक्रम नाका स्थित चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपनी सुरक्षा व रक्षा करने के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान कीं।

## संक्षेप

### एचएफसीएल का वार्षिक और तिमाही निष्पादन सबसे अच्छा

नई दिल्ली। एचएफसीएल लिमिटेड (एचएफसीएल) ने मार्जिन में उल्लेखनीय विस्तार के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले वित्त वर्ष 2025-26 में आय में 21 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ वित्तीय निष्पादन किया है। इस कपनी ने वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने, नए उत्पादों को पेश कर और कारोबारी मिक्स में उल्लेखनीय सुधार के साथ क्षमता बढ़ाने की अपनी रणनीति को सफलतापूर्वक लागू कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही निष्पादन भी दर्ज किया है। यह निष्पादन एचएफसीएल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि एक उत्पाद नीत पोर्टफोलियो के सहयोग, निर्यात विस्तार और रक्षा क्षेत्र के एक उच्च वृद्धि वाले वर्टिकल के तौर पर उभरने से यह कंपनी एक संरचनात्मक रूप से मजबूत और वैश्विक उद्यम के रूप में उभरी है। वित्त वर्ष 2025-26 एचएफसीएल के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा जिसमें हमने आय में साल दर साल 21 प्रतिशत से अधिक और पीबीटी में साल दर साल 97 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ निष्पादन हासिल किया है।

### वनप्लस ने पेश किया वनप्लस पैड 4

नयी दिल्ली। वनप्लस ने आज वनप्लस पैड 4 पेश किया है। यह लेटेस्ट फ्लैगशिप टेबलेट असीमित प्रोडक्टिविटी, क्रिएटिविटी और मनोरंजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलाईट जेन 5 प्लेटफॉर्म के साथ 33.53 सेमी (31.2 इंच) का 3.4के डिस्प्ले, 13,380 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी और फ्लैगशिप प्रोडक्टिविटी टूल्स दिए गए हैं, जिनकी मदद से स्लीक और पोर्टेबल वनप्लस पैड 4 बिल्कुल कंप्यूटर जैसी परफॉर्मेंस प्रदान करता है। वनप्लस पैड 4 को प्रोफेशनल्स, क्रिएटर्स और मल्टीटास्कर्स के लिए बनाया गया है। इसमें सबसे बेहतर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुभव दिए गए हैं, जिनमें 11हट्र्ज का रिफ्रेश रेट, आठ स्पीकर का शानदार स्पैशियल ऑडियो सेटअप, 80 वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग और लगातार स्मूथ परफॉर्मेंस के लिए एडवांस्ड कूलिंग शामिल है।

### एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन रंगों की वॉरंटी पेश किया

नयी दिल्ली। एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन रंगों की वॉरंटी पेश किया है, जो पिछले साल शुरू किए गए एशियन पेंट्स की वॉरंटी, भारत का हर दूसरा घर कहता है की सोच को आगे बढ़ाता है। अपनेपन और भावपूर्ण संगीत से सजी यह कैम्पेन दिखाती है कि कैसे एशियन पेंट्स के रंगों से रंगे भारतीय घर रोजमर्रा की ज़िंदगी और यादों का हिस्सा बन जाते हैं। सरल और सहज पलों के जरिए यह दशार्ती है कि जीवन में बदलाव आने पर भी ये रंग नहीं बदलते, मात्र पेंट से कहीं बढ़कर, ये जाने-पहचाने स्थान बन जाते हैं जिन्हें लोग पहचानते हैं। यह इस बात को पुष्ट करती है कि एशियन पेंट्स के लंबे समय तक टिकने वाले रंग न सिर्फ.दीवारों पर रहते हैं, बल्कि लोगों के मन में भी बस जाते हैं और समय के साथ घरों की सच्ची पहचान बन जाते हैं।

### आईडीबीआई बैंक ने की 2025-26 के वित्तीय नतीजों की घोषणा

नयी दिल्ली। आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी। वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बैंक ने रुपये 1,935 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही रुपये 1,943 करोड़ का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दर्ज किया। एनआईएम15बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ4.15% रहा। सी.आर.ए.आर में साल-दर-साल 160 बीपीएस की वृद्धि के साथ 26.65% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) में साल-दर-साल 29 बीपीएस की वृद्धि दर्ज हुई और यह 2.27% रहा। 31 मार्च, 2026 को शुद्ध एनपीए अनुपात 0.15% पर स्थिर रहा। सकल एनपीएअनुपातमें 31 मार्च, 2025 को 2.98% की तुलना में सुधार हुआ और 31 मार्च, 2026 को यह 2.32% दर्ज हुआ। 31 मार्च, 2026 को पीसीआर 99.39% रहा, जो सितंबर 2023 से लगातार 99% से ऊपर बना हुआ है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बैंक ने ?1,943 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।, ऑपरेटिंग प्रॉफिट ?3,043 करोड़ रहा।,शुद्ध ब्याज आय (एन.आई.आई) में साल-दर-साल 17% की वृद्धिहुई और यह ?3,851 करोड़ रही। एन.आई.एम 15बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 4.15% दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स (आर.ओ.ए) 1.75% रहा।

# कच्चे तेल में तेजी से सेंसेक्स गिरा




मुंबई। कच्चे तेल के ऊंचे स्तर, कमजोर वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 583 अंक नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 180 अंक टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,237.5 अंक तक लुढ़क गया था लेकिन दोपहर के सत्र में कुछ संभल गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत गिरकर 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 116.2 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। शुरुआत में घबराहट भरी बिकवाली के बाद बाजार में सुधार देखने को मिला। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.84 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड को सर्वाधिक 2.13 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। पीएसयू बैंक खंड में 1.66 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 1.44 प्रतिशत और जिंस खंड में 1.36 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल में आए तेज उछाल की वजह से आई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। चार साल में पहली बार ब्रेंट क्रूड ने 120 डॉलर प्रति बैरल का भी स्तर छू लिया। इससे महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है और वैश्विक बाजारों पर दबाव पड़ा है। घरेलू स्तर पर वाहन, बैंक, धातु और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट रही, जबकि आईटी और दवा कंपनियों में चुनिंदा खरीदारी देखने को मिली। घरेलू शेयर एवं विदेशी मुद्रा बाजार शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर बंद रहेंगे।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 94.84 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और डॉलर में मजबूती के बीच रुपय में तेजी आई।

हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और इसकी बढ़त पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान टूटकर 95.34 के अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 94.84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रुपया बुधवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 94.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो उस समय का रिकॉर्ड निचला स्तर था। इससे पहले 30 मार्च को भी रुपया कारोबार के दौरान 95.22 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा था। तीन प्रमुख कारणों के संयुक्त प्रभाव से रुपये पर दबाव बना हुआ है। पहला, ब्रेंट क्रूड की कीमत 123 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से भारत के व्यापार और चालू खाता घाटे के बढ़ने की आशंका है। दूसरा, कृत्रिम मेधा से जुड़े निवेश के बढ़ते आकर्षण के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली जारी है। तीसरा, अमेरिका में बढ़ती महंगाई के कारण वहां के 10 वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल 4.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे पूंजी की निकासी को बढ़ावा मिल सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.47 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 116.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 180.10 अंक की गिरावट के साथ 23,997.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,468.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। आयातकों की डॉलर मांग और वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है।

# वायदा बाजार में सोना 1791 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत।,791 रुपये बढ़कर 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़त मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते हुई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के बीच नीतिगत ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया। इसका वैश्विक रूख पर सकारात्मक असर पड़ा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव।,791 रुपये यानी 1.2 प्रतिशत की तेजी के साथ।,50,841 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 9,207 लॉट का कारोबार हुआ। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर, शुक्रवार को सुबह के सत्र में घरेलू जिंस बाजार कारोबार के लिए बंद रहेंगे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाल की गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली और वैश्विक अनिश्चितता के बने रहने से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में जून अनुबंध वाले कॉमेक्स सोना वायदा 72.41 डॉलर यानी 1.59 प्रतिशत बढ़कर 4,633.91 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही सरकार

नयी दिल्ली। सरकार रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकने और पात्र उपभोक्ताओं तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन रखने वाले घरों को चिह्नित कर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 14 मार्च को जारी अधिसूचना में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण आदेश, 2000 में संशोधन करते हुए पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखना या या उसे भराने को प्रतिबंधित कर दिया था। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोहरा गैस कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं का आकलन किया जा रहा है। अब तक 43,000 से अधिक ऐसे उपभोक्ता अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर चुके हैं।

हालांकि यह संख्या अपेक्षा से कम है। हमें यह आंकड़ा अधिक होने की उम्मीद है। संशोधित आदेश के अनुसार, पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ताओं को अपना घरेलू एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा। इसके अलावा पीएनजी कनेक्शन धारकों को नया एलपीजी कनेक्शन लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी तेल कंपनियों और उनके वितरकों को ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन देने या सिलेंडर भरने से मना किया गया है। यह कदम उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिनके पास पाइपयुक्त रसोई गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष से ऊर्जा आपूर्ति पर बने वैश्विक दबाव के बीच भारत के लिए अपने गैस आवंटन को नए सिरे से समायोजित करना पड़ रहा है।

# चांदी के वायदा भाव में 7100 रुपये की उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 7,100 रुपये बढ़कर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच चांदी के वायदा भाव में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मई महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 7,100 रुपये यानी 3.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,40,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 509 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार, चांदी के जून डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 5,488 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,43,742 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 7,635 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरलरिजर्व द्वारा लगातार तीसरी बैठक में दरों में कोई बदलाव न करने के बाद वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई, जिससे घरेलू धातु की कीमतों को भी समर्थन मिला। विदेशी बाजार, न्यूयॉर्क में जून के लिए कॉमेक्स चांदी वायदा 1.79 डॉलर यानी 2.49 प्रतिशत बढ़कर 73.88 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# एफडीआई नियमों में ढील पर अधिसूचना जल्द




नयी दिल्ली। सरकार चीनी कंपनियों में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में ढील से जुड़े फैसले को जल्द अधिसूचित करेगी।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अधिसूचना विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी की जाएगी, जिसके बाद संशोधित प्रावधान लागू हो जाएंगे। मार्च में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2020 में जारी प्रेस नोट-3 को संशोधित करने की मंजूरी दी थी। इस संशोधन के तहत 10 प्रतिशत तक चीनी हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियां को विभिन्न क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश की अनुमति होगी। हालांकि यह राहत उन संस्थाओं पर लागू नहीं होगी जो चीनाहांगकांग या भारत से भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत हैं। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों, पॉलिसिलिकॉन और इंगट-वाफर जैसे विनिर्माण क्षेत्रों में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों का निपटान 60 दिनों के भीतर किया जाएगा। सरकार के मुताबिक, मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा जिन अन्य क्षेत्रों या गतिविधियों को जोड़ा जाएगा, वे भी इस दायरे में आएंगे। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने इन बदलावों को अधिसूचित कर दिया है, लेकिन आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने अभी तक फेमा कानून के तहत अधिसूचना जारी नहीं की है। उन्होंने बताया कि विभाग उन उप-क्षेत्रों की पहचान कर रहा है जिनके प्रस्ताव 60 दिनों में निपटाए जाएंगे। इस बीच कुल एफडीआई वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान बढ़कर 88.29 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में इसी समय 80.61 अरब डॉलर था। देश में शुद्ध एफडीआई भी बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया जो 2024-25 में 95.9 करोड़ डॉलर था। डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 90 अरब डॉलर के पार पहुंच जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक उपाय, मुक्त व्यापार समझौते और तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि देश को अच्छा निवेश आकर्षित करने में मदद कर रही है। 2025-26 के दौरान 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 परियोजनाओं को जमीन पर उतारने में सहायता की जिससे 31,000 से अधिक संभावित रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

# समाधान योजनाओं को एनसीएलटी की मंजूरी में देरी पर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में समाधान योजनाओं की मंजूरी में हो रही देरी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा है कि इस समस्या का युद्धस्तर पर समाधान नहीं हुआ तो दिवाला कानून का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को देशभर की एनसीएलटी पीठों में स्टाफ और बुनियादी ढांचे की कमी को भी रेखांकित किया। इसके साथ ही पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत के समक्ष रखा जाए ताकि इसे उचित पीठ को सौंपा जा सके। शीर्ष अदालत में एनसीएलटी की प्रधान पीठ की तरफ से रखी गई रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 383 आवेदन समाधान योजनाओं की मंजूरी के लिए लंबित हैं, जिनमें देरी एक महीने से लेकर 700 दिनों से अधिक तक की है। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत किसी ऋणग्रस्त कंपनी को उबारने के लिए कर्ज समाधान योजना पेश की जाती है। इसमें आमतौर पर कंपनी के पुनर्गठन, कर्ज के पुनर्समायोजन या अधिग्रहण के जरिए उसके कारोबार को फिर से पटरी पर लाने की योजना शामिल होती है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायालय (एनसीएलएटी) के एक आदेश के खिलाफ दायर दो याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल को सुनवाई के दौरान एनसीएलटी से देशभर में लंबित मामलों, उनकी अवधि और देरी के कारणों का विवरण मांगा था। इसके साथ ही भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड को भी मामले में पक्षकार बनाते हुए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

## पेज एक का शेष

### महिला

आभारी है, जिन्होंने विभिन्न वेलफेयर स्कीम्स के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी के उन्नयन, गरिमा, सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले किसी भी प्रगतिशील कदम का समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमेशा विरोध करता रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा में इन दलों का आचरण स्पष्ट रूप से महिला-विरोधी रहा। जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की, तो आजादी के बाद पहली बार महिलाओं के बैंक खाते खोले गए। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने उस समय भी इसका पुरजोर विरोध और दुष्प्रचार किया। उससे पहले महिलाओं को योजनाओं का आधा लाभ भी नहीं मिल पाता था और पेंशन की राशि में आधा पैसा कमीशन में खा लिया जाता था। स्वतंत्र भारत में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में 30 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस खाते खुले, लेकिन विपक्ष ने तब भी इस योजना का मजाक उड़ाया। कोविड काल में डीबीटी के माध्यम से सीधे महिलाओं के बैंक खातों में लाभ पहुंचने लगा, फिर भी आप 15 लाख रुपये का मुद्दा उठाकर महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा था। इसके अंतर्गत हर घर शौचालय का बड़ा अभियान चलाया गया। समाजवादी पार्टी ने इस योजना का लगातार विरोध किया। पूरे देश में 12 करोड़ शौचालय बने। आप लोग तब भी मजाक उड़ाते थे कि शौचालय से क्या होगा? वे मात्र शौचालय नहीं थे, वे नारी गरिमा, स्वच्छता और बीमारियों के उन्मूलन के प्रतीक थे। आपके शासन में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मासूम बच्चों की मौत होती थी। डबल इंजन सरकार आने के बाद इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें लगभग समाप्त हो गईं। पहले महिलाएं खुले में शौच के लिए मजबूर होती थीं और सपा के शोहदे छींटाकसी करते थे। स्वच्छ भारत अभियान ने न केवल महिलाओं की गरिमा की रक्षा की, बल्कि उनके स्वास्थ्य और भावी पीढ़ी के भविष्य को भी सुरक्षित किया। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी को पहली बार आवास और मालिकाना अधिकार का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देश में 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश के 65 लाख परिवार शामिल हैं। सपा सरकार में ढाई वर्ष में एक भी आवास नहीं बना, बल्कि आपने केंद्र के प्रस्ताव का विरोध किया। डबल इंजन सरकार आने के बाद पिछले 9 वर्षों में 65 लाख आवास बनाए गए, जिनमें अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं। पूरे देश में तीन करोड़ परिवारों को यह अधिकार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना पर आप लोग सवाल उठाते रहे, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासन में एलपीजी सिलेंडर मिलते नहीं थे, डंडे जरूर पड़ जाते थे। डिफेंस, हेल्थ, एजुकेशन, हर सेक्टर में नारी अपना लोहा मना रही है। लेकिन इस नेतृत्व के साथ उन्हें राजनीतिक ताकत और नीति-निर्धारण में भागीदारी भी चाहिए। इसमें सबसे बड़ी बाधा आप लोग बने हुए हैं।

### विधानमंडल के

विधायक नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष की अनुपस्थिति में आसन के समीप पहुंच गए और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दो जैसे नारे लगाने लगे। कई तख्तियों पर संबंधित विधायकों के नाम भी अंकित थे। सपा विधायक अतुल प्रधान एक ऐसी तख्ती लेकर आए थे, जिसमें प्रधानमंत्री को चारों ओर से घिरा हुआ दर्शाया गया था।

भाजपा की महिला विधायकों ने भी इसके जवाब में तख्तियां लेकर विरोध जताया। भाजपा महिला विधायकों की तख्तियों पर इंडी गठबंधन शर्म करो, साड्डा हक एथे रख और हारी थीं, न हारेंगी जैसे नारे लिखे थे। सपा की महिला सदस्यों को आसन के समीप देखकर भाजपा की महिला सदस्य भी अपनी सीट से उठकर आगे आ गईं, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नारेबाजी हुई। इसी दौरान नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सदन में पहुंचने के बाद स्थिति कुछ हद तक सामान्य हुई तथा सदस्य अपनी-अपनी सीट पर लौट गए। इससे पहले सपा विधायकों ने विधान भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। पार्टी ने अपने विधायकों को समूहों में विभाजित कर अलग-अलग द्वारों पर प्रदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी थी। द्वार संख्या-एक पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। बाद में सपा सदस्य विधान भवन के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर भी उतर आए और 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करो लिखे बैनरों के साथ विरोध जताया। सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को अपने अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इस कानून को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों के पक्ष में रही है। सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को अब तक लागू नहीं किया गया और इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने 2027 में विधानसभा चुनाव इसी प्रावधान के अनुरूप कराने की मांग की। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने भी कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण की पक्षधर है और भाजपा इस मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रही है। सपा के अन्य विधायकों ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाए। वहीं, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण को 2029 तक टालना उचित नहीं है और इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। इस बीच, भाजपा की महिला विधायकों ने भी विधान भवन परिसर में प्रदर्शन किया। सपा के प्रदर्शन के बाद भाजपा की महिला सदस्य चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुईं और मातृशक्ति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों वाले बैनर लेकर विरोध जताया। बाद में वे इन्हीं बैनरों के साथ सदन के भीतर भी पहुंचीं। प्रदर्शन में शामिल महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सपा और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण का विरोध किया है तथा उन्हें इसका राजनीतिक परिणाम भुगतना पड़ेगा। भाजपा विधायक केतकी सिंह ने इसे प्रदेश की महिलाओं के आक्रोश का प्रतीक बताया। राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह विधेयक लाया, लेकिन विपक्षी दलों ने इसमें बाधा उत्पन्न की। विधानसभा के इस एकदिवसीय विशेष सत्र में राज्य सरकार महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने जा रही है। सरकार का उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष को महिला विरोधी के रूप में प्रस्तुत करना है जबकि विपक्ष इस कदम का कड़ा विरोध कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि महिला आरक्षण का मुद्दा अब केवल विधायी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रह गया बल्कि यह प्रदेश की राजनीति में प्रमुख चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं।

### कच्चे तेल

प्रति क्विंटल कर दी है। साथ ही आबकारी नीति में 6 प्रतिशत वैट संशोधन को भी मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य की आय में वृद्धि की उम्मीद है। वन विभाग में भी सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। वन दरोगा पद के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अब इंटरमीडिएट के स्थान पर स्नातक कर दी गई है। इसके अलावा सीमांत क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लागू की जाएगी, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी।

शिक्षा क्षेत्र में लिए गए फैसलों के तहत कक्षा 1 से 8 तक के मदरसों को जिला स्तर पर संबद्धता दी जाएगी, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त विशेष शिक्षा शिक्षकों की भर्ती के लिए नई पात्रता तय की गई है, संस्कृत शिक्षा सेवा नियमावली 2026 लागू की जाएगी और उच्च शिक्षा में शोध को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिक विभाग में एकल संवर्ग के तहत प्रतीक्षा सूची के उपयोग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी। लोक निर्माण विभाग में दिव्यांगजनों से जुड़े मामलों में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा डी श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निविदा सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दी गई है, जिससे छोटे और स्थानीय ठेकेदारों को अधिक अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत-इटली

पर भी चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और क्रोसेटो ने दोहराया कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है।

### रक्षा कंपनियों

डेटा भारतीय नियंत्रण में रहें। मिसाइलों से लेकर वायु रक्षा प्रणाली तक, भारत के कई स्वदेशी मंच और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का उपयोग मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था, जो पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाने की तैयारियों के बीच ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकियों, साइबर खुफिया जानकारी, घुसपैठ-रोधी क्षमताओं के क्षेत्र में काम करने वाली कई रक्षा कंपनियों ने रक्षा क्षेत्र में निर्मित हो रहे आत्मनिर्भरता के पारिस्थितिकी तंत्र और इस दृष्टिकोण को मजबूत करने में निजी संस्थाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली भूमिका को रेखांकित किया है। रक्षा फर्म सीएसटी साइबर एंड डिफेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लक्ष्य तलवार ने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प और हमारी तेजी से आगे बढ़ रही प्रौद्योगिकी बढ़त की एक सशक्त पुष्टि के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह रेखांकित हुआ कि जब सरकार, सुरक्षाबल और उद्योग साझा उद्देश्य के साथ काम करते हैं तो भारतीय साइबर खुफिया, घुसपैठ-रोधी क्षमताएं और सटीक ड्रोन-रोधी प्रतिक्रियाएं निर्णायक प्रभाव डाल सकती हैं। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ से पहले जारी एक बयान में रक्षा फर्म के शीर्ष अधिकारी के हवाले से कहा गया, महज एक वर्ष में, भारत ने न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी विकास को आत्मसात करने की असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा और रक्षा नवाचार में उनसे आगे निकलने की क्षमता भी दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्मित किया जा रहा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत है तथा यह और भी मजबूत होता जा रहा है। अब निजी उद्योग, संस्थानों और सशस्त्र बलों की जिम्मेदारी है कि वे एकजुट होकर आगे बढ़ें तथा मजबूत संचार, उन्नत हथियार और वायु रक्षा प्रणालियाँ, एवं एआई-सक्षम रोबोटिक्स प्रदान करें जो किसी भी प्रतिद्वंद्वी को रोक सकें।

### जन-धन

और दूर-दराज क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिली है। इन केंद्रों के माध्यम से लोग अपने इलाके में ही जमा, निकासी, पैसे भेजना और अन्य बैंकिंग सेवाएं ले पा रहे हैं, जिससे बैंक शाखाओं पर निर्भरता कम हुई है। बिजनेस कोरेस्पोंडेंट केंद्र अब बैंक शाखाओं के प्रभावी विस्तार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# रेल सेवा से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

## वैष्णव ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखायी हरी झंडी, उरी में रेल सेवा का वादा किया

जम्मू। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली सीधी ट्रेन जम्मू से कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद पूंछ, राजौरी और उरी जैसे दूरदराज इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ने पर ध्यान देने का वादा किया।



महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना पूरी होने के बाद, वैष्णव ने कहा कि पूंछ-राजौरी क्षेत्र को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने और बारामूला जिले के सीमावर्ती कस्बे उरी तक रेल लाइन के विस्तार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। श्रीनगर और जम्मू के बीच सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से दोनों राजधानियों के बीच यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और हर मौसम में सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 जून 2025 को कटरा और श्रीनगर के बीच पहली सीधी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया था, जिसे अब जम्मू तवी रेलवे स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। लगभग 43,780 करोड़ रुपये की इस रेल परियोजना पर काम 1990 के दशक के अंत में शुरू हुआ था, जबकि कश्मीर घाटी में पहली ट्रेन अक्टूबर 2008 में चली थी। समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वैष्णव ने कहा कि सरकार पूंछ-राजौरी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने के साथ-साथ उरी तक रेल लाइन बिछाने पर भी काम करेगी। उन्होंने कहा कि हम अब पूंछ और राजौरी को रेल के माध्यम से जोड़ने पर ध्यान देंगे। उरी को भी ट्रेन से जोड़ने की परियोजना शुरू की जाएगी। डीपीआर तैयार हैं और हम जल्द काम शुरू करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए जीवनरेखा बन गई है। वैष्णव ने कहा कि यह ट्रेन सेवा जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पिछले साल प्रधानमंत्री ने कटरा और कश्मीर के बीच इस सेवा का उद्घाटन किया था। यह ट्रेन 100 प्रतिशत क्षमता के साथ चल रही है और बहुत लोकप्रिय है। उन्होंने बताया कि ट्रेन की यात्री क्षमता बढ़ाने की काफी मांग थी। पहले आठ डिब्बों वाली ट्रेन 100 प्रतिशत क्षमता से चल रही थी, इसलिए डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गई है।

# असम में सत्ता बरकरार रखेगी भाजपा पश्चिम बंगाल में बदलाव तय : प्रधान



बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम में सत्ता बरकरार रखेगी जबकि पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने जा रही है। उन्होंने इसका कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के प्रति जनता के भरोसे को बताया। प्रधान ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में लौटने की संभावना है, वहीं केरल और तमिलनाडु में भाजपा नीत गठबंधन के मजबूत प्रदर्शन को लेकर भी वह आश्वस्त हैं। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और असम-इन पांचों प्रदेशों में विधानसभा चुनावों की मतगणना चार मई को होगी।

असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में मतदान हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान कराया गया। प्रधान ने कहा, एग्जिट पोल से परे, इन पांचों प्रदेशों (चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश) में चुनाव प्रचार में जुटे हम सभी लोग आश्वस्त हैं कि भाजपा असम में सत्ता बरकरार रखेगी और लंबे समय बाद पश्चिम बंगाल में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ कुप्रशासन, तुष्टीकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार के कारण, भारी सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की नीतियों और पार्टी की प्रदेश इकाई के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वहां सरकार में बदलाव होगा। प्रधान ने कहा कि इस बात की पूरी संभावना है कि पुडुचेरी में ऑलइंडिया एन आर कांग्रेस-भाजपा गठबंधन के नेतृत्व वाला राजग फिर से सत्ता में आएगा। केरल और तमिलनाडु में भी हमें पूरा भरोसा है कि हमारा गठबंधन मजबूत प्रदर्शन करेगा। कई एग्जिट पोल में असम में भाजपा की प्रचंड जीत और पश्चिम बंगाल में उसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर बढ़त मिलती दिखायी गई है, जबकि तमिलनाडु में द्रमुक के सत्ता में बने रहने तथा केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ की 10 साल बाद वापसी का अनुमान जताया गया है।

## संक्षेप

### गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र पहुंच की अनुमति दे इजराइल

वाशिंगटन। एसोसिएटेड प्रेस सहित दुनिया भर की प्रमुख मीडिया कंपनियों के संपादकों ने इजराइल की सरकार से गाजा में विदेशी पत्रकारों को स्वतंत्र आवाजाही की अनुमति देने और वहां पर रिपोर्टिंग करने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का आह्वान किया है। इजराइल द्वारा गाजा में विदेशी पत्रकारों पर प्रतिबंध 2023 में युद्ध की शुरुआत से ही लागू है और छह महीने से अधिक समय से युद्धविराम लागू होने के बावजूद भी जारी है। विभिन्न मीडिया संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, मौके पर मौजूद रहना आवश्यक है। इससे पत्रकारों को सभी पक्षों के आधिकारिक बयानों पर सवाल उठाने, नागरिकों से सीधे बात करने और अपनी आंखों देखी जानकारी को रिपोर्ट करने का मौका मिलता है। इसीलिए समाचार एजेंसियां अपने पत्रकारों को अक्सर बहुत बड़े व्यक्तिगत जोखिम उठाकर क्षेत्र में भेजती हैं। बीबीसी, सीएनएन और एमएस नाउ, रॉयटर्स, जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए, द वाशिंगटन पोस्ट सहित करीब दो दर्जन से अधिक संगठनों के शीर्ष संपादकों ने कहा कि इजराइली सरकार ने अब तक स्थिति पर चर्चा करने के उनके प्रयासों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# एचपीवी टीकाकरण सहित कैंसर के बचाव की जानकारी साझा की

दिल्ली। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ब्रुसेल्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट- इंडिया , दिल्ली जर्नलिस्ट एसोसिएशन एवं एनयूजेआई महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिला पत्रकारों के स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा कैंसर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम कैप्स सीएपीएस में संस्थान के प्रीवेंटिव ऑनकोलॉजी विभाग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ आकांक्षा सिन्हा ने महिला एवं पुरूषों में पाए जाने वाले चार प्रमुख कैंसर और उनसे बचाव व एचपीवी (ह्यूमन पैपीलोमा वैक्सीनेशन) पर अहम जानकारी साक्षा की। एनयूजेआई के सात जंतर मंतर कार्यालय पर आयोजित व्याख्यान में बड़ी संख्या में महिला पत्रकारों ने हिस्सा लिया। महिलाओं में स्तन व सरवाइकल कैंसर तथा पुरूषों में फेफडें का कैंसर और ओरल कैंसर सबसे अधिक पाया जाता है। हाल में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं में पाए जाने वाले सरवाइकल कैंसर के लिए कारक ह्यूमन पैपीलोमा वायरस के खिलाफ एचपीवी की शुरूआत की है।

# हिमालयी क्षेत्र में जलवायु-अनुकूल सड़क ढांचा विकसित करना बड़ी चुनौती: गडकरी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भौगोलिक रूप से संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में जलवायु अनुकूल सड़क बुनियादी ढांचा विकसित करना जटिल भौगोलिक परिस्थितियों, ढलानों की अस्थिरता और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

गडकरी ने पहाड़ी क्षेत्रों में मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाकर इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन की समस्या से निपटने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता किया गया है। वहीं, सुरंग और सड़क परियोजनाओं के लिए भू-वैज्ञानिक जांच और आंकड़ों के आदान-प्रदान हेतु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के साथ भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान (एनआईआरएम) के साथ मिलकर परियोजनाओं की तकनीकी जांच, डिजाइन की पुष्टि, सुरंगों की सुरक्षा जांच और निगरानी जैसे काम किए जा रहे हैं। गडकरी ने बताया कि अब पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण शुरू करने से पहले ढलानों को मजबूत करना जरूरी किया गया है, ताकि सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊरह सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को पहाड़ी ढलानों की अस्थिरता पर दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए सहयोग दिया जा रहा है, जिसमें वास्तविक समय पर निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। इसके अलावा, उत्तराखंड में चारधाम मार्ग के करीब 100 किलोमीटर हिस्से में भूस्खलन की निगरानी और समय रहते चेतावनी देने के लिए आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली लगाने का भी समझौता किया गया है। मंत्री ने कहा कि अब सड़क परियोजनाओं की योजना बनाते समय लिडार (लाइट डिटेक्शन एंड रेजिंग) और यूएवी जैसी तकनीक का उपयोग कर विस्तृत सर्वे किया जा रहा है, ताकि भूस्खलन की संभावनाओं और पुराने आंकड़ों को ध्यान में रखकर बेहतर और सुरक्षित सड़कें बनाई जा सकें।

# लद्दाख में बुद्ध के अवशेष दर्शनार्थ रखे जायेंगे, शाह कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे

लेह। लद्दाख में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध के अवशेषों को लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को लद्दाख पहुंचे।

अधिकारियों ने बताया कि भारत में बुद्ध के अवशेषों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लद्दाख पहुंचे शाह का कुशोक बकुला रिंपोची हवाई अड्डे पर राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने स्वागत किया। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों के मुताबिक, दो दिवसीय लद्दाख दौरे के दौरान शाह शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री करगिल में 10 टीएलपीडी (हजार लीटर प्रति दिन) क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की आधारशिला भी रखेंगे और डेयरी क्षेत्र से संबंधित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शाह ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारत में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शन के लिए रखा जाएगा और इस कार्यक्रम में शामिल होना मेरी लिए बेहद सौभाग्य का पल है। उन्होंने लिखा था, कार्यक्रम में दुनिया के विभिन्न हिस्सों के श्रद्धालु भगवान बुद्ध के अवशेषों के दर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा में मिले गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष बुधवार को हवाई मार्ग से दिल्ली से लेह लाए गए थे।

# कोलकाता में तृणमूल नेताओं ने ईवीएम स्ट्रांगरूम के बाहर प्रदर्शन किया



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदान एजेंट से ईवीएम स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी की अपील किये जाने के बाद पार्टी उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा ने बृहस्पतिवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में अनियमित गतिविधियों का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया। यह प्रदर्शन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद हुआ। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खुदीराम अनुशीलन केंद्र में रखी गई है।

तृणमूल सूत्रों ने बताया कि ममता भी स्थिति का जायजा लेने के लिए रवाना हो गई हैं। तृणमूल नेताओं ने प्रक्रियागत खामियों का आरोप लगाते हुए दावा किया कि स्ट्रांगरूम के बाहर तैनात पार्टी कार्यकर्ताओं को दोपहर में वहां से चले जाने के लिए कहा गया और बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फिर से खोला जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक अपराह्न 3:30 बजे तक स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद थे। अचानक एक ईमेल आया, जिसमें बताया गया कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फिर से खोला जाएगा। हमने अपने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया और उन्होंने कहा कि वे जा चुके हैं। इसके बाद हम तुरंत वहां पहुंचे। अब हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा है। बेलेघाटा से तृणमूल उम्मीदवार घोष ने प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लाइव स्ट्रीमिंग में स्ट्रांगरूम के अंदर की गतिविधियां दिखाई दे रही थीं। मतपत्र अंदर ले जाए जा रहे हैं। फिर भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कह रहे हैं कि कुछ नहीं हो रहा है। अगर डाक मतपत्रों की गिनती हो रही है, तो वे आए कहां से? अगर ईमेल भेजा गया था, तो हमें सूचित क्यों नहीं किया गया? स्ट्रांगरूम बेहद संवेदनशील है। अगर इसे खोला जाता है, तो सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाना चाहिए। किसी को सूचित क्यों नहीं किया गया?

## इंटरटेनमेंट...

# मई में रिलीज होंगी 10 बड़ी फिल्में

**मुंबई**। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के 4 जून को रिलीज न होने की वजह से डेविड धवन ने अपनी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट में बदलाव किया है। अब यह फिल्म 22 मई के बजाय अपनी पुरानी तारीख 5 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक

**यश की 'टॉक्सिक' पोस्टपोन: अब वरुण धवन की फिल्म की रिलीज डेट भी बदली**

रोमांटिक कॉमेडी है। वहीं, मई 2026 में सिनेमाघरों में 10 बड़ी फिल्में दस्तक देने वाली हैं। इनमें रितेश देशमुख की 'राजा शिवाजी' से लेकर जुनैद खान की 'एक दिन' जैसी फिल्में शामिल हैं। 1 मई को मराठा योद्धा और एक अनोखी प्रेम कहानी मई की शुरूआत धमाकेदार होने वाली है। 1 मई को रितेश देशमुख की 'राजा शिवाजी' रिलीज होगी। रितेश इस फिल्म से बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार भी निभा रहे हैं। इसी दिन आमिर खान के बेटे जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' भी आएगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा है जिसमें साई पल्लवी बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। कहानी एक ऐसी लड़की की है जिसे एमनेसिया (भूलने की बीमारी) है और वह




एक दिन के लिए सब कुछ भूल जाती है। कॉमेडी और पॉलिटिकल ड्रामा फिल्में 8 मई को दो अलग तरह की फिल्में रिलीज होंगी। नीतू कपूर और कपिल शर्मा की 'दादी की शादी' एक फैमिली कॉमेडी फिल्म है।

# 'डॉन 3' में गाली-गलौज व हिंसा चाहते थे रणवीर



**मुंबई**। रणवीर सिंह और डायरेक्टर फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' को लेकर एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रणवीर इस फिल्म में हिंसा और गाली गलौज चाहते थे।

फरहान के इस बात पर राजी ना होने से दोनों के बीच विवाद हुआ। करीब 3 साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब अधर में लटक गया है क्योंकि रणवीर सिंह ने कथित तौर पर इस फिल्म को छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक रणवीर के फिल्म छोड़ने की वजह से फरहान अख्तर को करीब 40 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। गाली-गलौज और हिंसा पर फंसा पेंच 'फ्री प्रेस जर्नल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह चाहते थे कि 'डॉन' का किरदार आज के दौर के हिसाब से ज्यादा हिंसक और डार्क हो। रणवीर का मानना था कि दर्शकों को पर्दे पर खून-खराबा और 'कड़ी भाषा' (गाली-गलौज) पसंद आ रही है। वे चाहते थे कि डॉन के डायलॉग्स में गालियों का इस्तेमाल हो, लेकिन फरहान अख्तर इसके सख्त खिलाफ थे।

**फरहान अख्तर ने डॉन गाली नहीं देता विवाद होने पर रणवीर सिंह ने फिल्म छोड़ी**

# परेश रावल के विचारों से प्रेरित फिल्म 'मर्सी'

मुंबई। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मर्सी 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में आई है और अपने संवेदनशील विषय के चलते चर्चा में बनी हुई है। मितुल पटेल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राज वासुदेवा,

**सिनेमाघरों में रिलीज हुई, यूथेनेशिया के जटिल सवालों को उठाकर दर्शकों के बीच बहस छेड़ती है**

निहारिका रायजादा, कुणाल भान और अपर्णा घोषाल अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। डायरेक्टर और कास्ट ने अपनी जर्नी, किरदारों और फिल्म के इमोशनल पहलुओं पर खुलकर बात की है। मितुल पटेल ने बताया कि इस




कहानी की प्रेरणा उन्हें परेश रावल के एक इंटरव्यू से मिली, जिसमें जीवन और मृत्यु से जुड़े एक कठिन फैसले का जिक्र था।

# 'बुलेट बाबा' पर फिल्म, अंधविश्वास या आस्था की कहानी

**मुंबई**। हिंदी फिल्म 'डुग डुग' का ट्रेलर राजस्थान में चर्चा में बना हुआ है। ट्रेलर में दिखाई गई बाइक (लूना), आस्था और चमत्कार वाली कहानी सीधे ओम बन्ना धाम (बुलेट बाबा) से मेल खाती नजर आ रही है। राजस्थान की लोक आस्था के बड़े प्रतीक पर बनी इस फिल्म को लेकर लोगों में कई सवाल हैं। कोई इसे

**डायरेक्टर सोच कैसे हकीकत बनती है, क्यों नहीं ली ओम बन्ना के परिवार से परमिशन?**

अंधविश्वास पर तंज कह रहा है तो कोई हास्य व्यंग्य की कहानी मान रहा है। ट्रेलर से हमें अच्छा ही रिस्पॉन्स मिला है। हालांकि लोगों के मन में थोड़े सवाल भी हैं कि क्या आप सही चीज तो दिखा रहे हो न अब ये तो आप जब



फिल्म देखोगे तो अपने आप समझ में आ जाएगा कि सब कुछ सही है। इसमें हमने ऐसा कुछ दिखाया नहीं है जो सही नहीं हो।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि लूना पर सवार एक व्यक्ति का हाईवे पर एक्सीडेंट हो जाता है। लोगों को ट्रेलर देखकर लग रहा है कि ये अंधविश्वास पर है या धर्म पर सवाल कर रही है। पर यह फिल्म पूरी तरह से इस बात पर आधारित है कि आपके विचार ही आपकी वास्तविकता को आकार देते हैं। ये ठीक उसी तरह है कि जब आप किसी चीज में बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं तो वो मैनिफेस्ट हो जाती है। ऐसे में इस बिलीफ और मैनिफेस्टेशन का जरिया कुछ भी हो सकता है- ये एक बाइक भी हो सकती है, एक मूर्ति भी हो सकती है और बिना किसी माध्यम के भी हो सकता है। आपकी सोच ही आपका यूनिवर्स बनाती है, हम इस फिल्म में यही एक्सप्लेन करना चाहते हैं। ये मिक्स है। हमने डायरेक्ट उन पर नहीं रखा है।




Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K